CMYK

तापमान अधिकतम :22°C न्यूनतम: 12°C

सेंसेक्स 75,735.96
22,913.15

सोना 89,140
चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 201 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2081 22 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रम्प ने जेलेंस्की को मामूली कॉमेडियन व तानाशाह कहा

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### मोहम्मद शमी ने सबसे तेजी से 200 विकेट लेकर रचा इतिहास

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आठ लाख आठ हजार करोड़ रुपये से होगा यूपी का विकास

## यूपी विधानसभा में 2025-26 के लिए बजट पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तावों को सदन के पटल पर रखते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट का आकार 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपये है, जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है।

बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। पूंजीगत परिव्यय के अन्तर्गत अवसंरचना निर्माण, विस्तार और निवेश संबंधी व्यय आते हैं। उद्योग, आवागमन, उत्पादों की बाजार तक पहुंच तथा प्रदेश में पूंजी निवेश को आकर्षित करने जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों में पूंजीगत व्यय की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में छह प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए चार प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाए जाने का लक्ष्य रखा है। इसको ध्यान में रखते हुए सरकार ने कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं, अवस्थापना, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यटन, नगर विकास, वित्तीय सेवायें, ऊर्जा, पूंजी निवेश आदि चिन्हित करते हुए सेक्टरवार कार्ययोजना तैयार की है। सम्बन्धित विभागों द्वारा सेक्टरवार कार्य योजना पर कार्य चल रहा है, जिसकी समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है।



### महिला एवं बाल विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना

### मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान किए जाने की योजना

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य

### चार नए एक्सप्रेसवे, दो फ्री सिलेंडर देने का भी किया गया ऐलान

### गरीब, किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित बजटः सीएम

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट सनातन संस्कृति की सर्वे भवन्तु सुखिन की अवधारणा के अनुरूप गरीब, अन्नदाता किसान, युवा और महिला उत्थान को समर्पित है, जिसमें वंचित को वरीयता का केंद्रीय भाव है। विधानभवन में बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में लगभग छह करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाया गया है। अब जीरो पॉवर्टी के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ कार्य हो रहा है।

# धामी सरकार ने पेश किया 1,01,175.33 करोड़ का बजट

### बजट में कोई राजस्व घाटा नहीं, वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने सदन में रखा बजट

### पिछले वित्तीय वर्ष के बजट 89 230.07 लाख करोड़ से लगभग 13 प्रतिशत अधिक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने धामी सरकार का वित्तीय वर्ष 2025-26 का 1,01,175.33 करोड़ (एक लाख एक हजार 175 करोड़) का बजट पेश किया।

वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने कहा कि सात बिंदुओं पर केंद्रित उत्तराखंड का बजट है। दोपहर लगभग 12:30 बजे बजट की अटैची लेकर वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सदन में पहुंचे। साथ में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे ।वित्त मंत्री ने उत्तराखंड राज्य निर्माण में योगदान देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वित्त मंत्री डा. अग्रवाल ने बजट भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के लिए प्रेरणा दी है। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रत्येक बजट में सुधार और विकास की राह दिखाई है। भविष्य का रोडमैप पेश किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस साल राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष के रूप में आगे बढ़ रहा है। बजट पेश करने से पहले वित्त मंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों की उपलब्धियों को बताया। वर्ष 2025-26 के लिए बजट में लगभग 7 फीसदी वृद्धि करते हुए 14763.13 करोड़ का पूंजीगत परिव्यय का प्रावधान किया गया है। बजट में कोई भी राजस्व घाटा अनुमानित नहीं है। बजट में 59954.65 करोड़ राजस्व व्यय है। इसमें 41220.68 करोड़ पूंजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं। 12604492 का राजकोषीय घाटा होने का अनुमान है, जो जीडीपी का 2.94 प्रतिशत है। यह एफआरबीएम एक्ट की सीमा के भीतर है। बजट में कोई राजस्व घाटा नहीं है। 89 करोड़ का सरप्लस बजट है। 59,954.65 करोड़ का राजस्व व्यय है।



प्रदेश सरलीकरण समाधान व निस्तारीकरण के मार्ग पर अग्रसारित है। बजट हमारे प्रदेश की आर्थिक दशा और नीतियों का प्रमाण है। उत्तराखंड अनेक कार्यों का साक्षी रहा है। हम आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने के लिए प्रयत्नशील हैं और इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह बजट नमो यानी नवाचार, आत्मनिर्भर उत्तराखंड, महान विरासत व ओजस्वी मानव संसाधन की थीम पर आधारित है।
**- डा. प्रेमचंद अग्रवाल, वित्त मंत्री, उत्तराखंड**

यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के अनुरूप बजट है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा केदार के धाम से कहा था कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, इसी को ध्येय लेकर बजट में इस संकल्प की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं, जो आने वाले समय में राज्य के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट आदर्श उत्तराखंड बनाने तथा उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के संकल्प को पूरा करेगा। **- पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड**

## जेंडर बजट में 2423 करोड़ की बढ़ोतरी

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार ने अपने कुल बजट में बढ़ोतरी के अंतर्गत जेंडर बजट में भी बढ़ोतरी की है। जिसको महिला विकास की समानता की नजर से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। क्योंकि जेंडर बजट समानता के उद्देश्य की पूर्ति के लिए बजटीय नीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जेंडर बजट में 16961.32 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जेंडर बजट में 14538.05 करोड़ का प्रावधान किया -**शेष पृष्ठ दो पर**

### लोकपाल के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल के उस आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले की जांच उसके (लोकपाल) अधिकार क्षेत्र में आती है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, सूर्यकांत और अभय एस. ओका की पीठ ने रोक लगाते लोकपाल के इस आदेश को 'बहुत ही परेशान करने वाला' बताया और कहा कि वह इस संबंध में कानून बनाएगी, क्योंकि सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के तहत ही होती है। पीठ ने शिकायतकर्ता को शिकायत की विषय-वस्तु या न्यायाधीश का नाम उजागर न करने का भी आदेश दिया।

### इलाहाबादिया मामले के बाद एक्शन में केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना के अश्लील टिप्पणियों का मामला जैसे ही तूल पकड़ा, केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई। केंद्र ने अब सोशल मीडिया पर फैली अश्लीलता और अश्लील चुटकुलों को लेकर उठे विवाद के बीच सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। सख्ती दिखाते हुए केंद्र ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को कानून द्वारा बैन सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ चेतावनी दी है। ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म और स्व-नियामक निकायों को जारी की गई सलाह में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने उन्हें सामग्री प्रकाशित करते समय आईटी नियम-2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का सख्ती से पालन करने को कहा है।

### 1220 करोड़ में 149 सॉफ्टवेयर रेडियो सेट खरीदे जाएंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए 1220.12 करोड़ रुपये की लागत से 149 सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो की खरीद के वास्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) बेंगलुरु के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह खरीद (भारतीय- आईडीडीएम) श्रेणी के अंतर्गत की जाएगी। ये अत्याधुनिक रेडियो उच्च गति के डेटा और सुरक्षित आवाज संचार के माध्यम से सुरक्षित और विश्वसनीय सूचना साझा करने, सहयोग और स्थितिजन्य जागरूकता बढ़ाने में सक्षम होंगे।

### भारत-बांग्लादेश के सीमा बल गश्त बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के सीमा प्रहरियों ने भारतीयों बलों पर बांग्लादेशी आपराधिक तत्वों के हमलों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात से सुबह तक समन्वित गश्त बढ़ाने, सतर्कता बढ़ाने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। बीएसएफ और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 55वें महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन में गुरुवार को यह सहमति बनी।

## सरकार ईमानदारी से काम करे, तो करोड़ों रोजगार मिलेंगे

रायबरेली, वार्ता

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यहां राहुल कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। राहुल गांधी ने दलित छात्रों से संवाद किया, इसके अलावा उन्होंने चुरुवा सीमा पर हनुमान मंदिर में दर्शन किए। बछरावां में राहुल ने कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया।

राहुल ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मजबूत पकड़ बनाए रखने की बात कही। राहुल ने कहा कि बीजेपी सरकार वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने और पूंजीपतियों को बढ़ावा देने का काम करती आई है। बीजेपी ने जीएसटी, नोटबंदी कर बेरोजगारी बढ़ाई है, अडानी ने चाइना का माल देश में बेचकर बेरोजगारी बढ़ाई है। उन्होंने आगे कहा कि अगर केंद्र सरकार ईमानदारी से कम करे, तो इलेक्ट्रिक सेक्टर में बढ़ावा मिल सकता है। करोड़ों युवाओं को रोजगार मिल सकता है। महाकुंभ जाने के



**दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी**

सवाल को राहुल टालते हुए आगे बढ़ गए। नेता विपक्ष रायबरेली के चुरुवा हनुमान मंदिर में पवनपुत्र श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर देश की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राहुल ने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज को दबाया जा रहा है। देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है, लेकिन इसके अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीईओ दलित समाज से नहीं हैं।

### राहुल गांधी की नागरिकता मामले की सुनवाई 26 मार्च को

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को तय की है। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि राहुल गांधी द्वारा ब्रिटिश अधिकारियों को सौंपे गए डॉक्यूमेंट में खुद को ब्रिटिश नागरिक घोषित किया है। स्वामी ने तर्क दिया कि यह भारतीय संविधान और नागरिकता अधिनियम का उल्लंघन है और यह ब्रिटिश पासपोर्ट रखने के बराबर है। कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा से कहा कि याचिकाकर्ता (स्वामी) मूल मुद्दे पर कोई फैसला नहीं चाहते, बल्कि केवल यह जानना चाहते हैं कि उनके द्वारा भेजी गई एप्लीकेशन पर कोई कार्रवाई होगी या नहीं।

# दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और छह मंत्रियों ने ली शपथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** छात्र राजनीति से मुख्य धारा की राजनीति में आई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पुरानी कार्यकर्ता रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने गुरुवार को दिल्ली की सरकार की बागडोर संभाली।

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राजग के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने श्रीमती रेखा गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्रीमती रेखा गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गई हैं। श्रीमती गुप्ता के बाद क्रमशः नई दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद -**शेष पृष्ठ दो पर**



### सीएम रेखा गुप्ता ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण के बाद अपराह्न दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला।

### शपथ के चार घंटे बाद विभागों का बंटवारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार के शपथ के 4 घंटे के बाद ही मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक सीएम रेखा गुप्ता ने गृह और वित्त मंत्रालय अपने पास रखा है। अरविंद केजरीवाल को नई दिल्ली सीट से हराने वाले प्रवेश वर्मा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। उन्हें शिक्षा, -**शेष पृष्ठ दो पर**

### खतरे में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडताः खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर 90 नए गांव बसा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डाल रही है। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन है, राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने लिखा कि नरेंद्र मोदी जी आप चीन को लाल आंख दिखाने के बजाय लाल सलाम की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता एवं अखंडता सर्वोपरि है। मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है। हमारा आरोप बड़ी जिम्मेदारी के साथ है और तथ्यों के आधार पर है। उन्होंने लिखा कि चीन ने अरुणाचल के बॉर्डर पर 90 नए गांव बसाने शुरू कर दिए हैं।

## हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में बारिश, 23 राज्यों में अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 23 राज्यों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। इसमें दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ में बारिश हो रही है। वहीं जम्मू- कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, श्रीनगर में भी शीतलहर जारी है और हल्की बारिश हुई है, गुरुवार को यहां का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

21 फरवरी को जम्मू संभाग के अलग-अलग ऊंचे इलाकों में बारिश और बर्फबारी होने का अनुमान है। दिल्ली के कई इलाकों में गुरुवार सुबह बारिश हुई और तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार दिन में बादल छाए रहने



और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं, जबकि अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मध्य प्रदेश में भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी, कल से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। वहीं दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन में दिन में गर्मी का असर देखा गया।

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) सक्रिय होने से बुधवार को बीकानेर, जयपुर, जोधपुर और भरतपुर संभाग के जिलों में मौसम बदल गया। इन जगहों पर बादल छाने के बाद तेज हवा चली और हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक पूर्वोत्तर भारत में अगले तीन दिनों तक बारिश, आंधी तूफान और बिजली कड़कने की चेतावनी

**एमपी में बादल छाए, राजस्थान के चार जिलों में तेज हवा चली**

**श्रीनगर में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया**

है। फरवरी के आखिरी दिनों में मध्य प्रदेश का मौसम फिर बदलेगा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यानी, 21 फरवरी से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने का अनुमान जताया है। इससे पहले बुधवार को भोपाल समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। दूसरी ओर, इंदौर-उज्जैन में दिन में गर्मी का असर देखा गया।

### पूर्व विधायक किशोर समरीते दोषी करार

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक किशोर समरीते को 2022 में संसद को उड़ाने की धमकी देने से जुड़े मामले में दिल्ली की राउज एवन्यू कोर्ट ने दोषी करार दिया है। 27 फरवरी को सजा पर बहस होगी। कोर्ट ने आईपीसी की धारा 506 भाग दो के तहत दोषी करार दिया, जिसमें अधिकतम सात साल की सजा का प्रावधान है। हालांकि कोर्ट ने किशोर समरीते को अन्य आरोपों से बरी कर दिया। बता दें कि अपनी मांगें पूरी न होने पर सितम्बर 2022 में संसद को उड़ाने की धमकी दी थी। अदालत ने कहा कि राज्यसभा के सेक्रेटरी जनरल के कार्यालय को कथित तौर पर भेजे गए पार्सल में पाए गए पदार्थ की जांच करने पर पता चला कि विस्फोट करने की उनकी क्षमता के मामले में यह हानिरहित है। अदालत ने फैसले में कहा कि हालांकि विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत आरोप साबित नहीं हुए।

## सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगेः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और घटक दल के सभी पार्टियों के नेताओं के साथ बैठक की। दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों बाद यह उच्चस्तरीय बैठक हुई।

बैठक में पीएम मोदी ने सभी से कहा कि हम आगामी सारे चुनाव एकजुट होकर मजबूती से लड़ेंगे और देश में मजबूती से काम करेंगे। बैठक को लेकर बीजेपी के महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि एनडीए की बैठक में सभी दलों के नेता, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बीजेपी दिल्ली सरकार के गठन में आए थे। उसके बाद प्रधानमंत्री के साथ एनडीए के सभी नेताओं बैठक हुई और सब ने



**एनडीए की बैठक में बोले पीएम मोदी**

प्रधानमंत्री को दिल्ली जीत पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि साथ ही आने वाले डेढ़ साल में सभी चुनाव को चाहे बिहार हो, बंगाल हो, सभी चुनाव एनडीए मजबूती से लड़ेगी। सभी पीएम को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में सभी चुनाव को एनडीए मजबूती के साथ लड़ेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जौनपुर में सड़क हादसों में नौ मरे, 32 लोग घायल

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 32 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात करीब डेढ़ बजे सरोखनपुर अंडरपास के ऊपर वाराणसी लखनऊ हाईवे पर जौनपुर से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार अज्ञात वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में घायल 11 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदला. पुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन महिलाएं एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। अन्य छह लोगों को सीएचसी बदलापुर से जिला अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया है। मृतकों मं कांति देवी (60) और नितेश कुमार (20) की पहचान की जा चुकी है। सभी हताहत झारखंड के निवासी हैं। इस हादसे के करीब डेढ़ घंटे बाद भोर तीन बजे एक ट्रक ट्रेलर ने वाराणसी से अयोध्या जा रही बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार लगभग 50 यात्रियों में से ड्राइवर मोनू सिंह निवासी सुल्तानपुरी, दिल्ली के अलावा दो महिलाओं की सीएससी बदलापुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि जिला अस्पताल में बस में सवार एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई है उसका नाम पता ज्ञात है। इस तरह इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हुई है।

### 5 देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र सौंपे

**नई दिल्ली।** पांच देशों के राज. दूतों और उच्चायुक्तों ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पनामा, गुयाना, सूडान, डेनमार्क और फिलिस्तीन के राजदू तथा उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति के समक्ष अपने परिचय पत्र पेश किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में पनामा के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गुयाना के उच्चायुक्त धर्मकुमार सीराज, सूडान के राजदूत डा. मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम, डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद-ए- अबुशावेश शामिल हैं।

### बोत्सवाना में भारी बारिश के कारण स्कूल बंद

**गेबोरोन।** बोत्सवाना में भारी बारिश के चलते छात्रों के परिवहन में व्यवधान के कारण स्कूलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। बाल कल्याण और बुनियादी शिक्षा मंत्री नोनो कगाफेला मोकोका ने बुधवार को कहा कि भारी बारिश के कारण अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गई हैं और उनमें से कुछ सड़कें कट गई हैं, जिससे छात्र स्कूल आने-जाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि अस्थायी बंद का यह आद. श 20 फरवरी से 24 फरवरी तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्थिति की निगरानी की जाएगी और अगले सप्ताह और जानकारी दी जाएगी। बोत्सवाना में पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है जिससे देश के अधिकांश हिस्सों में व्यापक बाढ़ आ गई है। मौजूदा बारिश इस पूरे सप्ताह और संभवत: फरवरी के अंत तक जारी रहने की उम्मीद है। देश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों में 50 मिमी या उससे अधिक बारिश होने की संभावना है।

## ये यूपी की डबल इंजन सरकार है: अखिलेश यादव

# बजट का झोला खाली, किसान दुखी

**लखनऊ, वार्ता**



■ समाजवादी पार्टी सरकार में मंडी बनी थी उनको इस सरकार ने चौपट कर दिया

उत्तर प्रदेश में बजट पेश होने के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बजट की कमियों का जमकर उल्लेख किया है। उन्होंने इस बजट को निराशाजनक बताया है।

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपए का बजट गुरुवार को पेश किया, जिसमें अनुसंधान एवं विकास और सूचना प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित बजट में 28,478.34 करोड़ रुपए की नई योजनाएं शामिल की गयी हैं। अब इस पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बजट का झोला खाली है। जनता को लग रहा है बजट आया ही नहीं है। जनता पूछ रही है प्रवचन तो आ गया, लेकिन बजट कब आएगा। बजट देखकर किसानों की समस्या बढ़ गई है। महिलाओं की परेशानी और बढ़ गई है, जो वहां मेज पीट रहे थे, बीज. पी के विधायकों के मन सुख गए हैं, जो लगातार नौ बजट फेल किए हैं सरकार, उसके बाद बेरोजगारी पर क्या जवाब है। जनता पूछ रही है कि जुमला मंत्रालय के लिए कितना आवंटन किया है। सपा प्रमुख ने कहा कि विद्वानों की सभा में मूर्ख के लिए मौन ही आभूषण होता है। ए तो विधानसभा थी, जहां बहुत विद्वान लोग थे।

कुछ लोग उर्दू का विरोध उर्दू में ही किए. ए पहली सरकार है, जो उर्दू का विरोध उर्दू में ही कर रहे थे। हालांकि भाषण में उन्होंने कई बार उर्दू के शब्दों का उपयोग किया। इनका नौवां बजट था। उनका संकल्प था कि किसानों मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएंगे. उन्होंने कहा कि जो समाजवादी पार्टी सरकार में मंडी बनी थी उनको इस सरकार ने चौपट कर दिया है, लेकिन नौ बजट के बाद भी इन्होंने था कि गन्ना किसानों का 14 दिनों में भूगतान नहीं होगा, तो ब्याज के साथ भूगतान करेंगे। लेकिन ए सरकार कभी बकाया नहीं बताती है। इस सरकार ने कितना गन्ना की कीमत बढ़ाई है। दोनों सरकारों ने डबल ब्लंडर सरकार है। गन्ना की कीमत नहीं बढ़ाई है। बजट पर अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार ने एक भी मेगा फूड पार्क विकसित किया हो तो बताए। मेडिकल कॉलेज में कुछ नहीं हो रहा है और वहां पर स्टॉफ ही नहीं है। शाहजहांपुर में एक भी एंबुलेंस नहीं है। गंभीर बीमारियों से गरीबों के घर में परेशानियां आ रही हैं, लेकिन इलाज नहीं मिल पा रहा है. समय पर सरकार इलाज नहीं दिला पा रही है।

### योगी ने दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री को दी बधाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। योगी ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट किया कि रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हृदयतल से बधाई व शुभकामनाएं। पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन व आपके कुशल नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों के साथ समग्र विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करते हुए सुरक्षा, सुव्यवस्था और सुशासन के आदर्श मानक स्थापित करेगी। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह में न पहुंचने पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के वित्तीय वर्ष 2025-2026 के बजट प्रस्तुतीकरण में व्यस्तता के कारण आपके शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित नहीं हो पा रहा हूं। पुनश्च शुभकामनाएं।

### यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा: शिवपाल यादव



**लखनऊ।** विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का बजट भाषण खत्म होने के बाद जब सभी सदस्य बाहर निकले, तो समाजवादी पार्टी सहासचिव शिवपाल सिंह यादव पर बड़ा दावा कर दिया। उन्होंने इस बजट को घोटालों की पटकथा करा दिया है। सपा नेता शिवपाल यादव ने उत्तर प्रदेश के बजट पर कहा कि यह बजट एक बड़े घोटाले की पटकथा है। अगर यही विकास है तो जनता को अंधकार से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए और इसलिए मैं इस बजट को पूरी तरह से खारिज करता हूं। मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि अगली बार जुमलों की किताब की जगह जनता की जरूरत का बजट बनाएं। हम 2027 में जनता के हित में एक बेहतर बजट लाएंगे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने उत्तर प्रदेश के बजट पर कहा कि इस बजट में प्रदेश की जनता को कुछ नया नहीं प्राप्त होने वाला है। बजट में नौजवान और बेरोजगारों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। माना जा रहा है कि बजट में प्रदेश की जनता के लिए कई कल्याणकारी और लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है। इस बजट में सरकार राज्य की जीडीपी से लेकर बेरोजगारी, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और किसानों के लिए कई योजनाओं को ऐलान कर सकती है। इस बजट में 2027 के विधानसभा चुनाव की झलक भी देखने को मिल सकती है। योगी सरकार के इस मेगा बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। बजट में पूंजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है।

## ट्रम्प ने जेलेंस्की को मामूली कॉमेडियन और तानाशाह कहा

**वॉशिंगटन/कीव, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई है। ट्रम्प ने बुधवार को अपने मार-ए-लागो रिसोर्ट में दिए एक बयान में जेलेंस्की को तानाशाह कहा है। इससे दोनों नेताओं के बीच विवाद गहरा गया है। इससे पहले जेलेंस्की ने कहा कि ट्रम्प गलत जानकारी के साथ, गलतफहमी में जी रहे हैं।

जेलेंस्की का ये बयान ट्रम्प के एक आरोप के जवाब में आया था। दरअसल ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 44 रह गई है। जेलेंस्की को तानाशाह कहने के खिलाफ यूरोपीय नेता उनके समर्थन में उतर आए हैं। जर्मन चां. सलर ओलाफ शोल्ज ने कहा कि राष्ट्रपति जेलेंस्की की लोकतांत्रिक वैधता को नकारना पूरी तरह से गलत और खतरनाक है। जर्मन विदेश मंत्री अन्नालेना बैरबॉक ने भी ट्रम्प के बयान को बेतुका बताया है। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने भी जेलेंस्की को फोन कर उनके प्रति समर्थन दिखाया। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक स्टार्मर ने कहा कि जंग के दौरान चुनावों को टालना पूरी तरह से सही था। स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने भी ट्रम्प की आलोचना की है। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो भी जेलेंस्की के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि कनाडा हमेशा यूक्रेन के समर्थन में खड़ा रहेगा।

### ट्रम्प ने पुतिन के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण बातचीत पर जताया भरोसा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण पर हुई बातचीत और सहमति पर विश्वास जताया है। मियामी में एक तकनीकी शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रम्प ने कहा कि हमने राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग से परमाणु निरस्त्री करण पर गंभीरता से चर्चा की थी, लेकिन कोविड के दौरान हालात बदल गए। हमें छोटी परमाणु शक्तियों को भी राजी करना था। उन्होंने कहा कि परमाणु संघर्ष को रोकना जरूरी है, क्योंकि यह हिरोशिमा और नागासाकी से '500 गुना' अधिक विनाशकारी होगा। यह बयान उस समय आया है, जब दुनिया भर में परमाणु हथियारों के बढ़ते खतरे के बीच कई देशों के लिए निरस्त्रीकरण का मुद्दा एक अहम चर्चा का विषय बन चुका है।

## हादसे से दहला पूर्वांचल: 13 लोगों की मौत, 58 लोग हुए घायल

■ एक-एक कर थम गईं सांस सभी लोग दिल्ली के निवासी

**वाराणसी।** वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग 731 के सरोखनपुर अंडर पास पर भीषण हादसा हुआ। दो वाहनों की भिड़ंत में टाटा सूमो में सवार पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी घटना के समय एक बस ट्रेलर से भिड़ गई। इस हादसे में बस में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 लोग घायल हो गए है। सभी घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

हादसे के बाद एक और श्रद्धालु की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। ऐसे में मरने वालों की संख्या नौ हो गई है। बस में सवार सभी लोग दिल्ली के बताए जा रहे हैं, जो चित्रकूट से प्रयागराज होकर वाराणसी दर्शन के बाद अयोध्या जा रहे थे। वहीं सूमो सवार सभी झारखंड के हैं, जो वाराणसी से अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। बस में सवार घायलों में बबली (46), सुभाष (50), दिनेश (39), रंजीत (40), दिनेश (55), कविता (45), हरिश्चंद्र (61), भगवान सिंह (58), मायावती (55), हेमचंद्र (55), गीता (55), किशोरीलाल (60), लक्ष्मी (32), सुरेश (55), सुशीला (60), सरस्वती (55), आशीष (30), शकुंतला (54), सुशीला (65), रामवती (60), राधा (70), गीतांजलि (31), तारा (65), कमलेश (50), मंशा (48), हरिश्चंद्र (61) व मीना (65) सभी निवासी मोहल्ला मादीपुर नई दिल्ली के हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## हमास ने चार इजरायली बंधकों के शव लौटाए

**गाजा, वार्ता**

■ इसमें नौ महीने की उम्र में किडनैप बच्चे की भी है बॉडी

फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने गुरुवार को 4 इजरायली बंधकों के शव रेड क्रॉस एजेंसी को सौंप दिए हैं। इनमें शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास शामिल हैं।

7 अक्टूबर 2023 को जब हमास ने इन्हें बंधक बनाया था, तब एरियल की उम्र 4 साल और केफिर की उम्र 9 महीने थे। इन बच्चों के पिता यार्डेन बिबास को इस महीने की शुरुआत में रिहा किया गया था। चौथा शव 83 साल के ओडेड लिफिशट्ज का है। उन्हें उनकी पत्नी योचेवेड के साथ किबुत्ज नीर ओज से अगवा कर लिया गया था। योचेवेड को हमास ने 24 अक्टूबर 2023 को रिहा कर दिया था। हमास शनिवार को 6 बंधकों को रिहा करेगा। यह पहले से तय संख्या से दोगुनी है। इन बंधकों के बदले इजरायल अक्टूबर 2023 से गिरफ्तार सभी महिलाओं और 19 साल से कम उम्र के फिलिस्तीनी लोगों को रिहा कर देगा। इसके साथ ही इजरायल मिस्र बॉर्डर के जरिए गाजा में मलबा हटाने वाली मशीनें ले जाने की परमिशन देगा।

## अमेरिकी फंडिंग पर श्वेत पत्र लाए सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ कांग्रेस ने ट्रंप के दावों को बेतुका करार दिया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए हैं। अब इसे लेकर भारत की राजनीति गरमा गई है। अब कांग्रेस ने मांग की है कि भारत सरकार को अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी की ओर से सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को दिए गए समर्थन पर श्वेत पत्र लाना चाहिए।

साथ ही कांग्रेस ने ट्रंप के दावों को बेतुका करार दिया है। ट्रंप के बयान के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि यूएसएआईडी इन दिनों काफी चर्चा में है। इसकी स्थापना 3 नवंबर 1961 को हुई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए जा रहे दावे कम से कम कहने के लिए तो बेतुके हैं। फिर भी भारत सरकार को जल्द से जल्द एकश्वेत पत्र जारी करना चाहिए, जिसमें दशकों से भारत में सरक. ारी और गैर-सरकारी दोनों संस्थानों को यूएसएआईडी द्वारा दिए गए समर्थन का विवरण हो। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। हमें इस बारे में भारत सरकार को बताना चाहिए, यह चौंकाने वाला है। भारत के पास पहले से ही काफी पैसा है। वे सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देश हैं। हम मुश्किल से उनके बाजार में अपना सामान भेज पा रहे हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं।

## अर्थ व्यापार

### एचडीएफसी बैंक और मारुति समेत 17 कंपनियों में बिकवाली से गिरा बाजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजना से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आंशका में एशियाई बाजारों की भारी गिरावट के असर से स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 203-22 अंक लुढ़ककर 75,735- 96 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19-75 अंक उतरकर 22,913-15 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 1.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,854.88 अंक और स्मॉलकैप 1.32 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,054.94 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4054 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2669 में लिवाली जबकि 1273 में बिकवाली हुई, वहीं 112 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियां हरे जबकि अन्य 22 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई के चार समूहों में गिरावट जबकि अन्य 17 में तेजी का रुख रहा। इससे एफएमसीजी 0.04, वित्तीय सेवाएं 0.25, बैंकिंग 0.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.10 प्रतिशत उतर गए। वहीं कमोडिटीज 1.07, सीडी 1.01, ऊर्जा 1.33, इंडस्ट्रियल्स 1.55, यूटिलिटीज 2.17, ऑटो 1.30, कैपिटल गुड्स 1.13, धातु 2.02, तेल एवं गैस 1.66, पावर 2.19, रियल्टी 1.14 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.86 प्रतिशत उछल गए।

### अडानी समूह का टीटीएम ईबीआईटीडीए बढ़कर 86,789 करोड़

**नई दिल्ली।** बंदरगाहों से लेकर ऊर्जा तक के विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली देश की प्रमुख कंपनी अडानी समूह ने गुरुवार को घोषणा की कि दिसंबर 2024 तक उसके पोर्टफोलियो की ईबीआईटीडीए से पहले की आय सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 86,789 करोड़ रुपए के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। समूह ने गुरुवार को अपनी आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में समूह की कंपनियों का ईबीआईटीडीए 17.2 प्रतिशत बढ़कर 22,823 करोड़ रुपए हो गया।उसकी पोर्टफोलियो कंपनियां उच्च पूंजीगत व्यय पथ पर हैं, जिससे परियोजनाओं के निष्पादन और नकदी प्रवाह सृजन में वृद्धि हो रही है।

### खाद्य तेलों में टिकाव, मूंग और उड़द दाल में तेजी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे, जबकि मूंग दाल और उड़द दाल में तेजी रही वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 35 लरगिट उतरकर 4813 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.36 सेंट की तेजी के साथ 46. 66 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 100 रुपए और उड़द दाल में 100 रुपए प्रति लक्वटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति लक्वटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**धामी सरकार ने....**

गया था। बजट के अन्तर्गत विभागीय योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से दो वर्गों में विभक्त किया गया है। महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत बजट निर्धारण करने वाली योजनाओं को श्रेणी-1 में तथा महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत से कम बजट वाली योजनाओं को श्रेणी-दो में रखा गया है। जेंडर बजट के माध्यम से महिलाओं की घटक योजना एवं समन्वय को स्थापित किया जाएगा। जेंडर बजट प्रदेश में मातृशक्ति को सम्मानित करते हुए समानता के अवसर स्थापित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। जेंडर बजट प्रक्रिया में जेंडर दृष्टिकोण को समाहित करते हुए महिला सशक्तिकरण एवं विकास को आवश्यक गति प्रदान करता है। यह बजट को लैंगिक वचनबद्धता में परिवर्तित करने की प्रक्रिया है। जेंडर बजटिंग का उद्देश्य पृथक बजट का निर्माण न होकर सामान्य बजट के अन्तर्गत महिलाओं की विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सकारात्मक गतिविधियों का संच. ालन करना है। इस पूरी प्रक्रिया में महिलाओं को सम्मानित करते हुए उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को उनके अधिकारों के सापेक्ष समुचित हिस्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारम्परिक विभागों जैसे कि पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य महिला सशक्तिकरण, खाद्य, पर्यटन, उद्यान आदि में सीमित न करते हुए अन्य विभागों एवं क्षेत्रें में भी महिलाओं के प्रति संवेदनशील बजट बनाने का प्रयास किया गया है।

**दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा...**

केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश साहिब सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद सर्वश्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। रामलीला मैदान में तीन मंच सजे थे। बांए मंच पर विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु और कई प्रमुख संत विराजमान थे।

**शपथ के...**

परिवहन और पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी दी गई है। प्रवेश सीएम की रेस में सबसे आगे चल रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, नई सरकार में रोहिणी से चौथी बात जीते वरिष्ठ भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता को विधानसभा स्पीकर और मुस्तफाबाद से विधायक मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर बनाया जा सकता है। विभागों के बंटवारे की आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है, केवल सूत्रों से ही मिली है। संभवत: नई सरकार इस पर एक-दो दिन में फैसला ले सकती है।

## राहुल, प्रियंका ने अरुणाचल व मिजोरम के लोगों को स्थापना दिवस पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए आज कहा कि उनकी पहचान को सुरक्षित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि भारत की विविधता और एकता के प्रतीक देश के सभी राज्यों के लोगों की समृद्ध विरासत और प्रगतिशीलता हमारी पहचान है और यही विशेषताएं हमारे राष्ट्र के ताने बाने को और समृद्धि प्रदान करती है। गांधी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की हमारी बहनों और भाइयों को उनके राज्य दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। पूर्वोत्तर भारत के ए रत्न अपनी समृद्ध विरासत और प्रगतिशील भावना के माध्यम से हमारे देश की विविधता में एकता को प्रदर्शित करते हैं। हमें मिलकर उनकी विशिष्ट पहचान की रक्षा करनी चाहिए और उसका जश्न मनाना चाहिए, जो हमारे राष्ट्र के ताने-बाने को समृद्ध करती है। वाड्रा ने अपने संदेश में कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर दोनों प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इन राज्यों का भरपूर प्राकृतिक सौंदर्य, अनोखी संस्कृतियां और परंपराएं हमारे देश की विविधता को समृद्ध करती हैं। इनकी रक्षा करना और इन्हें समृद्ध करना हम सबका कर्तव्य है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पहली बार पेश हुआ एक लाख करोड़ से अधिक का बजट

## 1,01,175.33 लाख करोड़ के बजट में दिखी सबका साथ, सबका विकास की झलक

**वित्त मंत्री डॉ अग्रवाल ने सदन में विस्तार से रखा बजट, सरकार की उपलब्धियां गिनाई हमारी सरकार ने प्रत्येक बजट में सुधार और विकास की राह दिखाई, भविष्य का रोड मैप किया गया पेश**

एस. आलम अंसारी

**देहरादून ।** विधानसभा में चल रहे उत्तराखंड बजट सत्र 2025-26 के तीसरे दिन गुरुवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025 26 के लिए वार्षिक बजट पेश किया गया। वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने सदन में 1,01,175.33 लाख करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने कहा कि खास बात यह है कि इस बजट में समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के लिए धामी सरकार ने 30 करोड़ का प्रावधान किया है।

### बजट एक नजर में

अवस्थापना निर्माण के अंतर्गत पूंजीगत परिव्यय में 14763.13 करोड़ का प्रवधान किया गया। ये अब तक सर्वाधिक है। ग्रामीण रोजगार के लिए मत्स्य विभाग की ट्राउट प्रोत्साहन योजना-146 करोड़, यूआईआईडीबी को हरिद्वार ऋषिकेश विकास के लिए परामर्शी सेवा के लिए 168.33 करोड, उत्तराखंड में स्टार्टअप वेंचर फंड के लिए 20 करोड़ का प्रावधान, प्रवासी उत्तराखंड परिषद के लिए 1 करोड़ का प्रावधान, रिवर फ्रंट डेव्लपमेंट परियोजना (शारदा कॉरिडॉर) के 10 करोड़, स्मार्ट सिटि के अंतर्गत इलैक्ट्रिक बसो के संचालन के लिए 6.5 करोड़, होमेगार्ड कल्याण कोष रिवॉलविंग फंड के लिए 1 करोड़, रेशम फैडरेशन को रिवॉलविंग फंड के लिए 5 करोड़, समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के लिए धामी सरकार ने 30 करोड़ का प्रावधान, स्प्रिंग एण्ड रिवर रिजुविनेशन के लिए 125 करोड़ का प्रावधान, पेयजल तथा सिंचाई विभाग की योजनाओं के बिजली के भुगतान के लिए 490 करोड़, पुलिस विभाग में मादक पदार्थ से सम्बन्धित मुखबिरों के उत्साहवर्द्धन के लिए 10 लाख, भारतीय न्याय संहिता के लिए 20 करोड़ का प्रावधान किया गया, जलवायु परिवर्तन शमन के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया, राजस्व एवं सामान्य प्रशासन के लिए 710 करोड़ 96 लाख 6 हजार रुपए का बजट, पुलिस एवं जेल के लिए 20 करोड़ 23 लाख 85 हजार रुपए का बजट, शिक्षा खेल एवं युवा कल्याण के लिए 6,417 करोड़ 48 लाख 6 हजार रुपए का बजट, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के लिए 1,954 करोड़ 65 लाख 38 हजार का बजट, सूचना विभाग के लिए 450 करोड़ रुपए का बजट, कल्याण योजनाओं के लिए 1,459 करोड़ 19 लाख 41 हजार रुपए का बजट, कृषि एवं अनुसंधान के लिए 248 करोड़ 24 लाख 59 हजार रुपए का बजट, ऊर्जा के लिए 158 करोड़ 70 हजार रुपए का बजट व पर्यटन के लिए 236 करोड़ 68 लाख 2 हजार रुपए का बजट

### मानव सेवा नारायण सेवा गरीब कल्याण पर राज्य सरकार का फोकस

सामाजिक सुरक्षा के लिए 1811.66 करोड़ का प्रावधान, विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी के लिए 918.92 करोड़, अन्नपूर्ति योजना के लिए 600.00 करोड़ , प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 207.18 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए 54.12 करोड़, ईडब्ल्यूएस आवास अनुदान के लिए 25.00 करोड़, परिवहन निगम की बसों में निर्धारित श्रेणी के यात्रियों की निःशुल्क यात्रा के लिए 40.00 करोड़ , राज्य खाद्यान योजना के लिए 10.00 करोड़ , अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को सस्ती दरों पर नमक उपलब्ध कराने के लिए 34.36 करोड़ , निर्धन परिवार के लिए रसोई गैस पर अनुदान के लिए 55.00 करोड़ व पर्यावरण मित्र बीमा के लिए 2.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है।



सदन के अन्दर बजट पैस करने के बाद वित्तमंत्री डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल को मिठाई खिलाकर बधाई देती स्पीकर

### बजट में युवाओं को सशक्त बनाने पर फोकस

ख शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत: 178.83 करोड़ , 9वीं से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक के लिए 59.41 करोड़ , कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिये निःशुल्क जूता एवं बैग की व्यवस्था के लिए 23.00 करोड़ , विद्यालयी शिक्षा विभाग के अन्तर्गत छात्रवृत्ति के लिए 15.00 करोड़ , शैक्षिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत छात्रवृति के लिए 15.00 करोड़, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन (साईकिल) योजना के लिए 15.00 करोड़ , साइन्स सिटी एवं विज्ञान केन्द्रों की स्थापना के लिए 26.64 करोड़ , अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र को सहायता के लिए 5.75 करोड़, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद को सहायता के लिए 16.80 करोड़ , उत्तराखण्ड विज्ञान एवं शिक्षण अनुसंधान की स्थापना के लिए 5.40 करोड़ , विज्ञान केन्द्र चम्पावत के लिए 10.00 करोड़ , विद्या समीक्षा केन्द्र के लिए 2.41 करोड़ व राजकीय महाविद्यालय में ई-ग्रंथालय की स्थापना के लिए 2.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

वित्त मंत्री डॉ अग्रवाल ने विधानसभा सत्र में गुरुवार को सरकार की उपलब्धियां गिनाई। वित्त मंत्री डॉ अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विकसित भारत 2047 के लिए प्रेरणा दी है। हमारी सरकार ने प्रत्येक बजट में सुधार और विकास की राह दिखाई है। उन्होंने कहा कि भविष्य का रोड मैप पेश किया गया है। वित्तमंत्री डॉ. अग्रवाल ने कहा कि बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट उत्तराखण्ड के विकास को और ज्यादा गतिमान बनायेगा। वित्तमंत्री ने कहा कि बजट में युवाओं, नारी शक्ति, किसान और सभी विभागों को प्रमुखता से बजट दिया है। यह बजट प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### बजट में आधी आबादी पर सरकार का फोकस, नारी सशक्तिकरण पर दिया जोर

**नंदा गौरा योजना अंतर्गत लगभग 157.84 व प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिए 21.74 करोड़ रुपए का दिया बजट**

**देहरादून।** उत्तराखंड को देवभूमि के नाम से जाना जाता है और यहां देवियों का सम्मान सर्वोपरी माना जाता है। उत्तराखंड की धामी सरकार ने इस कथन को बजट में भी दिखाया है। सरकार ने गुरुवार को अपना सबसे बड़ा बजट पेश किया। ये बजट उत्तराखंड के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इस बजट में धामी सरकार ने सभी पहलुओं को साधने की कोशिश की । बजट में नारी सशक्तिकरण पर विशेष फोकस किया गया है। धामी सरकार ने नारी सशक्तिकरण के लिए अलग अलग योजनाओं के लिए करोड़ों का प्रावधान किया है। सबसे ज्यादा बजट नंदा गौरा योजना के तहत लगभग 157. 84 करोड़ का बजट दिया गया है।

### नारी सशक्तिकरण- किसे क्या मिला

नंदा गौरा योजना अंतर्गत लगभग 157.84 करोड़ , प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिए 21.74 करोड़ , मुख्यमंत्री बाल पोषण योजना अतंर्गत 29.91 करोड, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना अंतर्गत लगभग 22.62 करोड़, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना अंतर्गत लगभग 18.88 करोड़, मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना अंतर्गत लगभग 13.96 करोड़, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना अंतर्गत 14.00 करोड़ रुपए , मुख्यमंत्री बाल एवं महिला बहुमुखी विकास निधि के लिए 8.00 करोड, निराश्रित विधवाओं की पुत्रियों के विवाह के लिए 5.00 करोड़ ,मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लगभग 3.76 करोड़, मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण योजना के लिए 5.00 करोड़, महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना अंतर्गत सब्सिडी के लिए 5.00 करोड़ , राज्य में प्रसूता के लिए ईजा-बाई शगुन योजना के लिए समग्र रूप से लगभग 14.13 करोड़ , मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजना अंतर्गत 2.00 करोड़ रुपए का बजट दिया गया।

## राज्य में देश के औसत से अधिक प्रति व्यक्ति आय 2.74 लाख के पार

**राज्य की जीडीपी में दोनों तरह से उत्साहजनक बढ़ौत्तरी का अनुमान आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25: में विकास दर 6.61 प्रतिशत रहने की संभावना, देश में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2024&25 में 2 लाख 162 रु. रहने का अनुमान**

एम. फहीम 'तन्हा'

**देहरादून।** राज्य की अर्थव्यवस्था में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की समाप्ति के बाद अंतिम आंकड़े आने पर कई उत्साहजनक और रोचक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। क्योंकि राज्य की जीडीपी में प्रचलित भावों और स्थिर भावों पर अच्छा उछाल अनुमानित किया जा रहा है। अर्थ एवं संख्या निदेशालय नियोजन विभाग के आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के आंकड़े विकास की कहानी बयान कर रहे हैं। जिसको लेकर राज्य की पुष्कर सिंह धामी सरकार उपलब्धि भरी राहत महसूस कर सकती है। इसके साथ ही राज्य में प्रति व्यक्ति औसत आय ने देश में प्रति व्यक्ति औसत आय को भी पीछे छोड़ दिया है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2023-24 में 2 लाख 46 हजार 178 रुपये थी, जो वर्ष 2024-25 में 11.33 प्रतिशत की वृद्धि से 2 लाख 74 हजार 064 रुपये होने का अनुमान है। जोकि देश में औसत प्रति व्यक्ति आय वर्ष चालू वित्त वर्ष में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए 2 लाख 162 रुपये होने का अनुमान है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार राज्य की प्रचलित भावों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वर्ष 2023-24 में 332.99 हजार करोड़ रुपये तथा वर्ष 2024-25 में लगभग 378.24 हजार करोड़ रुपये अनुमानित किया गया है। जबकि स्थिर भावों (आधार वर्ष 2011-12) पर जीडीपी पिछले 204.32 हजार करोड़ रु. की तुलना में वर्ष 2024-25 में लगभग 217.82 हजार करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। साथ ही आपको बता दें कि राज्य अर्थव्यवस्था में वर्ष 2023-24 में अनन्तिम अनुमान के अनुसार 7.83 प्रतिशत की वृद्धि आंकी गई है जबकि वर्ष 2024-25 में विकास दर 6.61 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। जिसमें संरचनात्मक दृष्टि से वर्ष 2024-25 में प्राथमिक क्षेत्र का योगदान 9.34 प्रतिशत, द्वितीयक क्षेत्र का योगदान 44.65 प्रतिशत तथा तृतीयक क्षेत्र का योगदान 46.01 प्रतिशत रहने का अनुमान है। राज्य के स्वयं के कर राजस्व की मद में वर्ष 2024-25 (बजट अनुमान) में 2889.14 करोड़ अधिक प्राप्ति का अनुमान है। राज्य आय एवं लोक वित्त के नजरिये से राजस्व प्राप्तियां में चालू वर्ष 2024-25 में 10.84 प्रतिशत की वृद्धि का भी अनुमान हैं। राज्य के करेत्तर राजस्व जिसमें विशेष कर ब्याज प्राप्ति, ऊर्जा परिवहन तथा अन्य प्रशासनिक सेवाओं इत्यादि से प्राप्त आय सम्मिलित हैं, जोकि चालू वित्त वर्ष में 4873.38 करोड़ आंकी गयी हैं, जो कि पिछले वर्ष 4174.73 करोड़ रुपये थी।

## बजट समावेशी विकास, सतत आर्थिकी और समरसता का प्रतीक: डॉ. अग्रवाल

**बजट में जोड़ा गया नमो खास बिंदु, सभी वर्गों का रखा गया ध्यान, स्टेकहोल्डर और जनता के सुझावों को भी किया गया शामिल**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड के वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने सत्र के तीसरे दिन गुरुवार को प्रदेश का सबसे बड़ा बजट पेश किया। उन्होंने इस बजट को समावेशी विकास, सतत आर्थिकी और समरसता का प्रतीक बताया। साथ ही कहा कि यह बजट सिद्धि का प्रमाण है। यह बजट नमो को समर्पित है। जिसके तहत एन से नवाचार, ए से आत्मनिर्भर, एम से महान विरासत और ओ से ओजस्वी मानव संसाधन है। यह बजट नवाचार, आत्मनिर्भर, महान विरासत को समर्पित है। बजट पेश करने के बाद वित्त मंत्री डॉ अग्रवाल मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि बजट की खास बात इसमें जोड़ा गया नमो शब्द है। वित्त मंत्री ने नवाचार के बारे में बताया कि पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन, मोबाइल फॉरेंसिक वैन एवं ड्रोन सेल ऊर्जा दक्ष पंप, फायर हाइड्रेंट मशीन ,स्मार्ट मीटर, इन्नोवेटिव प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट तकनीक, स्प्रिंकलर प्रणाली, विज्ञान चेतना केंद्र, साइंस सेंटर ,साइंस सिटी, लैब ऑन व्हील्स तथा स्मार्ट क्लास को रखा गया है। नमो के दूसरे शब्द ए के तहत कृषि, ऊर्जा, संयोजकता ,आयुष, उद्योग , अवसंरचना और पर्यटन को रखा गया है। एम के तहत महान विरासत यानी शीतकालीन यात्रा, आदि कैलाश ,ओम पर्वत दर्शन के लिए सुगमता, हरिद्वार और ऋषिकेश का पुनर्विकास और शारदा रिवर फ्रंट को रखा गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि नमो के चौथा शब्द यानी ओ यानी ओजस्वी मानव संसाधन के तहत उद्यमिता को प्रोत्साहन, स्टार्टअप प्रोत्साहन, रिकॉर्ड पारदर्शी नियुक्तियां, नॉलेज इकोनामी, डिजिटल दक्षता, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, छात्रवृत्तियां, शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम प्रशिक्षण तथा साइंटिफिक टेंपरामेंट को प्रोत्साहन दिया गया है।

अटल आयुष्मान योजना को 505 करोड़ का भारी भरकम बजट दिया गया है ।इसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा। जमरानी बांध परियोजना के लिए 625 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

राज्य के स्टेकहोल्डर और जनता के सुझावों को भी शामिल किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि धामी सरकार ने विकास के लिए बजट दिया है और पहली बार 1 लाख करोड़ से ज्यादा का बजट रखा है। प्रेस वार्ता में अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद वर्धन और सचिव वित्त दिलीप जावलकर भी मौजूद रहे ।

## सशक्त भू-कानून के लिए संशोधन विधेयक सदन में पेश

**■ जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम-1950 संशोधन विधेयक-2025**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य में सशक्त भूकानून को लागू करने की तरफ कदम बढ़ाते हुए धामी सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र में विधेयक पेश कर दिया है।

एक दिन पहले ही कैबिनेट द्वारा मंजूर किए गये संशोधन विधेयक को गुरुवार को सदन में उत्तराखंड-उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम-1950 संशोधन विधेयक-2025 को पेश कर दिया गया है। नए संशोधनों में धामी सरकार वर्ष 2018 में तत्कालीन त्रिवेंद्र सरकार में किए गए प्रावधानों को समाप्त करते हुए और भू-कानून को और सख्त करने जा रही है।

जिसको लेकर राज्यभर में पिछले काफी समय से मांग उठती रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक सशक्त भू-कानून को लेकर राज्य की जनता से वादा भी किया था।

अब इसका बिल विधानसभा के बजट सत्र में पेश कर दिया गया है।



जनभावनाओं का सम्मान करते और भूमि संसाधनों का बेहतर प्रयोग किए जाने हेतु आज विधान सभा के पटल पर सख्त भू-कानून प्रस्तुत कर दिया गया है। यह निर्णय राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक विरासत और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उनके विश्वास को कभी टूटने नहीं देगी। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा...

**पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।**

## धामी सरकार का बजट सिर्फ आंकड़ों का खेल: माहरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने धामी सरकार के 1,01,175.33 करोड़ के बजट को भ्रमित करने वाला दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि बजट में बढ़ते कर्ज, बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य, शिक्षा और किसान कल्याण पर कोई ठोस नीति नहीं है। यह सिर्फ चुनावी वादों का पुलिंदा है, जिसमें अमल की कोई स्पष्ट योजना नहीं दिखती। उन्होने कहा कि पूंजीगत व्यय में सिर्फ 7 प्रतिशत वृद्धि, जबकि राज्य की जरूरतें इससे कहीं अधिक हैं, कर्ज बढ़ता जा रहा है, लेकिन सरकार ने ऋण प्रबंधन पर कोई विस्तृत योजना नहीं दी। पलायन रोकथाम योजना के लिए मात्र 10 करोड़, जो ऊंट के मुंह में जीरा जैसा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए सिर्फ 989.74 करोड़, जो जरूरत के हिसाब से बहुत कम है, सरकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय, कोई ठोस सुधार योजना नहीं। किसान पेंशन योजना के 4218 करोड़ में केंद्र की योजनाओं का बड़ा हिस्सा, राज्य की नई पहल नहीं, मिलेट मिशन और दुग्ध प्रोत्साहन के लिए नाममात्र का बजट, जिससे किसानों को खास लाभ नहीं होगा। महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए मात्र 5 करोड़, यह राशि बहुत कम है, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए मात्र 15 करोड़, सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट नहीं। स्मार्ट सिटी के नाम पर सिर्फ बसें, लेकिन ग्रामीण सड़कों और पेयजल परियोजनाओं के लिए पर्याप्त बजट नहीं, पुराने ट्रांसपोर्ट सिस्टम को अपग्रेड करने की कोई योजना नहीं। पुरानी योजनाओं को नए नामों से दोबारा पेश किया गया, कोई नई नीति नहीं, परिवार पहचान पत्र योजना और यूसीसी के लिए 30 करोड़, जिससे आम जनता को कोई सीधा लाभ नहीं होगा। जलवायु परिवर्तन और वन संरक्षण के लिए बजट में कोई बड़ा प्रावधान नहीं। चारधाम यात्रा और पर्यटन विकास के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं, सिर्फ घोषणाएं की गई, स्थानीय उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए कोई ठोस पैकेज नहीं।

## 478 करोड़ से बदलेगी प्रदेश में पर्यटन की सूरत

**हिस्टोरिकल, वाइल्डलाइफ, एडवेन्चर, एस्ट्रो टूरिज्म, इको टूरिज्म, हेल्थ व वेलनेस टूरिज्म पर रहेगा फोकस, चारधाम मार्ग पर आधारभूत सुविधाओं के विकास को 10 करोड़ का प्राविधान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के आम बजट में पर्यटन के विकास पर फोकस करते हुए 478.7605 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया गया है। प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटकों और तीर्थ यात्रियों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिये कई कल्याणकारी योजनाओं को केंद्र में रख धामी सरकार ने पर्यटन की सूरत संवारने के लिये कल्चरल, हिस्टोरिकल, वाइल्डलाइफ, एडवेन्चर, एस्ट्रो टूरिज्म, इको टूरिज्म, हेल्थ व वेलनेस टूरिज्म पर काम करने की प्रतिबद्धता बजट में दिखाई है।



योग, आयुर्वेद और आध्यात्मिक पर्यटन को एकीकृत करते हुए उत्तराखंड को साहसिक खेलों और वैलनेस टूरिज्म के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए प्रयास किये जा रहें हैं। पर्यटन सेक्टर में निजी पूंजी निवेश को आकर्षित करने को नई उत्तराखण्ड पर्यटन नीति-2023 लागू की गई है। इस नीति में आवासीय परियोजनाओं क लिये अधिकतम 50 प्रतिशत तक व पर्यटन उत्पाद और सेवाओं में पूंजी निवेश को अधिकतम 100 प्रतिशत तक की अनुदान की व्यवस्था की गई है। पर्यटन के क्षेत्र में 1 करोड से 5 करोड तक का निवेश करने वाले प्रदेश के स्थायी निवासियों/उद्यमियों को प्रोत्साहित करने को उत्तराखण्ड पर्यटन उद्यमी प्रोत्साहन योजना-2024 प्रारम्भ की गयी है।जागेश्वर धाम, महासू देवता हनोल व चमोली में ग्राम माणा एवं टिम्मरसैंण का मास्टर प्लान तैयार किया गया है।पूंजीगत मद में पर्यटन विकास के लिये अवस्थापना निर्माण योजना के तहत एक सौ करोड़, टिहरी झील का विकास योजना को एक सौ करोड़, मानसखंड माला मिशन के लिये पच्चीस करोड़, वाईब्रेंट विलेज योजनान्तर्गत बीस करोड़घ, नवीन पर्यटन स्थलों का विकास के लिये दस करोड़ व चारधाम मार्ग पर आधारभूत सुविधाओं का विकास को दस करोड़ का प्रावधान किया जा रहा है।

## यह बजट उत्तराखंड की अवधारणा को साकार करने वाला: महाराज

**लोक निमार्ण को 2882, पर्यटन को 478 सिंचाई विभाग को 1658 करोड़ का बजट मिला**



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, जलागम एवं ग्रामीण निर्माण, मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड की धामी सरकार की और से विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश 1,01,175 करोड़ के बजट को समावेशी और जन सामान्य का बजट बताया है।

महाराज ने बजट को समावेशी और जन सामान्य का बजट बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अभिव्यक्त संकल्पों से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट कृषि, सिंचाई, ऊर्जा, अवसंरचना, संयोजकता, आयुष, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा, प्रदेश में सड़कों के निर्माण और सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान बजट बताया है।

महाराज ने कहा कि प्रदेश के जनमानस को सुगम एवं स्तरीय सड़क सुविधा का लाभ मिल सकें, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग की तहत संचा. लित विभिन्न योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 2882.0820 करोड़, प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटकों एवं तीर्थ यात्रियों के लिए विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पर्यटन विभाग को बजट में 478.7605 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया गया है।

इसी प्रकार प्रदेश में कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने को संचालित हो रही सिंचाई विभाग की योजनाओं के लिये 1658.4115 करोड़ रुपए और लघु सिंचाई विभाग के कार्यों के लिये 239.3279 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया गया है।

बजट में पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए 163.38 करोड़ की धनराशि का प्राविधान किया है। कला एवं संस्कृति के उत्थान के लिए संस्कृति विभाग के लिए 404348 करोड़ और ग्रामीण निर्माण विभाग के लिए बजट में 1573947 करोड़ का प्राविधान किया गया है। सरकार का यह बजट विकसित उत्तराखंड की अवधारणा को साकार करने वाला और राज्य की आर्थिक समृद्धि का बजट है।

### श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा को गति देगा यह बजट : भट्ट

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने धामी सरकार के बजट को समावेशी विकास, सतत आर्थिकी और समरसता का प्रतीक बताया है। भट्ट ने कहा कि यह बजट ष्नमोष के सिद्धांतों नवाचार, आत्मनिर्भरता, महान विरासत और ओजस्विता पर आधारित है जो राज्य के विकास के नए अध्याय की शुरुआत करते हैं। बजट मे समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए पर्याप्त रूप से प्रावधान किये गए हैं। बजट मे कृषि, उद्योग, ऊर्जा, अवसं. रचना, संयोजकता, पर्यटन और आयुष को आधार बनाकर राज्य के समग्र विकास के लिए ठोस योजनाएँ और धन का प्रावधान किया है अर्थिकी को गति देगी।

ACCUEIL! Session 2025-26
Admission Open (From N/C to VIII)
Admission will be after test interview
Successfully entering the 30th year
E.L.P.S (An English Medium Co-educational School)
ESTD. 1995
EXCELSIOR L'AVENIR PREPARATORY & PUBLIC SCHOOL
380-AVAS-VIKAS, OPP. GURUDWARA, RUDRAPUR (U.S. NAGAR)
The Day boarding School of the City.
NOW A RAY OF HOPE FOR DAY SCHOLARS ALSO!
We Are EXCELSIOR Because We Provider Your Wards With
Excellent Study.
Character Making Education In Calm Atmosphere.
End Of Tuition-tension.
Less Charges For Better Education.
Sincere, Committed Staff With Proficiency In English.
Individual Care For Our Students.
Optimum Utilization Of The Capacity Of Our Young Learners.
Rest Facility For Day-boarders.
Besides this we pay special attention to
Neat And Attraction Hand Wrirring
Health And Hygiene
Transport Facility
Computer Education
Extra Curricular Activities As Karate Etc.
FOR MORE DETAILS PLEASE CONTACT AT SCHOOL OFFICE FROM 10:00 AM. TO 2:00 PM
8755236638
Founder: Mr. J. S. Jathoul
Website : www.elps.in
Principal: E.L.P.S., Rudrapur

# एसडीआरएफ, खनिज फाउंडेशन न्यास की योजनाओं की समीक्षा

## अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण, अधूरे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

### पुलिया निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के आदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में गुरुवार को एसडीआरएफ, नॉन एसडीआरएफ, एसडीएमएफ और जिला खनिज फाउंडेशन न्यास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक स्वीकृत योजनाओं की प्रगति का आकलन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य शिक्षा अधिकारी टिहरी के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण तलब किया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कई विभागों द्वारा एसडीआरएफ, नॉन एसडीआरएफ और जिला खनिज न्यास के तहत किए गए कार्यों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन योजनाओं के तहत कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनकी उपयोगिता प्रमाण पत्र, थर्ड पार्टी जांच आख्या और जीओ टैग फोटो तत्काल प्रस्तुत किए जाएं, साथ ही शेष कार्यों में प्रगति लाकर उन्हें गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने पुलिया निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए और मुख्य विकास अधिकारी को सभी पुलियाओं की निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। लोक निर्माण विभाग थत्यूड के अधिशासी अभियंता को रगड़गांव में दो ट्रॉलियों के लिए इस्टीमेट तैयार कर भेजने और लोक निर्माण विभाग नरेंद्रनगर के अधिशासी अभियंता को चार वर्षों से लंबित योजनाओं की धनराशि वापस करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, एडीएम ए.के. पांडेय, सीएमओ डॉ. श्याम विजय, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग मनोज बिष्ट, डीडीओ मोहम्मद असलम, जिला सेवायोजन अधिकारी लक्ष्मी यादव, डीपीओ संजय गौरव, डीडीएमओ बृजेश भट्ट सहित पेयजल, सिंचाई, लघु सिंचाई और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहकारिता से जुड़ कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** गुरुवार को जिला मुख्यालय में अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने दीप प्रज्जवलित कर जिला स्तर पर आयोजित युवा सहकारी नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सहकारिता एक विचार है और इसके द्वारा ही हम सभी को साथ मिलकर काम करने की प्रेरणा मिलती है। सहकारिता के माध्यम से ही आज कृषि एवं अन्य क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को बहुत लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से आजी. विका संवर्द्धन, स्वरोजगार एवं आर्थिक विकास से जुड़ी गतिविधियों और जन-कल्याणकारी योजनाओं अधिकाधिक लोगों तक लाभ पहुँचाने में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

इस अवसर पर जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड गुरूविन्दर सिंह



आहूजा द्वारा जनपद में नाबार्ड द्वारा कराये जा रहे विभिन्न योजनाओं जैसे- कृषक उत्पादक समूह, एम.एस.एम.ई. आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। सहायक निदेशक डेयरी पीयूष आर्य ने डेयरी विकास की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र द्वारा युवाओं को उद्योग विभाग के माध्यम से संचालित मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, सौर स्वरोजगार योजना आदि से जुडकर अपनी आजीविका में सुधार लाने का आहवान किया गया। सचिव/महाप्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक लि. मुकेश माहेश्वरी ने बैंक द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं से अवगत कराया गया तथा अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 कके कैलेण्डर के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी उत्तरकाशी डी पी बलूनी, सहकारिता विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों,जिला सहकारी बैंक, बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के नवनिर्वाचित संचालक मण्डल के सदस्यों, डेयरी एवं मत्स्य विभाग से जुडे हुये विभिन्न काश्तकारों, जनपद के विभिन्न युवाओं, महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## एक नजर .......

### मृतक आश्रितों को एसएसपी ने नियुक्ति पत्र सौंपे

**नई टिहरी।** सेवाकाल के दौरान मृत पुलिसकर्मियों के आश्रितों को वीरवार को एसएसपी आयुष अग्रवाल ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए और उन्हें ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ पुलिस सेवा निभाने का आह्वान किया। प्रदेशभर में 89 मृतक पुलिसकर्मियों के आश्रितों को आरक्षी पद पर नियुक्त किया गया है, जिनमें टिहरी जिले के 20 अभ्यर्थी शामिल हैं। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी अग्रवाल ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए अभ्यर्थियों को उनके नए सफर की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दिवंगत पुलिस कर्मियों के योगदान को याद करते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी और सेवा का दायित्व है।

### महिला सतत आजीविका योजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा

**नई टिहरी।** मुख्यमंत्री महिला सतत आजीविका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति (राड्स) की पहल पर चंबा ब्लॉक के रानीचौरी में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 28 महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जूस बनाने के उपकरण वितरित किए गए। संस्था की सचिव कुंभीबाला भट्ट ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार से ही महिलाओं का सशक्तीकरण संभव है, और उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आर्थिक रूप से मजबूत बनना चाहिए। संस्था के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के बिना समाज का संपूर्ण विकास संभव नहीं है, और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना आज की जरूरत है। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण को ऐसा क्षेत्र बताया, जिसमें महिलाएं कम लागत में अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकती हैं। इस मौके पर हेमलता, शीतल बहुगुणा, रंजना, पुष्पा तडियाल, संगीता, सरोजनी डिमरी, मीना पुंडीर सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

### नाबालिग को भगाने में शामिल युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** नाबालिग को भगाने में शामिल युवक को कीर्तिनगर पुलिस ने टिहरी से गिरफ्तारी किया है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कीर्तिनगर देवराज शर्मा ने बताया कि बीते साल अक्टूबर माह में परिजनों द्वारा उनकी नाबालिग बेटी को भगाने के संबंध में मौखिक सूचना दी थी। जिसमें पाक्सो एक्ट के तहत सलमान समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बताया कि उप निरीक्षक सुषमा रावत द्वारा मामले की विवेचना की जा रही थी। मामले में वांछित चल रहे युवक मोहम्मद उमर को कीर्तिनगर पुलिस ने बुधवार को नई टिहरी से गिरफ्तार किया है।

### श्रीनगर पुलिस ने गुमशुदा युवक को परिजनों को किया सुपुर्द

श्रीनगर। कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने गुमशुदा युवक को सकुशल परिजनों को सुपूर्द किया है। थाना श्रीकोट प्रभारी मुकेश गैरोला ने बताया कि बीते 17 फरवरी को श्रीकोट निवासी राजेंद्र बिष्ट ने थाना श्रीनगर पर सुचना दी कि उनके घर पर कार्य करने वाले 26 वर्षीय विजय सिंह (दिगंबर) पुत्र स्व. सोहन सिंह, ग्राम थार्ती, भटवाड़ा, थाना घनसाली, टिहरी गढ़वाल 15 फरवरी से श्रीकोट से श्रीनगर की ओर अपने उपरोक्त गांव जाने के लिए निकला था, लेकिन आज तक घर नहीं पहुंचा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू की। बताया कि पुलिस के अथक प्रयासों से युवक डैम कलॉनी के पास ढाबे से बरामद कर परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया है। बताया कि युवक मानसीक रूप से परेशान है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी श्रीकोट मुकेश गैरोला, विनोद शाह, हर्षवर्धन राणा सहित आदि मौजूद थे।

# बंजर भूमि को औषधीय पौधों की खेती से किया जा सकता है हरा भरा:प्रो. जोशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक), क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र (उतरी क्षेत्र 1) राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रालय, जोगिंदर नगर, हिमाचल प्रदेश और उद्योगिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती, मूल्य संवर्धन एवं बाजार एकीकरण विषय पर दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। शिविर में घेस, बलांण, कनोल, सीतेल सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे 100 से अधिक काश्तकारों ने जड़ी-बूटी के कृषिकरण एवं उसके बाजारीकरण के बारे में जानकारी जुटाई। हैप्रेक संस्थान के प्रो. केके नंदा सभागार में शुरू हुई कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (भरसार)



के उद्यान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. एके जोशी ने कहा कि तेजी के साथ खेत बंजर हो रहे हैं। बंजर भूमि पर संगध या औषधीय पौधों की खेती की जा सकती है। कहा कि सगन्ध व औषधीय पादपों की 170 से अधिक प्रजातियां है, जिन्हें लगाकर भूमि को हरा भरा करने के साथ आजीविका भी सृजित हो सकती है। विशिष्ट अतिथि जिला उद्यान अधिकारी राज. `श तिवाडी ने सरकार की ओर से संच. ालित योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि सरकार की किसानों के जिए तमाम योजनाएं तो चला रहीं है, लेकिन काश्तकार कोई दिलचस्पी नहीं ले रहा है। बताया कि काश्तकारों को जागरूक होकर योजनाओं का लाभ लेना होगा। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े आरसीएफसी एनएमपीबी, आयुष मंत्रालय, जोगि. ंदर नगर, हिमाचल प्रदेश के निदेशक डा. अरूण चंदन ने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड दोनों राज्य ही जड़ी-बूटी के कृषिकरण एवं संरक्षण के लिए बहुत महत्वपूर्ण जगह है। कहा कि यहां उगने वाले औषधीय पौधे पूरे विश्व में कहीं नहीं पाये जाते। कहा कि हाल ही में कृषि मंत्रालय और आयुष मंत्रालय की सुंयक्त बैठक में जड़ी-बूटी की खेती को राष्ट्रीय स्तर पर शामिल कर दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. जेएस चौहान ने काश्तकारों से उद्यमशील बनने को कहा। कार्यशाला में साथ हैप्रेक कें निदेशक डा. विजयकांत पुरोहित ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा अंत में कार्यशाला की समन्वयक डा. बबीता पाटनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रो. एमसी सती, एनके गुप्ता आरसीएफसी से मिनाक्षी ठाकुर, अविका शुभा, डा. विजयलक्ष्मी, डा. जेएस बुटोला, डा. टीएस बिष्ट, डा. लक्ष्मण कंडारी, डा. सुदीप सेमवाल, डा. जयदेव चौहान, डा. प्रदीप डोभाल के साथ ही उद्योगिनी संस्था के निदेशक शिवम पंत, ब्लॉक संयोजक मनीष पंवार सहित आदि मौजूद थे।

# मेधावी छात्रों की माताओं को मिला कमला नेहरू पुरुस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** भगवती मैमोरियल पब्लिक स्कूल श्रीनगर का वर्ष 2024-25 का सगांत समरोह गुरूवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर वर्ष 2023-24 के बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 छात्र-छात्राओं व उनकी माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार के चेक वितरित किए गये। साथ ही वर्ष 2024-25 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अश्वनी रावत ने कहा कि कमला नेहरू पुरस्कार का उद्देश्य सभी छात्रों को प्रेरणा देना है कि सभी परिश्रमी बने क्योंकि हर वर्ष उत्तराखंड सरकार की ओर से बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों की माताओं को यह पुरस्कार दिया जाता है। विद्यालय के प्रबंधक हर्षमणि व्यास ने कहा कि माता सबसे पहली गुरु होती है जो छात्र को बडों का आदर करना, आज्ञा पालन करना जैसे गुणों का विकास कराती है। इस मौके पर विद्यालय की संस्थापिका ऊषा नौटियाल, शांता बिष्ट, विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रभा बहुगुणा, अंजु डबराल, पूजा काला, उमेश शुक्ला, पंकज सकलानी सहित आदि मौजूद थे।

# जिला गंगा समिति की बैठक में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की समीक्षा

### कीर्तिनगर के दोनों प्लांट सुचारु, मुनिकीरेती में निर्माणाधीन प्लांट दिसंबर तक होगा पूर्ण एनजीटी मानकों के अनुरूप फिकल कोलीफॉर्म स्तर में सुधार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला गंगा समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें जनपद में स्थापित और संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अवगत



कराया गया कि कीर्तिनगर में अधिष्ठापित दोनों सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट इस माह सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और पिछले माह की तुलना में इस बार फिकल कोलीफॉर्म की मात्रा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के मानकों के अनुरूप पाई गई है।

मुनिकीरेती में निर्माणाधीन 08 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर चर्चा की गई, जिसमें बताया गया कि इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसे दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग अनूप डियूंडी और कमल सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान देवप्रयाग नरेश पाल, वन विभाग की एसडीओ रश्मि ध्यानी, जिला गंगा समिति के डीपीओ अरुण उनियाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्रों को नवाचार और उद्यमिता के प्रति जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** गढ़वाल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल द्वारा रैनबो पब्लिक स्कूल में नवाचार एवं उद्यमिता पर स्कूल आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयी छात्र-छात्राओं को नवाचार और उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्रोत्साहित करना था। आईआाईसी के अध्यक्ष डॉ. राम साहू ने नवाचार, अटल टिंकरिंग लैब और उद्यमिता की अवधारणाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत सरकार की अटल टिंकरिंग लैब योजना के तहत विद्यार्थी अपने नवाचारों को निखार सकते हैं और उन्हें व्यापक स्तर पर प्रस्तुत कर सकते हैं। सूक्ष्म जैविकी विभाग के डॉ. विनीत कुमार मौर्य ने सूक्ष्म जैविकी के विभिन्न व्यावसायिक और नवाचार संबंधी संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि हिमालयी क्षेत्र में जैविक खाद, मशरूम उत्पादन, बुरांश जूस, औषधीय पौधों के उपयोग और मेडिकल डायग्नोस्टिक लैब जैसी कई संभावनाएं हैं। जिनसे विद्यार्थी आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ सकते हैं। डॉ. भास्कर ने बौद्धिक संपदा अधिकार, पेटेंट और कॉपीराइट की विस्तृत जानकारी दी।छात्रों को समझाया कि एक नया विचार कितना मूल्यवान होता है व पेटेंट प्रक्रिया से कैसे आर्थिक लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन रिद्धीश उनियाल ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपने नवाचारों को विद्यालय स्तर पर प्रस्तुत करें और विश्वविद्यालय की सहायता से उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या डा. रेखा उनियाल समेत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# कीर्तिनगर पुलिस ने सत्यापन न कराने पर काटा चालन

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर पुलिस ने गुरूवार को थाना क्षेत्र में अंतर्गत सद्यन सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने सत्यापन न करने पर तीस हजार का चालान काटा है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मलेथा गांव में एक भवन स्वामी ने तीन किरायेदारों को बिना पुलिस सत्यापन के रखा था। बिना सत्यापन के दस हजार प्रति किराएदार पर चालान किया गया, जिससे कुल तीस हजार का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस ने किराएदारों से अपने प्रत्येक किराएदार का सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाने की अपील की है।

# वन भूमि पट्टा दिए जाने की मांग : भूपाल राम टम्टा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली/देवाल।** विकासखंड देवाल के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेराधार की अनुसूचित जाति बस्ती बमोटिया सहित अन्य कई गांवों के ग्रामीणों को जोकि वन भूमि में निवासरत ऐसे ग्रामीणों के नाम लीज पट्टा दिए जाने की थराली के विधायक विधायक भूपाल राम टम्टा ने पैरवी करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक पत्र भेजा हैं।



मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में विधायक भूपाल राम टम्टा ने कहा है कि बमोटिया बस्ती में 1981 में उत्तर प्रदेश सरकार के समय मदन राम के नाम वन भूमि में पट्टा जारी किया था उनकी मृत्यु के बाद उनके तीन पुत्रों के नाम लाज पट्टा जारी होना था तमाम पत्राचार के बावजूद वन विभाग के द्वारा जारी नही किया गया है।इस दौरान बमोटिया में सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय के साथ ही अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा दी है। दूसरी ओर लगातार वन विभाग के द्वारा ग्रामीणों को जमीन खाली करने के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिससे ग्रामीण मानसिक रूप से परेशान हैं। कहा कि कमोवेश यही स्थिति थराली विधानसभा के अंतर्गत सेरा बिजेपुर,सिलंगी सहित कई अन्य गांवों में भी बनी हुई हैं। विधायक ने बताया हैं कि चमोली जिला भूगर्भीय दृष्टि से अति संवेदनशील है। पिंडर घाटी क्षेत्र में प्रतिवर्ष बरसात में भू-कटाव, भू-धंसाव एवं भू-स्खलन के कारण सुरक्षा की दृष्टि से कई ग्रामीणों को वन क्षेत्रों में बसाया गया हैं। पिछले 30-40 वर्षों से भूमिहीनों गरीब लोगों को इन वन भूमि में पट्टे जारी नही किए गए हैं।उसके ऊपर वन विभाग द्वारा लगातार नोटिस पर नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिससे वन क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं।

बद्रीनाथ वन प्रभाग के अंतर्गत वन भूमि में निवासरत भूमिहीनों की सूची बनवा कर उन्हें लीज पट्टा जारी किया जाना चाहिए, इसके अलावा शासन स्तर पर लंबे समय से लंबित भूमि आवंटन की प्रक्रिया का तत्काल निस्तारण किया जाना चाहिए वन भूमि में निवासरत ग्रामीणों की समस्या का स्थाई निराकरण करवाने के लिए जल्द मुख्यमंत्री सहित वन विभाग के उच्चाधिकारियों से वार्ता करते हुए समाधान निकालने के प्रयास किया जाएंगे।

# उत्तरकाशी में बदला मौसम, बर्फबारी से काश्तकारों के खिले चेहरे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** पहाड़ों में मौसम ने करवट ली है देर रात से ही ऊंचाई क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश का सिलसिला जारी है। सुबह मौसम विभाग की भविष्यवाणी एक दम सटीक साबित हुई है वहीं पहाड़ों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फरवरी महीने में एक बार फिर बर्फबारी हुई है। बर्फबारी से जहां ठंड मे इजाफा हुआ है, वहीं खेती किसानी बागवानी करने वाले किसानों के लिए यह बर्फबारी संजी. वनी का काम करेगी। बर्फबारी होने से जल स्रोत भी रिचार्ज होंगे और कुछ हद तक गर्मियों में पेयजल संकट से भी निजात मिलने की संभावना है। वहीं वनों लगी आग भी बुझ गई जिससे वन विभाग ने राहत की सांस ली है।

उत्तरकाशी जिले के पुलिस टकनोर, हर्षिल, धराली, मुखवा, गंगोत्री, दयारा समेत राडी टॉप, खरशाली गीठ, यमुनोत्री, हरकिदून, आदि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने से पर्वत श्रृंखला चांदी की चादर ओढ़े हुए नजर आ रही हैं। बर्फबारी से किसानों के चेहरे खिलने लगे है.। इन दिनों मटर की कई हेक्टेयर फसल खेतों में खड़ी है।फसलों में फुलवारी के साथ साथ अच्छी फसल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कृषि विभाग के अधिकारियों के लिए जीआईएस प्रशिक्षण संपन्न

### नव नियुक्त और पूर्व नियुक्त अधिकारियों को मिली भौगोलिक सूचना प्रणाली की ट्रेनिंग कृषि योजनाओं के लिए जीआईएस और रिमोट सेंसिंग तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकास भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी के निर्देशन एवं मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवड़ाड़ी के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के नव नियुक्त सहायक कृषि अधिकारी वर्ग-3, पूर्व नियुक्त सहायक कृषि अधिकारी वर्ग-2, कनिष्ठ अभियंता और अपर सहायक



अभियंता के लिए भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में जीआईएस एनालिस्ट उमेश बिष्ट ने कृषि विभाग के परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने जीआईसी प्लान तैयार करने, उसका मूल्यांकन, पैमाइश, जीपीएस के उपयोग और अंक्षांश-देशांतर की स्थिति ज्ञात करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इसके अलावा, गूगल अर्थ प्रो, आर्क जीआईएस, क्यू जीआईएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से रिमोट सेंसिंग डेटा का उपयोग कर कृषि योजनाओं के लिए भूमि के ढलान, ऊंचाई आदि का आकलन करने की विधि समझाई गई।

इस मौके पर कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी पवन काला, आनंद पंवार, अनुज बिष्ट, राजेंद्र रावत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

Page 5_29 June -doon page-4 .qxd 2/20/2025 10:07 PM Page 1



# सदन में चिकित्सकों व टेक्नीशियनों की कमी का मुद्दा गर्माया

**उत्तराखंड में 50 फीसदी स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखण्ड बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में चिकित्सकों व टेक्नीशियनों की कमी का मुद्दा गमार्या रहा। विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही के दौरान स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की कमी को लेकर कांग्रेस विधायक हरीश धामी ने सवाल उठाए। हरीश धामी ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में खासकर पिथौरागढ़ जिले में चिकित्सकों और टेक्नीशियन की काफी कमी है जिसकी वजह से जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस सवाल पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में कुल 2881 चिकित्सकों के पद हैं, जिसमें से 2531 चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि 350 चिकित्सकों के पद खाली हैं। स्वास्थ्य विभाग में खाली पड़े 350

- **34 टेक्नीशियन जल्द ही प्रदेश को मिल जाएंगे : डॉ. धन सिंह**
- **ओटी टेक्नीशियन के प्रदेश में 10 पद स्वीकृत हैं, सभी खाली**

चिकित्सकों के पदों में से 276 पद बैकलॉग के हैं, जिसको भरने के लिए पहले ही दो बार विज्ञप्ति जारी की जा चुकी है ऐसे में स्वास्थ्य विभाग जल्द ही तीसरी बार विज्ञप्ति जारी करने जा रहा है ताकि खाली पड़े 276 बैकलॉग के पदों को भी भरा जा सके। उत्तराखंड राज्य के पर्वतीय जिलों में कुल 1896 चिकित्सकों के पद स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष 1182 स्थाई चिकित्सक और 716 बॉन्ड और संविदा के जरिए चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि पिथौरागढ़ जिले में चिकित्सकों के कुल 174 पद स्वीकृत है जिसके सापेक्ष 84 स्थाई चिकित्सक और 45 बॉन्ड या संविदा के तहत अपनी सेवाएं दे रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में लगभग 48 से 50 फीसदी स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की कमी है। जिन पदों को भरने के लिए सरकार की ओर से 400 डॉक्टर को पीजी करने के लिए भेजा गया है। पीजी करने वाले चिकित्सकों का आधा खर्च राज्य सरकार वहन करती है। हालांकि, पीजी करने के लिए गए डॉक्टर्स की वजह से प्रदेश में डॉक्टर्स की कमी हुई है, मगर पीजी कंप्लीट करने के बाद डॉक्टर्स अपनी सेवाएं देना शुरू कर देंगे। उत्तराखंड राज्य में टेक्नीशियन के चार तरह के पद हैं जिसमें लैब टेक्नीशियन, एक्स-रे टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन और ओटी टेक्नीशियन शामिल है। प्रदेश में लैब टेक्नीशियन के कुल 343 स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष 156 पर अस्थाई तकनीशियन और 235 टेक्नीशियन आउटसोर्स और एनएचएम के तहत काम कर रहे हैं। यानी वर्तमान समय में लैब टेक्नीशियन के पद पर 391 कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश में एक्स-रे टेक्नीशियन के कुल 165 पद स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष 68 स्थाई और 26 आउटसोर्स या एनएचएम के तहत काम कर रहे हैं। इसी तरह एक के कुल 19 पद स्वीकृत हैं जिसके सापेक्ष मात्र 10 कर्मचारी ही काम कर रहे हैं यानी 9 पद खाली पड़े हुए हैं। हैरानी की बात यह है की ओटी टेक्नीशियन के प्रदेश में कुल 10 पद स्वीकृत हैं लेकिन एक भी पद अभी तक भरा नहीं जा सका है। सदन के भीतर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि टेक्नीशियन के पदों को भरने की कवायत चल रही है। 34 टेक्नीशियन जल्द ही प्रदेश को मिल जाएंगे। टेक्नीशियन मिलने के बाद सबसे पहले मुनस्यारी और धारचूला क्षेत्र में टेक्नीशियन भेजे जाएंगे।

# इलेक्ट्रॉनिक मीटर व यूसीसी के खिलाफ कांग्रेस ने किया विधानसभा घेराव

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** भाजपा सरकार की और से राज्य में लागू की गई यूसीसी में लिव-इन-रिलेशन का प्रावधान किये जाने व राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी व महिला कांग्रेस

- **उत्तराखण्ड राज्य का निवासी बनाने का षडयंत्र किया जा रहा : माहरा अपने सहयोगी**
- **व्यावसायियों को फायदा पहुंचाने को लगा रहे इलेक्ट्रॉनिक मीटर**

कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा व महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के संयुक्त के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन करते हुए विधानसभा का घेराव किया। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ता देहरादून हिम पैलेस होटल के नजदीक एकत्रित हुए और पैदल मार्च निकालते हुए विधानसभा की ओर बढ़े, मगर पहले से ही मौजूद भारी पुलिस बल ने कांग्रेस जनों को रिस्पना पुल से पहले बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इससे नाराज कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। जहां रंग कर्मियों की ओर से नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की गई। नुक्कड़ नाटक के मंचन के बाद कांग्रेस जनों ने बैरिकेडिंग लांघने की कोशिश की, जिस पर पुलिस ने बल पूर्वक रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस कर्मियों और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, ज्योति रौतेला समेत कांग्रेस नेता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। माहरा ने कहा कि यूसीसी में लिव इन रिलेशनशिप का प्रावधान देवभूमि उत्तराखण्ड की संस्कृति के खिलाफ है। उन्हांने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूर्व में भी यूसीसी के अनुच्छेद 44 पर सवाल उठाये थे परन्तु भाजपा के किसी भी नेता और प्रवक्ता ने न तो अनुच्छेद 44 और न ही लिव इन रिलेशनशिप विशेषकर उसके भाग तीन पर कोई जवाब नहीं दिया। माहरा ने यह भी कहा कि सरकार द्वारा केवल अपने सहयोगी व्यावसायियों को फायदा पहुंचाने के लिए पूरे प्रदेश में जनता पर जबरन बिजली के प्रीपेड मीटर थोपे जा रहे हैं। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि यूसीसी केन्द्र का मामला होने के बावजूद भारतीय जनता पार्टी की धामी सरकार जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटी-बचाओ-बेटी पढाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में सबसे अधिक त्रस्त प्रदेश की महिलाएं हैं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, शूरवीर सजवाण, प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप, मीडिया चेयरमैन राजीव महर्षि, राजेन्द्र शाह, नवीन जोशी, ललित फर्स्वाण, राजपाल बिष्ट, जयेन्द्र रमोला, विरेन्द्र पोखरियाल, याकूब सिद्धिकी, गोदावरी थापली, पूरन रावत, विधायक रवि बहादुर, पूर्व विधायक राजकुमार, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट, सुजाता पॉल, डॉ. प्रतिमा सिंह, गिरिराज हिंदवान, गरिमा दसौनी, मानवेन्द्र सिंह, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, मोहित उनियाल, अमन गर्ग, राजेन्द्र चौधरी, राजीव चौधरी, मुकेश नेगी, उत्तम असवाल, विनोद नेगी, विनोद डबराल, कुंवर सजवाण, राकेश राणा, मुशर्रफ हुसैन, राकेश नेगी, हिमांशु गाबा, दर्शन लाल, लालचन्द शर्मा, सोनिया आनन्द, संदीप चमोली, अमरजीत सिंह, महेन्द्र सिंह नेगी, हेमा पुरोहित, मनीष नागपाल, आशीष नौटियाल, मोहन काला, पुष्पा पंवार, चन्द्रकला नेगी, अभिनव थापर, नजमा खान, आशा शर्मा, पूनम भगत, जगदीश धीमान, विशाल मौर्य, डॉ. प्रदीप जोशी, आनन्द बहुगुणा, सुलेमान अली, नवीन रमोला, विरेन्द्र पंवार, अर्जुन पासी, रॉबिन त्यागी, अनूप कपूर, सावित्री थापा, मंजू, अनुराग मित्तल, नरेन्द्र सौंठियाल, आशि रावत, विकास नेगी, मीना शर्मा, आशा रावत, मुन्नी देवी व सागर मनवाल आदि उपस्थित थे।

# विस घेराव के दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति घायल

**अस्पताल में भर्ती हादसे पर भड़की कांग्रेस**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** उत्तराखंड में यूसीसी के तहत लिव इन रिलेशनशिप को वैधता दिए जाने के विरोध में उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी ने बजट सत्र के दौरान विधानसभा घेराव किया। इस दौरान उत्तराखंड महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला घायल हो गई। हादसा तब हुआ जब भारी संख्या में कार्यकर्ता विधानसभा की तरफ आगे बढ़ रहे थे, पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकताओं को पहले ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस कर्मियों और महिला कार्यकताओं के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। महिला कांग्रेस ने इस बदसलूकी के खिलाफ प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी है। गुरुवार को देहरादून के रिसपना पुल से ठीक पहले कांग्रेस कार्यकताओं ने इकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार पर सनातन और संस्कृति पर कुठाराघात करने का आरोप लगाया। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने पुलिसकर्मियों की और से ज्योति रौतेला पर किए गए बर्ताव की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हक की आवाज उठा रही ज्योति रौतेला के साथ पुलिस कर्मियों ने अमानवीय बर्ताव किया है, जिसके चलते वह काफी चोटिल हो गई हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। उन्होंने घटना का फोटो वीडियो जारी करते हुए तत्काल दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही करने की मांग उठाई है।

## बजट से निराशा हाथ लगी : कापड़ी

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि बजट में सीधा-सीधा दिख रहा है कि सरकार का एकमात्र ध्यान उत्तराखंड के आम जनमानस पर कर रुपी बोझ को बढ़ने वाली मनसा को दशार्ता है। बजट में युवाओं को निराश किया गया है। रोजगार का कोई भी नया रोड मैप नहीं दशार्या गया है। बजट में मध्यम वर्ग के लिए सरकार के हाथ प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी खाली है।

## आर्य ने बजट को बताया झूठ का पुलिंदा

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** सरकार के बजट को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने झूठ का पुलिंदा बताया है। यशपाल आर्य ने कहा बजट पुरानी बोतल में नया शरबत जैसा है। यशपाल आर्य ने कहा है यह आंकड़ों की बाजीगरी से भरपूर बजट है। इस बजट में आधारभूत मूलभूत जरूरतों का ख्याल नहीं रखा गया है। धामी सरकार में हवा हवाई योजनाओं को बजट में दिखाया है। उन्होने कहा कि बजट में राज्य निर्माण की मूल भावना स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार की अनदेखी की गई। विकास की गंगा पहाड़ से मैदान की तरफ बहनी चाहिए थी। बजट में आय के साधनों एवं रोजगार, स्वरोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है।

## समग्र विकास का नमो बजट : रेखा आर्या



**देहरादून (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** उत्तराखंड में पहली बार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का आय व्ययक प्रस्तुत किया गया है। अवस्थापना निर्माण के अंतर्गत पूंजीगत परिव्यय में 14763.13 करोड़ का प्रवधान किया गया है, ये अब तक सर्वाधिक है। उत्तराखंड में स्टार्टअप वेंचर फंड के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। बजट में महिला, युवा, व्यापारी, नौकरीपेशा, एससी एसटी हर किसी का ध्यान रखा गया है। कुल मिलाकर यह संतुलित और समग्र दृष्टिकोण वाला बजट है। वित्त मंत्री ने जिस तरह नमो थीम पर पूरा बजट तैयार किया वह सराहनीय है। इस बजट से प्रदेश में गतिमान विकास योजनाओं को गति मिलेगी और साथ ही नये विकास कार्य भी होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की ओर अग्रसर है और यह बजट इसमें सहायक साबित होगा।

## खेल मंत्री ने की विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी से विधानसभा परिसर में मुलाकात की। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को विधानसभा के डिजिटलाइज होने की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष ने खेल मंत्री को 38वें राष्ट्रीय खेल के सफल और भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि इससे उत्तराखंड का नाम पूरी दुनिया में रोशन हुआ है।

# उद्यान विभाग को मिले 29 नए अधिकारी

**प्रशिक्षण के बाद औद्यानिक कार्यों की मुख्य धारा से जुड़ने पर उद्यान मंत्री जोशी ने दी बधाई**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** राज्य सरकार के अथक प्रयासों के बाद उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग हरिद्वार से चयनित श्रेणी-2 के 29 अधिकारियों को उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में तैनात कर दिया गया है। इन अधिकारियों को विभागीय कार्यों की बेहतर समझ देने के लिए 18 नवंबर 2024 से 8 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड ग्राम्य विकास संस्थान, रुद्रपुर में आधारभूत प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद उन्हें विभिन्न उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण केंद्रों, मशरूम एवं मौनपालन केंद्रों सहित अन्य बाह्य संस्थानों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए भ्रमण एवं प्रशिक्षण कराया गया। उद्यान मंत्री के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा 19 फरवरी 2025 को इन प्रशिक्षु अधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए गए हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य राजकीय उद्यानों, नर्सरियों, खाद्य प्रसंस्करण केंद्रों और अन्य संबंधित संस्थानों को सुदृढ़ बनाना है। उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य कृषकों एवं औद्यानिकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अधिक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस तैनाती प्रक्रिया में विशेष ध्यान दिया है कि अधिकारी कृषकों के हित में योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करें और राजकीय उद्यानों, नर्सरियों, खाद्य प्रसंस्करण केंद्रों, मशरूम एवं मौनपालन केंद्रों को विकसित करने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग को मजबूत और प्रदेश में औद्यानिक विकास को गति देना है। उन्होंने सभी नवतैनात अधिकारियों से भरोसा जताते हुए कहा कि वे प्रदेश की कृषि और औद्यानिकी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करेंगे। उद्यान मंत्री ने बताया मेरे कार्यकाल के दौरान श्रेणी-2 के 30 अधिकारी, वर्ग-2 के 37 अधिकारी, वर्ग-3 के 227 अधिकारी, 28 सहायक लेखाधिकारी एवं 8 वाहन चालकों की भर्ती पूर्ण हुई है और यह भी 330 कार्मिक उद्यान विभाग में अपनी सेवाऐं दे रहे हैं।

# बजट पर किसने क्या कहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने उत्तराखंड बजट 2025 को प्रदेश के समग्र विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ आर्थिक समृद्धि और सामाजिक न्याय का सशक्त दस्तावेज है।

## राज्य को वर्तमान दशक का श्रेष्ठराज्य बनाने की दिशा को गति देगा यह बजट : भट्ट



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने धामी सरकार के बजट को समावेशी विकास, सतत आर्थिकी और समरसता का प्रतीक बताया है। भट्ट ने कहा कि यह बजट "नमो" के सिद्धांतों नवाचार, आत्मनिर्भरता, महान विरासत और ओजस्विता पर आधारित है जो राज्य के विकास के नए अध्याय की शुरूआत करते हैं। उन्होंने कहा कि बजट मे समाज के सभी वर्गो के समग्र विकास के लिए पर्याप्त रूप से प्रावधान किये गए हैं। बजट मे कृषि, उद्योग, ऊर्जा, अवसंरचना, संयोजकता, पर्यटन और आयुष को आधार बनाकर राज्य के समग्र विकास के लिए ठोस योजनाएँ और धन का प्रावधान किया गया है जो कि प्रदेश की अर्थिकी को गति देगी। भट्ट ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व मे यह बजट जहाँ राज्य को आर्थिक रूप से समृद्ध बनायेगा वहीं सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला साबित होगा। यह बजट राज्य को आगामी दशक मे देश के एक श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा को गति देगा यह निश्चित है।

## बजट से उत्तराखंड के चौमुखी विकास को लगेगा पंख : डॉ. बंसल



भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा. नरेश बंसल ने प्रथम बार एक लाख करोड़ से अधिक के आय व्ययक बजट पर हर्ष व्यक्त किया है व इसे आत्मनिर्भर उत्तराखंड के देश के अग्रणी राज्य बनने का रोडमैप बताया। डा. नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानसेवक नरेंद्र भाई मोदी के मार्गदर्शन व युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व मे उत्तराखंड मे नित नए विकास के काम हो रहे हैं। भाजपा जो जनता से वादा करती है उसे पूरा करती है व विकास करती है।

# कांग्रेस का यूसीसी विरोध तुष्टिकरण और महिला विरोधी : चौहान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस के विधानसभा कूच पर निशाना साधते हुए, उनके यूसीसी विरोध को तुष्टिकरण और महिला विरोधी रवैया करार दिया है। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि प्रदेशवासी उनके सनातन संस्कृति विरोधी और तुष्टिकरण वाले चेहरे को अच्छी तरह पहचान चुके हैं। वे उनके द्वारा फैलाए जा रहे झूठ, भ्रम और प्रपंच में नहीं फंसने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी, जनसरोकारो एवं जनभावनाओं से पूरी तरह कट चुकी है। यही वजह है कि उनके ऐसे राजनीतिक कार्यक्रमों में जन भागेदारी शून्य रहती है। चौहान ने कहा कि उतराखंड से पारित एक कानून के जिस मंत्र ने आज राज्य को समूचे देश में गौरवशाली उपलब्धि प्रदान की है, उसका भी वे सिर्फ राजनैतिक कारणों से विरोध कर रहे हैं। चौहान ने कहा कि यूसीसी ड्राफ्ट समिति ने जब सभी राजनैतिक दलों को समान नागरिक संहिता के संबंध में अपना सुझाव देने के लिए बुलाया था, तब शायद कांग्रेस उत्तराखंड की महिलाओं को समान अधिकार दिलाने की पक्षधर नहीं थी। इसी कारण से कांग्रेस ने समिति को अपने सुझाव नहीं दिये और आज महिला हितैषी बनने का ढोंग कर रही है। क्या कांग्रेस समान नागरिक संहिता का विरोध करके संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और अपने नेता जवाहर लाल नेहरू का अपमान नहीं कर रही है ,जिन्होंने समान नागरिक संहिता को भारतीय संविधान का अंग बनाया। कांग्रेस की ऐसी ही सोच ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को कांग्रेस छोड़ने पर विवश किया था। महिलाओं और देश के कमजोर वर्गों को समान अधिकार दिलाने के पक्षधर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी का ये अपमान उत्तराखंड नहीं सहेगा। चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता सुविधा के हिसाब से संस्कृति और अल्पसंख्यकों तथा बहुसंख्यकों की राजनीति करती है। उन्हे सनातन और संस्कृति से कोई लेना देना नही है।

# एसजीआरआर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने देखी उत्तराखण्ड विधानसभा सत्र की कार्यवाही

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं बुधवार को अपने शिक्षकों के साथ उत्तराखण्ड विधानसभा सत्र की कार्यवाही देखने पहुंचे। यह छात्र-छात्राओं के लिए पहला मौका था जब उन्होंने सीधे विभानसभा की कर्यवाही को अपनी आंखों से देखा और समझा। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आए। यह अनुभव छात्र-छात्राओं के लिए समाचार माध्यमों के जरिये विधानसभा की कार्यवाही को देखने और समझने से बिल्कुल अलग था। छात्र-छात्राओं के लिए यह गौरव का पल था जब विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दर्शक दीर्घा में बैठे श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय का नाम लेकर संबोधित किया। इस मौके मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकय की डीन प्रो. प्रीति तिवारी ने कहा कि हमारे स्टूडेंट्स जब विधानसभा सत्र की कार्यवाही देखने पहुंचे तो यह उनके लिए यह एक नया अनुभव रहा। अब तक जो वे विधानसभा की कार्यवाही के बारे में किताबों, टेलीविजन, रेडियो और समाचार पत्रों के माध्यम से देखते और सुनते आ रहे थे वह उन्होंने सीधे देखा कि विधानसभा सत्र में कैसे काम होता। यह राजनीतिक विज्ञान के छात्र-छात्राओं के लिए बेहद लाभ दायक रहा। बाकी छात्र-छात्राओं ने भी विधानसभा की इस वजिट में बहुत कुछ सीखा। हम विधानसभा

- **अपनी आंखों से कार्यवाही को देखकर उत्साहित नजर आए छात्र**

सत्र की कार्यवाही देखने का अवसर प्रदान करने के लिए माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण मैडम और सभी उपस्थित माननीयों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमारे विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया और राजनीतिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

# बजट : बढ़ता कर्ज व राजकोषीय घाटे का नियंत्रण बड़ी चुनौती
# 80 हजार करोड़ के कर्ज तले दबा है उत्तराखण्ड

मौहम्मद शाह नजर




**देहरादून।** उत्तराखण्ड का आम बजट जहा प्रदेश वासियों के लिये कई सौगात लेकर आया हैं, वही इस बजट में कई प्रकार की चुनौतियां भी शामिल है। 'नमो' आधारित बजट (नवाचार, आत्मनिर्भर, महान विरासत व ओजस्वी) के तहत प्रदेश में पहली बार 1,01175.33 करोड़ का बजट पेश किया गया है। बजट में कृषि, उद्योग, ऊर्जा, अवसंरचना, संयोजकता, पर्यटन व आयुष पर ध्यान केंद्रित किया गया है। औद्योगिक निवेश बढ़ाने, पर्यटन और कृषि क्षेत्र में सुधार करने की प्राधमिकता दिखाई गई हैं। इस सबके बावजूद राज्य सरकार के लिये बढ़ते कर्ज को कम करने और राजकोषीय घाटे को नियंत्रण करना बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। प्रदेश पर बढ़ते कर्ज की बात की जाए, तो अपने स्थापना के दिनों से ही कर्ज में डूबे उत्तराखंड पर फिलहाल 80 हजार करोड़ का कर्ज है। उत्तराखंड वित्त विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक, राज्य गठन के समय उत्तराखंड पर 4,500 करोड़ का कर्ज था, जो मार्च 2024 तक बढते-बढ़ते 80 हजार करोड़ हो चुका है। बजट को सरलीकरण, समाधान व निस्तारीकरण के मार्ग पर अग्रसरित बताया जा रहा है। धामी सरकार का दावा है कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक दिशा और नीतियों का प्रमाण है। उत्तराखंड अनेक कार्यों का साक्षी रहा है। हम आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाने के लिए हम प्रयत्नशील हैं। वहीं, उत्तराखण्ड के इस बजट में कई सकारात्मक पहलुओं के बावजूद कई चुनौतियाँ भी शामिल हैं। सबसे बड़ी चुनौती राज्य के बढ़ते कर्ज और राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखना है। सरकार को अपनी आय बढ़ाने के लिए नए स्त्रोतों की तलाश करनी होगी, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने, पर्यटन और कृषि के क्षेत्र में और अधिक सुधार करने की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। इसके अलावा, सरकारी खर्चों को कुशलता से प्रबंधित करना भी महत्वपूर्ण होगा, ताकि राज्य के विकास को सुनिश्चित किया जा सके। अगर इन चुनौतियों का प्रभावी समाधान किया जाता है, तो उत्तराखण्ड अपने विकास की दिशा में बड़ी सफलता हासिल कर सकता है। उत्तराखण्ड का बजट राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए एक मिश्रित दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हालांकि कर्ज और घाटे की समस्याएँ चिंता का कारण हैं, लेकिन सरकार ने कई विकास योजनाओं को प्राथमिकता दी है, जो राज्य के लिए भविष्य में लाभकारी साबित हो सकती हैं। राज्य की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए कड़े उपायों की आवश्यकता है, लेकिन जो योजनाएँ प्रस्तुत की गई हैं, वे राज्य के विकास में सहायक हो सकती हैं।

# नाबालिग के अपहरण के आरोपी को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने नाबालिग किशोरी का अपहरणकर्ता को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।नाबालिग किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी ने बताया कि मंगलवार को नगर कोतवाली निवासी लालजीवाला बस्ती रोडिबेलवाला पीड़ित महिला ने लिखित शिकायत देकर बताया कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग लड़की घर से बिना बताए कही चली गई है जो रात तक वापस नहीं लौटी। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी।गठित टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी कर सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों को चेक करने पर पता चला कि नाबालिग किशोरी का एक युवक अपहरण करके ले जा रहा है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अपहरणकर्ता को चमगादड़ टापू के पास से दबोच लिया है। उसके कब्जे से नाबालिग को सकुशल बरामद किया गया।



नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि किशोरी के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गयी हैं।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामवीर पुत्र ध्यान सिंह निवासी लालजीवाला वीआईपी घाट रोडीवेलवाला कोतवाली नगर हरिद्वार बताया है।पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एसआई सतेन्द्र भण्डारी, महिला एसआई निशा सिंह, कांस्टेबल पवन सिंह, संदीप सिंह शामिल रहे।

# कोर्ट ने पूर्व विधायक प्रणव सिंह चैंपियन की न्यायिक हिरासत दो सप्ताह के लिए बढ़ाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** खानपुर क्षेत्र से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार के कार्यालय पर गोलीबारी करने के आरोपी पूर्व विधायक प्रणव सिंह चैंपियन की कोर्ट ने न्यायिक हिरासत दो सप्ताह के लिए और बढ़ा दी है। फिलहाल प्रणव सिंह चैंपियन हरिद्वार जिला हॉस्पिटल में भर्ती हैं। इसीलिए तबीयत खराब होने के कारण बृहस्पतिवार को प्रणव सिंह चैंपियन कोर्ट में पेश नहीं हो पाए। कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के वकील गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि आज हरिद्वार कोर्ट में कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन की पेशी होनी थी। इस सुनवाई में उनकी हिरासत को लेकर फैसला होना था, लेकिन तबीयत खराब होने के कारण उनकी न्यायिक हिरासत को 14 दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है।



गौरतलब है कि 26 जनवरी शाम को पूर्व विधायक प्रणव सिंह चैंपियन अपने समर्थकों के साथ खानपुर विधायक उमेश कुमार के कार्यालय पर पहुंचे थे। आरोप है कि इस दौरान चैंपियन ने विधायक उमेश कुमार के स्टाफ के साथ मारपीट की और उनके कार्यालय पर कई राउंड फायरिंग भी की। इस घटना का वीडियो भी सामने आया था। पुलिस ने चैंपियन को उसी दिन 26 जनवरी को देहरादून से गिरफ्तार किया था। इसके बाद 27 जनवरी को पुलिस ने चैंपियन को हरिद्वार कोर्ट में पेश किया था। तभी से प्रणव सिंह चैंपियन हरिद्वार जेल में बंद है। बीती 15 फरवरी को जेल में प्रणव सिंह चैंपियन की तबीयत खराब हो गई थी, जिसके बाद प्रणव सिंह चैंपियन को जिला हॉस्पिटल हरिद्वार में भर्ती कराया गया था। तभी से चैंपियन हॉस्पिटल में भर्ती है।

# कन्या गुरुकुल परिसर में खो-खो और दौड़ प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरुकुल कांगड़ी (समविश्वविद्यालय) के कन्या गुरुकुल परिसर, हरिद्वार के प्रबन्धन विभाग में संकायाध्यक्ष प्रो0 सुरेखा राणा के नेतृत्व में एम.बी.ए. एवं बी0बी0ए0 की छात्राओं के मध्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। प्रबन्धन विभाग की छात्राओं ने खो-खो और दौड प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रबन्धन विभाग की अध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो0 सुरेखा राणा नें छात्राओं का उत्साहवर्धन किया साथ ही खेलों का महत्व भी बताया उन्होने बताया की अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल-कूद अति आवश्यक है तथा खेल कूद हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य अगं होना चाहिये। खेल कोऑर्डिनेटर डॉ आशिमा गर्ग ने खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अपना योगदान दिया। खेलों का सम्पन्न कराने में विभाग की शिक्षिकाओं डॉ पूनम पैन्युली, डॉ इन्दु गौतम ने श्रीमती आकांक्षा चौहान ने भी योगदान दिया। खो-खो खेल प्रतियोगिता में एम0बी0ए0 की छात्रा हिमांशी की टीम ने विजय प्राप्त की एवं दौड प्रतियोगिता में मानसी, हिमांशी, विभांशी क्रमश प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।



इस अवसर पर समविश्व-विद्यालय की कुलपति प्रो0 हेमलता के0 एवं कुलसचिव प्रो0 सुनील कुमार ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेलों के लिए प्रेरित किया।

## धामी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट स्वागत योग्य : सेठी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महानगर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने धामी सरकार द्वारा जारी बजट पर सरकार को बधाई देते आर्थिक संतुलन के हिसाब से प्रस्तुत किया गया स्वागत योग्य बजट बताया। जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, ग्रामीण विकास, उद्योगों को बढ़ाने वाला, बस अड्डों के पुनर्निमाण, बांधो की व्यवस्था, जल, अग्नि, वन क्षेत्रों के लिए विशेष व्यवस्थाएं देने वाला बजट वित मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया है। बजट स्वागत योग्य है। बजट उत्तराखंड के आर्थिक संतुलन को स्थापित करता है। जिसके लिए व्यापारिक दृष्टिकोण और जनहित के हिसाब से धामी सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर वित मंत्री को बधाई देते है। बधाई देने वालो में मुख्य रूप से प्रीत कमल सारस्वत, पंकज माटा, भूदेव शर्मा, सुनील मनोचा, पवन पंडित, अनिल कोरी, हरीश अरोड़ा, रमन सिंह, रवि बांगा, राकेश सिंह, गौरव खन्ना, नंदकिशोर पंडित, सोनू चौधरी, एसके सैनी, धर्मपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे सटोरिए को दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे एक आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से 1425 रुपये और सट्टा पर्ची बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। रानीपुर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभिया चलाए जा रहे । बुधवार को स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि एक युवक सलेमपुर जाने वाले रास्ते पर सट्टा लगा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस में मौके से नवनीत पुत्र सत्यवीर सिंह निवासी बेगमपुर हरे थाना नगीना बिजनौर हाल निवासी रामधाम कालोनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में कां. गंभीर तोमर, कां. अजय शामिल रहे हैं।

# जेसीबी ने दो युवतियों को मारी टक्कर, एक की मौके पर हुई मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रोशनाबाद।** सिडकुल क्षेत्र में फैक्ट्री से काम कर कर घर लौट रही दो युवतियों को जेसीबी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी युवती बुरी तरह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचन मिली पहुंची पुलिस ने मृतक युवती के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जेसीबी कब्जे में ले ली है। सिडकुल थानाध्यक्ष मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि गुरुवार सूचना मिली कि एक कंपनी के पास जेसीबी ने दो युवतियों को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। टक्कर लगने से राज कौर युवती की मौके पर ही मौत हो गई थी।जबकि दूसरी युवती को निजी अस्पताल उपचार के लिए भेजा दिया गया है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि मृतका युवती का नाम राज कौर पुत्री मुन्नू निवासी मटौरा मान भटियाना खुशहालपुर जिला बिजनौर यूपी हाल निवासी रावली महदूद के रूप में हुई। घायल का युवती का नाम अनीता राय पुत्री सुभाष राय निवासी विशेनपुरी कालोनी, खीरी यूपी है। जानकारी करने पर पता चलता की दोनों युवतियां कंपनी से काम कर घर लौट रही थीं। वाहन चालक दुर्घटनास्थल पर जेसीबी को छोड़कर फरार हो गया। जेसीबी को पुलिस ने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया है। जेसीबी चालक की तलाश की जा रही है।शिकायत मिलने पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# चोरों ने धर्मशाला के बाहर खड़ी स्कूटी की चोरी

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में धर्मशाला के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी कर ली गई है। पुलिस ने वाहन स्वामी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महेश गौड़ पुत्र चंदन लाल लुधियाना ट्रस्ट धर्मशाला भोला गिरी रोड निकट गीता भवन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार को लुधियाना ट्रस्ट धर्मशाला भोला गिरी रोड गीता भवन के पास से स्कूटी नंबर UK17J3842 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। पीड़ित द्वारा स्कूटी को काफी ढूंढने के बाद भी पता नहीं चल पाया है। नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि वाहन स्वामी की शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्दी ही चोरों को ढूंढ लिया जाएगा।

# चुनाव में जनता से किए सभी वादे पूरे करेंगे : त्यागी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वार्ड 58 के पार्षद एडवोकेट सुमित त्यागी ने कहा कि चुनाव के दौरान उन्होंने जनता से जो वादे किए हैं। उन्हें पूरा किया जाएग। वार्ड में सीवर लाईन का काम चल रहा है। उसे सुव्यवस्थित तरीके से कराया जाएगा। वार्ड की सभी गलियों में सीवर लाईन बिछवायी जाएगी। इसके लिए उन्होंने प्रोजेक्ट के इंजीनियर्स को मौके पर बुलाकर राज विहार फेज-3, मोहन एन्कलेव, आनंद विहार और वार्ड में जिस क्षेत्र का सर्वे नहीं हुआ था, उस क्षेत्र और कालोनी का निरीक्षण अधिकारियों को कराया। अधिकारियों ने वादा किया है कि सब जगह एक साथ सीवर लाईन चालू होगी। सुमित त्यागी ने कहा कि अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया गया है कि वार्ड का एक भी मकान सीवर सुविधा से वंचित रहा तो विभाग को विरोध का सामना करना पड़ेगा।



# ममता बनर्जी ने माफी नहीं मांगी, तो आंदोलन करेगा संत समाज : श्रीमहंत रविंद्रपुरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से हिंदू समाज से माफी मांगने की मांग की है। अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताकर ममता बनर्जी ने करोड़ों हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाई है। जिसे कतई सहन नहीं किया जाएगा। सनातन धर्म का अपमान करने वाली ममता बनर्जी को अपने दिमाग का इलाज कराना चाहिए और हिंदु समाज से माफी मांगनी चाहिए। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि यदि ममता बनर्जी ने माफी नहीं मांगी तो संत समाज उनके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व है। जिसमें देश दुनिया से करोड़ों लोग शामिल होने के लिए पहुंचते हैं। प्रयागराज महाकुंभ में करोड़ो श्रद्धालु संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संतों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं। महाकुंभ सफल समापन की और बढ़ रहा है। इससे बौखलाकर ममता बनर्जी व अन्य नेता लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। जिसे संत समाज कतई सहन नहीं करेगा। केंद्र सरकार को भी हिंदू विरोधी बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के समापन पर अखाड़ा परिषद की बैठक में भी इस विषय को रखा जाएगा और इस पर विचार कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने तीन शाही स्नान सकुशल संपन्न होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई भी दी।

# पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कराया सड़क निर्माण शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने टिहरी विस्थापित कालोनी में आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सड़क निर्माण शुरू होने पर स्थानीय निवासियों ने राजीव शर्मा का स्वागत किया और उनका आभार जताया। पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि गली नं.।-4 की सड़कों का निर्माण होने से न केवल यातायात की सुविधा बेहतर होगी, बल्कि इलाके में सफाई और सुरक्षा में भी सुधार आएगा। हमारा लक्ष्य है कि हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं और उनके जीवनस्तर में सुधार हो। राजीव शर्मा ने यह भी कहा कि शहर की सुंदरता बढ़ाने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कई विकास कार्यों की योजना बनाई जा रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी ने कहा कि सड़कों के निर्माण से न केवल इस क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि स्थानीय निवासियों को जो परेशानी उठानी पड़ती थी, वह भी समाप्त हो जाएगी। भाजपा का उद्देश्य हमेशा जनता की सेवा करना है, और यह काम उसी दिशा में एक मजबूत कदम है। स्थानीय सभासद बृजलेश देवी ने कहा सड़क निर्माण कार्य स्थानीय लोगों के लिए एक बड़ी राहत है। इस कार्य के पूरा होने से स्थानीय निवासियों को गढ्ढो और खराब सड़कों से निजात मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, सभासद बृजलेश देवी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंशुल शर्मा, रीतु ठाकुर, चन्द्रभान सिंह, प्रदीप चौबे, मुकेश त्रिखा, गौरव रौतेला, गौरव गुजर, वेदांत चौहान, अशोक उपाध्याय, अनिता भंडारी, साधना, दीपक राय, रीना नेगी, शोभन दत्ता, मोहित शर्मा, सरदार नरेंद्र सिंह, सितराम, एके मिश्रा, राजेश बिष्ट, प्रहलाद कुमार आदि मौजूद रहे।



# हरिद्वार यूनिवर्सिटी में नर्सिंग विभाग ने किया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**हरिद्वार।** हरिद्वार यूनिवर्सिटी के नर्सिंग विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन और मेंस्टुअल हाइजीन आदि महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित किए गए कार्यक्रम में सभी महिला फैकल्टी और विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। गेस्ट लेक्चरर मेदांता हॉस्पिटल गुरूग्राम की डा. पूजा मित्तल ने नॉर्मल मेंस्टुएशन की जांच तकनीक, पीसीओडी और पीसीओएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए। प्रो-वाइस चांसलर डा.रमा भार्गव, वाइस चांसलर डा.धरमवीर सिंह और नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो.सोनिया शर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर विनीत पांडे, मानसी मौर्य, डा.हिमाद्री, आकांक्षा मिश्रा, मिर्लानीनी सिंह, आदि उपस्थित रहे।

## युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर जान दी

**खटीमा।** बड़ी बगुलिया में गुरुवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने आम के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। युवक होटल में काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गुरुवार सुबह बड़ी बगुलिया निवासी 27 वर्षीय अक्षय गोलदार पुत्र श्रीकांत ने घर के पास ही खेत में आम के पेड़ में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। बड़े भाई संजय ने बताया कि अक्षय उसके साथ सोया हुआ था। सुबह करीब साढ़े चार बजे वह उठकर बाहर चला गया। जब परिजन सुबह होने पर बाहर आए तो आम के पेड़ पर अक्षय को लटका देख उनके होश उड़ गए। परिजनों ने घटना की सूचना झनकईया थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को फंदे से उताकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। भाई संजय ने बताया कि अक्षय एक होटल में काम करता था, जो डेढ़ माह पूर्व छुट्टी पर आया था। वह अविवाहित था। वह चार भाइयों में तीसरे नंबर का था।

# त्याग, तपस्या और सेवा की साक्षात प्रतिमूर्ति थे ब्रह्मलीन स्वामी श्यामसुंदरदास शास्त्री: स्वामी हरिहरानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री गरीबदासीय आश्रम के ब्रह्मलीन परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर डा. स्वामी श्यामसुंदरदास शास्त्री महाराज की 104वीं जयंती के अवसर पर संत महापुरूषों के सानिध्य में जगजीतपुर स्थित श्री गरीबदासी संस्कृत महाविद्यालय में समारोह पूर्वक विद्वत सम्मेलन का आयोजन किया गया। समारोह में संत समाज और अतिथीयों ने ब्रह्मलीन स्वामी श्यामसुंदरदास शास्त्री महाराज का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। डा.पदम प्रसाद सुवेदी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आश्रम के अध्यक्ष आचार्य स्वामी डा.हरिहरानंद ने कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर डा. स्वामी श्यामसुंदर शास्त्री महाराज त्याग, तपस्या और सेवा की साक्षात प्रतिमूर्ति थे। पूज्य गुरूदेव के सानिध्य में प्राप्त शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए उनके द्वारा स्थापित आश्रम की सेवा परंपराओं को आगे बढ़ा रहे हैं। मेयर किरण जैसल ने कहा कि ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी डा. श्यामसुंदरदास शास्त्री महाराज विद्वान और तपस्वी संत थे। मानव कल्याण में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी श्यामसुंदरदास शास्त्री आज भले ही स्थूल रूप से संसार में उपस्थित नहीं है। लेकिन उनकी शिक्षाएं, विचार और कृतित्व सदैव समाज को प्रेरणा देते रहेंगे। सभी को उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लेना चाहिए। महंत दिनेश दास, महंत सुतिक्ष्ण मुनि, महंत शिवम महाराज, महंत राम, महंत अनंतानंद, महाविद्यालय की प्रधानाचार्य प्रेरणा गर्ग, प्रो. भोला झा, श्री गरीबदासीय आश्रम के प्रबंधक संजय वर्मा, लोकनाथ सुवेदी, डा.पदम प्रसाद सुवेदी, डा. विष्णु दत्त राकेश, हरिगोपाल शास्त्री, राकेश, डा. डंबर प्रसाद, मुकेश पाराशर, केशव बलियानी, दुर्गा प्रसाद आदि ने भी ब्रह्मलीन स्वामी डा. श्यामसुंदरदास शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में संतजन, संस्कृत महाविद्यालय के छात्र व श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



# भू-कानून में पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्र के लिए अलग नियमों पर पुनर्विचार करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** तीर्थ सेवा न्यास के अध्यक्ष स्वामी राम विशाल दास महाराज ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर नए भू-कानून में पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों के लिए भिन्न नियम लागू करने पर पुनर्विचार करने की मांग की है। पत्र में स्वामी रामविशाल दास महाराज ने कहा है कि नव प्रस्तावित भू-कानून में पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों के लिए अलग-अलग नियम बनाने का जो प्रस्ताव है, वह उत्तराखंड में क्षेत्रवाद को बढ़ावा देने का कार्य करेगा। यह नीति राज्य की एकता एवं समान विकास के सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होती है। इससे सामाजिक एवं क्षेत्रीय विभाजन और पहाड़ एवं मैदानी क्षेत्रों में आपसी वैमनस्य बढ़ सकता है, जो राज्य की एकता के लिए ठीक नहीं है। निवेश एवं विकास में असमानता अलग-अलग नियमों के कारण निवेशकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होगी। जिससे विकास कार्य प्रभावित होंगे। एक क्षेत्र के लिए सख्त नियम एवं दूसरे के लिए शिथिल नियम होने से आर्थिक असंतुलन बढ़ेगा और लोगों को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। यह नीति समानता के संवैधानिक अधिकार के भी विपरीत है, जिससे कानूनी विवाद उत्पन्न हो सकते हैं। मुख्यमंत्री से सकारात्मक निर्णय लेने की आशा व्यक्त करते हुए स्वामी रामविशाल दास महाराज ने मांग की है कि एक समान एवं संतुलित भू-कानून बनाया जाए। जो पूरे राज्य के हित में हो, ताकि उत्तराखंड के सभी क्षेत्रों का समुचित विकास हो और सामाजिक सौहार्द बना रहे।

## हरिद्वार में 21 से 23 फरवरी तक आयोजित होगी 23वीं उत्तराखंड वेटरन स्टेट

**हरिद्वार।** 23वीं उत्तराखंड वेटरन स्टेट बेडमिंटन चौंपियनशिप शुक्रवार से सिटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भल्ला कॉलेज में शुरू होने जा रही है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर के करीब 240 बैडमिंटन खिलाड़ी जुटेंगे। चौंपियनशिप में 35 वर्ष से 75 प्लस आयु वर्ग के महिला और पुरुष खिलाड़ी सिंगल्स, डबल्स और मिक्स डबल्स मैच में प्रतिभाग करेंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक के नेतृत्व में आयोजित होने वाली इस चैंपियनशिप में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। इसका उदघाटन एचआरडीए उपाध्यक्ष अंशुल सिंह करेंगे। एचआरडीए के सचिव मनीष सिंह विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

# जौनसार बावर की ऊंची चोटियों ने ओढ़ी बर्फ की सफेद चादर

## किसानों और बागवानों में खुशी, तापमान में भारी गिरावट

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** फरवरी के अंतिम दिनों में जौनसार बावर की ऊंची चोटियों ने एक बार फिर बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। गुरुवार को अचानक मौसम का मिजाज बदलने से ऊंचाई वाले इलाकों में जबरदस्त बर्फबारी हुई, जिससे किसान और बागवानों के चेहरे खिल उठे। जिसे सेब और बागवानी फसलों के लिए अमृत समान माना जा रहा है।



### मौसम का बदला मिजाज, फिर लौटी ठंड

मौसम विभाग ने पहले ही भारी बारिश का अलर्ट जारी किया था, जिसके बाद बुधवार देर रात से मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी। गुरुवार सुबह होते ही चकराता की ऊंची पहाड़ियों लोखंडी, कोटी कनासर, देवबन, मोहिला टॉप, बुधेर, खड़ाबा, मुंडाली, जाड़ी, धारनाधार पर हिमपात हुआ। यह इस सीजन का सातवां बड़ा हिमपात है। वहीं, निचले इलाकों में झमाझम बारिश होने से फिर से शीतलहर लौट आई, और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। ठंड बढ़ने से लोग फिर से ऊनी कपड़ों में नजर आए। जगह-जगह अलाव, हीटर और अंगीठियों का सहारा लिया जा रहा है। इस बर्फबारी से सड़कें और जंगलों में जमी धूल हट गई, जिससे पर्यावरण भी स्वच्छ हुआ है।

### किसानों और व्यापारियों के चेहरे खिले

स्थानीय बागवान गौरव चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान, दिगंबर सिंह चौहान और नरेश चौहान का कहना है कि लंबे समय से किसान और बागवान अच्छी बारिश और बर्फबारी का इंतजार कर रहे थे। यह बर्फबारी सेब और अन्य बागवानी फसलों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी।

वहीं, लोखंडी निवासी रोहन राणा ने बताया कि बुधवार तक आसमान साफ था और बर्फबारी की कोई उम्मीद नहीं थी, लेकिन गुरुवार को अचानक हुई बर्फबारी ने सभी को चौंका दिया।

पर्यटन व्यवसाय से जुड़े राजेंद्र सिंह, मुकेश तोमर, देवेंद्र सिंह, अंकित तोमर, आशु तोमर, पंकज चौहान और सुशांक तोमर ने बताया कि इस बर्फबारी से पर्यटन व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। बीते वर्ष विंटर सीजन में पर्यटकों की संख्या में कमी देखी गई थी, लेकिन इस बर्फबारी से होटल और अन्य पर्यटन व्यवसायों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

गुरुवार को हुई बर्फबारी से लोखंडी में करीब एक फीट तक बर्फ जम गई है। हालांकि, राहत की बात यह है कि किसी भी मोटर मार्ग के बंद होने की सूचना नहीं है। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में हल्की बर्फबारी जारी थी।

# धामी ने दिल्ली की सीएम रेखा से भेंट कर दी बधाई



नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी। सीएम धामी ने कहा कि रेखा गुप्ता के कुशल नेतृत्व में दिल्ली विकास के नए आयाम स्थापित करेगी और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में सरकार सफल रहेगी। निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और डबल इंजन सरकार के समर्पित प्रयासों से राजधानी समृद्धि और प्रगति की दिशा में निरंतर आगे बढ़ेगी।

# एसजीआरआर ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का किया गया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** श्री गुरु राम राय इंटर कालेज सहसपुर में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 12वीं के छात्र छात्राओं को बहुत धूमधाम से विदाई दी गई। इस अवसर पर नवोदय विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य सोहन सिंह सैनी मुख्य अतिथि की भूमिका में उपस्थित हुए जिन्हें विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रविन्द्र सैनी ने शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत और सम्मान किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा हेतु की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया और परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए साथ ही शिक्षक शिक्षिकाएं और कर्मचारियों के साथ अपना अनुभव भी साझा किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी छात्र छात्राओं को बोर्ड परीक्षा हेतु शुभकामनाएं दी और आशीर्वाद प्रदान किया। विदाई समारोह के इस कार्यक्रम में कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसके आधार पर मिस्टर फेयरवेल अभिषेक चौधरी तथा मिस फेयरवेल सृष्टि साक्य को चुना गया। जिन्हें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी। कार्यक्रम का मंच संचालन 11वीं कक्षा की छात्रा जैविश और दरक्षा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और कर्मचारीग उपस्थित रहे।



छात्र-छात्राओं को बहुत ही धूमधाम से दी गई विदाई

# भाजयुमो ने 'बजट पे बात यूथ के साथ' के माध्यम से किया युवाओं को जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा देहरादून द्वारा 'बजट पे बात यूथ के साथ' कार्यक्रम का जेबीआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज सहसपुर में आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो छात्र छात्राओं को भाजयुमो द्वारा मोदी सरकार का केंद्रीय बजट 2025-26 के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजयुमो संजय तोमर ने बताया कि आज मोदी सरकार का केंद्रीय बजट 2025-26 एक गेम चेंजर है जो विकास को गति देने, समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने और भारत के आर्थिक भविष्य को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया है। 'बजट पे बात, यूथ के साथ' के माध्यम से भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं को जागरूक कर अर्थपूर्ण चचाओं को बढ़ावा देने और समृद्ध एवं समावेशी भारत के विजन को धरातल तक पहुँचाने की ताकत रखता है। कार्यक्रम में मुख्यता रिजर्वेशन और स्किल डेवलपमेंट के संबंधित मुद्दों पर ज्यादा चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजयुमो संजय तोमर, जिला महामंत्री विनायक नौटियाल, धीरज रावत, सारांश डोगरा, अभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे।





# डॉ. पराग धकाते को नियुक्त किया यमुना धाम हरीपुर का नोडल अधिकारी

**कालसी (शाह टाइम्स)।** हरिपुर यमुना तट पर घाट निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री ने डेढ़ वर्ष पूर्व शिलान्यास किया था परंतु अभी भी कार्य प्रारंभ ना होने को लेकर लोक पंचायत ने इसका विरोध किया था इसका संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने यमुना निर्माण घाट के लिए विधिवत मुख्यमंत्री के विशेष सचिव डॉ मधुकर पराग धकाते को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। हरिपुर कालसी की पौराणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक मेहता को प्रदर्शित करते हुए लोक पंचायत इस स्थान पर घाट निर्माण के लिए प्रयास कर रही है जिसको लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 7 सितंबर 2023 को हरिपुर यमुना तट पर घाटों का शिलान्यास किया था। परंतु लंबे इंतजार के बाद भी घाटों का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री ने एक विशेष बैठक में डॉ. पराग मधुकर धकाते को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है इसके आदेश अपर सचिव संजय टोलिया ने जारी किये है। डॉ. धकाते वर्तमान में मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव के साथ-साथ वन भूमि स्थानांतरण, एवं पर्यावरण का कार्य देख रहे हैं। उनके नोडल अधिकारी बनने पर कार्य में तेजी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस कार्य को 6 माह के अंदर पूरा करना है। लोक पंचायत जमुना तीर्थ समिति के अध्यक्ष गंभीर सिंह चौहान ने कहा है कि डॉ. पराग धकाते को नोडल अधिकारी बनाने से कार्य प्रारंभ होगा इसकी गुणवत्ता और समय सीमा के साथ कार्य पूरा भी होगा।

# पालिकाध्यक्ष नीरू देवी के अगुवाई में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में प्रस्ताव पारित

- सांसद में विधेयक को पारित कर कानूनी रूप दिए जाने की मांग
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेजा प्रस्ताव

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** नगरपालिका परिषद की अध्यक्षा नीरू देवी की अध्यक्षता में भाजपा सभासद, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एक बैठक आयोजित कर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के समर्थन में प्रस्ताव पास कर प्रस्ताव की एक कॉपी राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को भेज कर इस लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की है। पालिकाध्यक्ष नीरू देवी ने राष्ट्रपति को भेजे प्रस्ताव में कहा कि ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्न के समर्थन में प्रस्ताव पास करने का मकसद भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का मुख्य उद्देश्य लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ आयोजित करना है ताकि समय, संसाधन और प्रशासनिक खर्चों की बचत हो सके तथा देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि बार बार चुनाव करने में भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बबार्दी होती है। एक साथ चुनाव से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और सुरक्षा बलों, शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बार बार चुनावी डयूटी से मुक्त किया जा सकेगा। पालिकाध्यक्ष नीरू देवी ने कहा कि इसके अलावा विकास कार्यों में निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता, चुनाव खर्च में कटौती हो सकेगी। पालिकाध्यक्ष, सभासद व व्यापार मंडल ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव का समर्थन कर राष्ट्रपति से इसे लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की अपील की है। प्रस्ताव में अधिशासी अधिकारी बीएल आर्य, सभासद सुरजीत सिंह बग्गा, सरिता थापा, अर्चना नेगी, सुबीर कुमार दास, नेहा, संतोष सिंह रावत, मुकेश भरतरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष, देवेंद्र धीमान, पवन शर्मा, कोमल चौधरी आदि के हस्ताक्षर मौजूद हैं।

# एसवीएम ने मनाई सर संघचालक माधवराव गोलवलकर की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में साहस व शौर्य के प्रतीक महान योद्धा छत्रपति शिवाजी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, छत्रपाल सिंह, मनीष जगूड़ी, बिमलेश त्यागी तथा अन्य छात्र छात्राओं द्वारा मां सरस्वती, छत्रपति शिवाजी व माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। छात्रा मानवी तोमर तथा पिंकी यादव ने दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। विद्यालय की आचार्या बिमलेश त्यागी ने कहा कि शिवाजी महाराज एक महान मराठा योद्धा रहे हैं जिनका जन्म 19 फरवरी, 1630 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के शिवनेरी किले में हुआ था। उनके पिता शाहजी भोंसले, माँ जीजाबाई थीं। उन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना की और पश्चिमी घाटों में मुगल साम्राज्य के खिलाफ युद्ध लड़े तथा छत्रपाल सिंह ने माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर के विषय में बताते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक तथा विचारक थे। इनके अनुयायी इन्हें प्रायः श्गुरूजीश के नाम से पुकारते हैं। हिंदुत्व की विचारधारा का प्रवर्तन करने वालों में उनका नाम प्रमुख है। कार्यक्रम का संचालन बहन मेघा तिवारी ने किया।



# भारतीय राज्यों में जनजातीये समुदायों के महानायकों को स्कूली किताबों में भुला दिया गया : सुदेश

## केवल केंद्र शासित प्रदेश गोवा में ही जनजातीय महानायकों को स्कूली किताबों में दी गई है जगह

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालसी।** पुकार स्किल डेवलपमेंट फाउंडेशन कालसी ने जनजाति महानायकों, प्रतिभाओं, साहित्यकारों, लेखक आदि को कक्षा-1 से कक्षा-12 के किताबों में सी.बी.एस.ई बोर्ड और राज्य बोर्ड में परिचय देने से संबंधित पत्र भेजा है। पुकार स्किल डेवलपमेंट फाउंडेशन कालसी उत्तराखंड भारत के (मैनेजिंग डायरेक्टर) सुदेश तोमर द्वारा राज्य प्राथमिक बोर्ड, राज्य माध्यमिक बोर्ड और सी.बी.एस.ई बोर्ड दिल्ली को पत्र भेजा है। उनका कहना है भारत की आजादी के 77 साल पूरे होने के बावजूद भी जनजातीय समुदाय के महानायकों और प्रतिभाओं और साहित्यकारों और अन्य उभरती प्रतिभाओं को राज्यों द्वारा ना तो राज्य बोर्ड की किताबों में परिचय दिया गया है और ना ही सी.बी.एस.ई बोर्ड, आई.सी.एस.ई बोर्ड की किताबों में जनजाति महानायकों का परिचय दिया गया है जिससे कि जनजातीय समुदाय के महानायकों के बारे में युवा पीढ़ी जान सके और जनजातीय मानवों के बलिदान को युवा पीढ़ी समझ सके। उन्होंने कहा जबकि 2021 से 'जनजाति गौरव दिवस' भगवान बिरसा मुंडा की जन्म दिवस पर केंद्र सरकार द्वारा हर साल मनाया जा रहा है। लेकिन भारतीय राज्यों में केवल केंद्र शासित प्रदेश गोवा में ही जनजातीय महानायकों को कक्षा 7 और कक्षा 8 में उनके जीवन परिचय के बारे में पढ़ाया जा रहा है जबकि अन्य राज्यों में जनजातीय समुदायों की विधानसभा होने के बावजूद भी उनके समुदाय के महानायकों जननायक और प्रतिभाओं और साहित्यकारों लेखको आदि के कार्यों को हाशिये पर रखा गया है। उन्होंने कहा यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी जब तक जनजातीय महानायकों बलिदान को देश स्वीकार नहीं करेगा।

# प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष बनी संगीता चौहान

**कालसी (शाह टाइम्स)।** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन के चुनाव में संगीता चौहान अध्यक्ष चुनी गई। संगीता ने संजय राठौर को हराया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रमेश चंद ने कपिल देव शर्मा को, उपाध्यक्ष पद पर हरपाल सिंह ने प्रवीण कुमार व कुंदन सिंह ने जाहिद अली, सरदार सिंह ने पंकज कुमार को विनीता रावत ने अंजली रावत को, मंत्री पद पर हेमवती नंदन भट्ट ने मुकेश कुमार को, संयुक्त मंत्री पद पर गजे सिंह नौटियाल ने जयप्रकाश को, उप मंत्री पद पर जयपाल नौटियाल ने जाकिर हुसैन को, प्रीतम सिंह ने मधुबाला को, संगठन मंत्री पद पर वचन सिंह, जगवीर, ससिया दास, मीना जीती। वहीं प्रचार मंत्री पद पर दीवान सिंह चौहान, हीरा सिंह, सबल सिंह, चंडा देवी ने जीत दर्ज की।

# एक्टिवा चोरी की घटना का राजपुर पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मौ0 साकिब निवासी लक्खी बाग कोतवाली नगर देहरादून द्वारा थाना राजपुर पर प्रार्थना पत्र दिया कि अज्ञात चोर द्वारा उनकी एक्टिवा संख्याः यू0के0-07-डीबी-7654 साईं मंदिर राजपुर रोड के सामने से चोरी कर लिया गया। सूचना के बाद स्थानीय पुलिस ने एक्टिवा चोरी हो जाने के मामले में धारा 303(2) भा0न्या0सं0 का अभियोग पंजीकृत किया। थाना अध्यक्ष राजपुर परमेश्वरी दत्त भटनी जानकारी देते हुए बताएं की साइन मंदिर के समीप से एक्टिव चोरी हो जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के निर्देशन पर पुलिस टीम का गठन किया गया उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने साइन मंदिर के समीप लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेजों को खंडाला और संदिग्धों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्रित की गयी। साथ ही वाहन चोरी की घटना में पूर्व में जेल में गये अभियुक्तों की वर्तमान स्थिती का भौतिक सत्यापन किया गया। थाना अध्यक्ष राजपुर परमेश्वरी दत्त भट्ट द्वारा जानकारी देते हुए बताएं कि पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप सूचना रात्रि चेकिंग के दौरान डाक पट्टी ओल्ड मसूरी रोड के पास से 02 वाहन चोरों अयान और उस्मान को उक्त चोरी कि गई स्कूटी वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तो द्वारा बताया गया कि वे दोनो मजदूरी का काम करते हैं तथा अपने खर्चो की पूर्ति के लिये उनके द्वारा उक्त वाहन चोरी की घटना अंजाम दिया गया था, अभियुक्त चोरी किए गए वाहन को बेचकर पैसा कमाने की फिराक में थे। राजपुर पुलिस ने पकड़े गए दोनों वाहन चोरों को संबंधित न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें शुद्ध वाला जेल भेज दिया गया। नगर क्षेत्र से लगातार चोरी हो रहे दुपहिया भानु के संबंध में अपने अधीनस्थों को आदेशित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि अगर किसी थाना क्षेत्र या कोतवाली क्षेत्र से दुपहिया वाहन चोरी होता है तो उसकी सर्किल ऑफिसर की जिम्मेदारी तय की जाएगी उन्होंने कहा कि वाहन चोरों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया जाए और उन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए।



# 4 माह से गुमशदा युवती को पुलिस ने बरामद किया, परिजनों को सौंपा

सर टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड पुलिस द्वारा संपूर्ण राज्य में चलाए जा रहे ऑपरेशन मिलाप अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुए उन्हें यथाशीघ्र ढूंढने हेतु निर्देशित किया गया है। एसपी के निर्देश के बाद राजपुर पुलिस ने चार माह से लापता युक्ति को से कुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया' राजपुर थाना अध्यक्ष परमेश्वरी दत्त भटनी जानकारी देते हुए बताएं कि विगत वर्ष 12 अक्टूबर को एक महिला निवासी सहस्त्रधारा रोड देहरादून द्वारा जानकारी दी गई थी की उसकी 20 वर्षीय पुत्री परिजनों से नाराज होकर बिना बताए घर से कहीं चली गई है। तहरीर के आधार पर थाना राजपुर पुलिस द्वारा युवती की गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवती की सकुशल बरामदगी हेतु प्रयास शुरू किये गए। गठित टीम द्वारा युवती की सकुशल बरामदगी हेतु लगातार सुरागरसी पतारसी करते हुए तथा मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि इलेक्ट्रानिक सर्विलासं के माध्यम से भी युवती के संबंध में जानकारी की गई। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप विकास दिवस 19 फरवरी को मोबाइल सर्विलांस की सहायता से उक्त गुमशुदा युवती को नगीना जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया। थाना अध्यक्ष राजपुर परमेश्वरी दत्त भट्ट ने बताया कि पूछताछ के दौरान युवती द्वारा बताया गया कि वो अपने घर वालों से किसी बात से नाराज होकर घर से चली गयी थी, इस दौरान उसके द्वारा अलग-अलग जनपदों में कई घरों में मेड का कार्य किया गया। युवती द्वारा अपने साथ किसी भी अपराधिक घटना के घटित होने से इंकार किया गया। पिछले 04 महीनों से लापता युवती के सकुशल वापस मिलने पर युवती के परिजनों द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा की।



# सीएचसी सहिया में अल्ट्रासाउंड मशीन का सीएमओ देहरादून ने किया विधिवत उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया करीब 30 बेड का अस्पताल है। यह अस्पताल लगभग डेढ़ सौ गांव का मुख्य केंद्र बिंदु है अस्पताल में प्रतिदिन 100 से 150 तक ओपीडी होती है। जिसमें अधिकतर गर्भवती महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग अपना इलाज करवाने आते हैं। ऐसे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने के चलते मरीजों को विकासनगर के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। जिससे समय की बबार्दी और आर्थिक नुकसान भी मरीज को झेलना पड़ रहा था। स्थानिक ग्रामीणों की मांग पर जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जा चुकी है। जिसका विधिवत्त गुरूवार को सीएमओ देहरादून डॉ. मनोज शर्मा द्वारा उद्घाटन किया गया जिसमें तीन मरीजों के अल्ट्रासाऊंड स्केन किए गए। इसके लिए विकासनगर से रेडियोलॉजिस्ट अपनी सेवाएं देंगे। इस दौरान स्थानीय ग्रामीण सुरेंद्र सिंह चौहान, विनोद भसीन आदि ने सीएमओ से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया में आर्थो, सर्जन की मांग भी रखी जिससे कि यहां के मरीजों को और लाभ मिल सके। इस दौरान एसीएमओ डॉ. दिनेश चौहान, पीसीपीएनडीटी प्रदीप राणा, सीएससी प्रभारी डॉ. विक्रम तोमर, डॉक्टर उमंग नौटियाल, डॉ. अक्षय आनंद, डॉ. ममता नेगी, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अलिंद पोखरियाल, ममता बहुगुणा, जगमोहन कंडारी आईसीटीसी काउंसलर, फार्मासिस्ट आजाद चौधरी, रोजलिन, इस्मत आदि मौजूद रहे।



# महाविद्यालय त्यूणी में कौशल विकास प्रशिक्षण की कार्यशाला शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**त्यूनी।** पंडित शिव राम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में प्रोजेक्ट गौरव के अंतर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण की चार दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। प्रोजेक्ट गौरव उत्तराखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातकों को कौशल प्रदान करने के लिए अनूठी एवं अद्भुत पहल है। इसके उपरांत बैंकिंग इत्यादि क्षेत्रों के लिए छात्र कौशल विकसित कर सकेंगे और अपने भविष्य में स्वरोजगार एवं अन्य रोजगार के लिए आवश्यक योग्यता अर्जित कर सकेंगे। प्रोजेक्ट गौरव का उद्देश्य उत्तराखंड के युवाओं को बीएफएसआई में आवश्यक कौशल और ज्ञान के साथ सशक्त बनाना, कौशल अंतर को पाटना और उन्हें भविष्य के लिए रोजगार योग्य बनाना है। कार्यशाला की शुरूआत छात्रों के पंजीकरण से हुई।

# यूके बोर्ड परीक्षाएं आज से

## शांतिपूर्ण परीक्षाएं सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं उत्तराखंड शिक्षा एवं परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षाओं के सुचारू सम्पादनार्थ एवं परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी वंदना के निर्देशानुसार जिले के सभी बोर्ड परीक्षा केन्द्र परिसर एवं उसके 200 मीटर की परिधि में 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत विभिन्न प्राविधानों/शर्तों के अनुरूप निषेधाज्ञा लागू की गई है। परगना मजिस्ट्रेट नैनीताल वरुणा अग्रवाल ने अवगत कराया कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12वीं की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों बिरला विद्या मंदिर नैनीताल, सेंट जीवीयर स्कूल, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, वुड ब्रिज स्कूल ल्वेशाल भवाली, लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल, डॉन बॉक्सों पब्लिक स्कूल, आदि में तथा सीआरएसटी राजकीय इंटर कॉलेज ज्योलीकोट, राजकीय इंटर कॉलेज दोगुड़ा आदि परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार से व्यवधान या अवरोध होने/किये जाने की संभावनाओं के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए तथा परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीक्षा केन्द्र की परिधि में निषेधात्मक लागू की गई है। इसके अतिरिक्त कोई भी बाहरी व्यक्ति बिना पूर्वानुमति के परगने में स्थित परीक्षा केन्द्र के अन्दर नहीं जायेगा तथा न ही परीक्षा केन्द्र परिसर के बाहर 200 मीटर की परिधि में प्रवेश करेगा। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर पाठ्य सामग्री नहीं ले जायेगा, और ना ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त आदेश परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्ति तक लागू रहेंगे।

### परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड शिक्षा एवं परीक्षा परिषद रामनगर, नैनीताल द्वारा आयोजित परिषदीय परीक्षा-2025 की हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षाएं कल यानि आज शुक्रवार से 11 मार्च के मध्य होनी हैं। उक्त के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में परगना मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी परितोष वर्मा ने परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए हल्द्वानी परगना क्षेत्रांतर्गत परीक्षा केंद्रों के चारों तरफ 100 मीटर की परिधि में तत्काल प्रभाव से धारा 163 लागू की गई है। इस दौरान परगना हल्द्वानी अंतर्गत स्थित परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के क्षेत्रांतर्गत जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट अथवा संबंधित क्षेत्रीय मजिस्ट्रेट की पूर्वानुमति के बिना प्रवेश नहीं करेंगे, न किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे और न ही सभा करेंगे। कोई भी परीक्षार्थी/व्यक्ति किसी भी प्रकार शस्त्र, लाठी, डंडा, आदि लेकर परीक्षा स्थल अथवा उसकी 100 मीटर की परिधि में नहीं आएगा। परीक्षा स्थलों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर, डीजे आदि का प्रयोग वर्जित रहेगा। उल्लंघन की दशा में संबंधित व्यक्ति के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के सुसंगत प्राविधानों के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### चैक बाउंस मामले में छह माह की सजा

**अल्मोड़ा।** एनआई एक्ट के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने फैसला सुनाया है। मामले में आरोपी शराब कारोबारी को छह माह की सजा और साढ़े पांच लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता एचडी पांडे ने बताया कि साल 2022 में कर्नाटखोला निवासी आरोपी त्रिवेंद्र सिंह पालनी को शिकायकर्ता खोल्टा निवासी दिनेश देवड़ी समेत अन्य पार्टनरों ने शराब कारोबार के लिए 32 लाख रुपये की कैपिटल पूंजी दे दी। बताया कि आरोपी पालनी ने कारोबार शुरू होने के बाद उन्हें लाभ हानि का ब्यौरा नहीं दिया। जिसके बाद हिस्सेदारी लौटाने की मांग की गई। इस दौरान आरोपी ने 18 लाख रुपये बैंक में जमा कर दिए। जबकि 14 लाख में से पांच लाख का चैक दे दिया। चैक बैंक में दो बार लगाया गया, लेकिन चैक बाउंस हो गया। जिसके बाद मजबूरन उन्हें आरोपी को नोटिस भेजकर न्यायालय में वाद दायर करना पड़ा। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आरोपी शराब कारोबारी त्रिवेंद्र सिंह पालनी को एनआई एक्ट में दोषी पाते हुए छह माह का कारावास की सजा सुनाई।

## उत्तराखण्ड सरकार का बजट ऐतिहासिक: भगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में पेश बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1,01,175.33 करोड़ का बजट पेश किया है, जो राज्य के इतिहास में पहली बार एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का है। बजट को कृषि, ऊर्जा, अवसंरचना, कनेक्टिविटी, आयुष, कृषि और पर्यटन सात प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित किया गया है। विधायक भगत ने बताया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 178.83 करोड़ का प्रावधान किया गया है। कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क पाठ्यपुस्तकों के लिए 59.41 करोड़ और कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क जूते एवं बैग की व्यवस्था के लिए 23 करोड़ आवंटित किए गए हैं। बालिका शिक्षा प्रोत्साहन (साइकिल) योजना के लिए भी 15 करोड़ का प्रावधान है। सामाजिक सुरक्षा के लिए 1,811.66 करोड़, विभिन्न योजनाओं में सब्सिडी के लिए 918.92 करोड़, अन्नपूर्ति योजना के लिए 600 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 207.18 करोड़ और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए 54.12 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचा एवं जल संसाधन के क्षेत्र में मेगा प्रोजेक्ट योजना के तहत 500 करोड़, जमरानी बांध के लिए 625 करोड़, सौंग बांध के लिए 75 करोड़, लखवाड़ परियोजना के लिए 285 करोड़, जल जीवन मिशन के लिए 1,843 करोड़ और नगर पेयजल के लिए 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गई है। सरकार ने राजस्व घाटे को नियंत्रित रखते हुए विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया है। विधायक भगत ने बजट को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। यह बजट राज्य के समग्र विकास, आर्थिक संतुलन, नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है।

## फरार कैदी 48 घंटे बाद भी पुलिस की पकड़ से बाहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल से बंदी रक्षकों को चकमा देकर फरार हुए विचाराधीन कैदी का 48 घंटे बाद भी पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश देने के साथ ही सीसीटीवी फुटेजों को भी खंगालने में लगी हुई है। लेकिन सुशीला तिवारी अस्पताल के कैमरों के बाद आरोपी उसके अलावा किसी ओर कैमरों में नजर नहीं आया। बता दें कि फरार कैदी रोहित निवासी चौती गांव आईटीआई, काशीपुर ऊधमसिंह नगर को चोरी के मामले में आईटीआई थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बीते 18 फरवरी की देर रात उसके पेट दर्द होने पर उसे उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी निगरानी के लिए बंदी रक्षक पवन गोसाई और खेम सिंह को तैनात किया गया था। हालांकि, रोहित दोनों बंदी रक्षकों को चकमा देकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने उसके खिलाफ नया मुकदमा दर्ज कर लिया है और लगातार खोजबीन जारी है, लेकिन 48 घंटे बीते जाने के बाद भी आरोपी रोहित की पकड़ से कोसो दूर है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है साथ ही काशीपुर पुलिस से भी मदद ले रही है। फरार आरोपी रोहित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही साथ ही सीसीटीवी फुटेजों को भी खंगालने में लगी हुई है। लेकिन सुशीला तिवारी अस्पताल से भागने के बाद आरोपी एसटीएच के कैमरों के बाद किसी और कैमरों में नजर नहीं आ रहा है।

### उपचार के दौरान एसटीएच से हुआ था फरार

### दिव्यांग ऑफिस के पास बाइक चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जज फार्म स्थित दिव्यांग ऑफिस के पास एक व्यक्ति की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मुखानी थाने में तहरीर सौंपकर कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, उसकी एवेंजर बाइक संख्या यूके04वी-0067 कमरे के बाहर खड़ी थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने बुधवार रात चोरी कर लिया। बाइक चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शीघ्र ही वाहन चोर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## फिर धधका हल्द्वानी का ट्रंचिंग ग्राउंड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंद्रानगर स्थित नगर निगम के ट्रंचिंग ग्राउंड में एक बार फिर भीषण आग भड़क उठी। गुरुवार सुबह से ही जहरीले धुएं का गुबार उठना शुरू हो गया, जिससे इंद्रानगर, गौलापार और आसपास के इलाकों में सांस लेना मुश्किल हो गया। पूरा क्षेत्र जहरीली धुंध की चपेट में आ गया, जिससे स्थानीय निवासियों में आक्रोश है। बीते दिसंबर में भी ट्रंचिंग ग्राउंड में आग लगी थी, जिसे बुझाने में तीन-चार दिन की मशक्कत करनी पड़ी थी। अब फिर से आग लगने से नगर निगम के हाथ-पांव फूल गए हैं। नगर निगम की टीम गुरुवार सुबह से ही वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कांडपाल के नेतृत्व में आग बुझाने में जुटी रही। डा. कांडपाल ने खुद मौके पर रहकर हालात की मॉनीटरिंग की और देर शाम तक 50 से अधिक टैंकरों के जरिए आग को बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, शाम तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था। ट्रंचिंग ग्राउंड में हल्द्वानी के साथ ही नैनीताल, भवाली और रामनगर का कूड़ा डाला जाता है, जहां वर्तमान में 1.5 लाख मीट्रिक टन से अधिक कचरा जमा है। 2022 में कूड़ा निस्तारण के लिए लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया था, लेकिन कंपनी ने मानकों के अनुरूप काम नहीं किया, जिससे नगर निगम ने अनुबंध तोड़ दिया। इसके बाद नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई, लेकिन अभी तक प्लांट शुरू नहीं हुआ। वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कांडपाल ने बताया कि लीगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और संबंधित कंपनी को कार्यादेश जारी कर दिया गया है। जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। लगातार आग लगने की घटनाओं से स्थानीय लोग नाराज हैं और कूड़े के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

### जहरीले धुएं से घुट रहा लोगों का दम



### एंबुलेंस से टकराई बाइक पिता-पुत्र घायल

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में एंबुलेंस को ओवरटेक करने के दौरान बाइक सवार पिता-पुत्र दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हादसा गुरुवार दोपहर लामाचौड़ के पास हुआ, जब रामनगर से हल्द्वानी आ रही एंबुलेंस को बालक राम (50) और उनका सात वर्षीय बेटा दक्ष राम ओवरटेक करने का प्रयास कर रहे थे। बाइक एंबुलेंस के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिससे दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि दोनों को हल्की चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय से उन्हें छुट्टी दे दी गई।

## संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट के समीपवर्ती सरियाताल स्थित सिद्धेश्वर शिवालय में वीरवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया। बता दें कि इस दौरान बड़ी संख्या में परम्परागत परिधानों में महिला भक्तजनों ने जयकारों के साथ कलश यात्रा निकाली। भक्तिपूर्ण माहौल में व्यास देवेश शास्त्री द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ कलश स्थापना, मुख्य यजमान दंपति युवराज बिष्ट और शीतल बिष्ट को संकल्प ग्रहण कराया। इस दौरान दोहपर बाद आयोजित प्रवचनों में उन्होंने कहा कि भक्ति धर्म और सद्कर्म ही मानव जीवन की पूंजी है। बोले कि जो इस लोक के बाद संसार छूटने के बाद भी अपना फल देते हैं जबकि सभी सांसारिक वस्तुएं अंतिम क्षण में छूट जाती हैं। आयोजन समिति के सदस्यों सहित पूर्व दर्जा मंत्री जया बिष्ट, शोभा जीना, मन मोहन सिंह बिष्ट, सुरेन्द्र कोटलिया, ग्राम प्रशासक हरगोविंद सिंह रावत, भावना रावत, नीलम रावत समेत ग्रामीण तथा आचार्यगण विनोद पाठक, कमल पाठक तथा तारादत्त पांडे आदि सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि शिवालय का पुर्ननिर्माण किया गया है। समापन महाशिवरात्रि यानी 26 फरवरी बुधवार को भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा।

## ब्रह्मस्थली मंदिर के दर्शन, ट्रेकिंग की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नेहरू युवा केंद्र एवं माई भारत नैनीताल युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुमाऊंनी कारवां पंगोट (नैनीताल) में पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम तीसरे दिन यानी वीरवार को भी जारी रहा। इससे पूर्व बीते दिवस यानी बुधवार को द्वितीय दिवस की शुरुआत प्रतिभागियों द्वारा योग से की गई, जिसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने ब्रह्मस्थली मंदिर के दर्शन किए एवं ट्रैकिंग की जबकि और तृतीय दिन यानी वीरवार के प्रथम स्तर में प्रशिक्षक पुष्कर दानू द्वारा उत्तराखंड की संस्कृति एवं भाषा पर रही जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपने अपने जिले की तीज त्यौहार एवं खान पान पर चर्चा की और वहीं द्वितीय चरण में देवेंद्र सिंह कोटलिया ने नेतृत्व, कौशल विकास और कैरियर परामर्श विषय में युवाओं को जागरूक किया और तीसरे सत्र में युवाओं ने ग्राम पंगोट में भ्रमण कर ग्रामवासियों से बातचीत कर बिहार एवं उत्तराखंड राज्यों के अंतर को जाना और चतुर्थ एवं अंतिम सत्र में जिला युवा अधिकारी डौल्बी तिवेतिया ने माई भारत एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रतिभागियों को दी साथ ही एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत चलाए जा रहे आदान प्रदान कार्यक्रमों के महत्व बताए जबकि सायं में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी जिलों के युवाओं ने प्रतिभाग किया और एक दूसरे के जिलों के संस्कृति को जाना। कार्यक्रम में आरती, रूपा तथा अनुज आदि का विशेष सहयोग रहा। बता दें कि कार्यक्रम में अतिथि राज्य बिहार के पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर तथा समस्तीपुर एवं खगरिया से 5-5 युवा एवं दो ग्रुप लीडर समेत कुल 27 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम




### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधारोपण आंदोलन वीरवार को 230 वें दिन भी जारी रहा। बता दें कि वीरवार को डीडीहाट के हाट गांव में भागवत कथा के पारायण के अवसर पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह समेत गोविंद लाल शाह, हीरा लाल, त्रिभुवन लाल शाह, धन सिंह कफलिया, महिमन भंडारी, जगदीश लाल शाह, नवीन काफलिया सहित हर सिंह तथा शेर सिंह, दीपक, नरेंद्र थापा व गोपाल बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### उत्तराखंड के संकल्पों को साकार करने वाला बजट

**हल्द्वानी।** भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री दीपांशु शर्मा ने वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत बजट की सराहना करते हुए इसे विकसित उत्तराखंड के संकल्पों को साकार करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी और समावेशी है, जो आत्मनिर्भर उत्तराखंड के निर्माण का रोडमैप प्रस्तुत करता है। दीपांशु शर्मा ने कहा कि यह बजट गरीब कल्याण, किसानों के उत्थान, मातृशक्ति के सम्मान और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया है। ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र में यह बजट अहम बदलाव लाने वाला साबित होगा और स्वर्णिम उत्तराखंड के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के उत्थान के लिए संकल्पित है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को जनहितैषी और विकासवादी बजट के लिए बधाई दी।

### इंसपिरेशन कॉलेज में रक्तदान शिविर आज

**हल्द्वानी।** आयकर विभाग हल्द्वानी की ओर से कल यानि आज शुक्रवार को इंसपिरेशन कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के प्रचार-प्रसार के लिए आयकर भवन के सभागार में बैठक हुई। जिसमें प्रधान आयकर आयुक्त नरेंद्र सिंह जंगपांगी ने इस संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा आईएमए हल्द्वानी के सचिव डा. प्रदीप पांडे, सिटी ब्लड बैंक हल्द्वानी के तकनीकी अधिकारी प्रकाश सिंह मेहता, रेड क्रॉस सोसायटी हल्द्वानी के अध्यक्ष नवनीत सिंह राणा मौजूद रहे। प्रधान आयकर आयुक्त ने सभी से इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर डा. प्रदीप पांडे ने रक्तदान के लाभों पर प्रकाश डाला और समाज में इसकी आवश्यकता पर जोर दिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### आज कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**हल्द्वानी।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एडवोकेट संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हल्द्वानी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने बताया कि इस मुद्दे पर हल्द्वानी, नैनीताल और रामनगर बार एसोसिएशन की ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें संशोधन पर गहन चर्चा की गई।

## सपनों की उड़ान प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखनमंडी के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों की सपनों की उड़ान कार्यक्रम का आयोजन संकुल कुंवरपुर में आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता दो चरणों में हुई, प्राथमिक स्तर सपनों की दौड़ में प्रीति प्रथम, प्राची द्वितीय व संध्या तृतीय स्थान पर रही। सपनों के चित्र में मीनाक्षी नस पहला, इशिका ने दूसरा व सागर ने तीसरा स्थान हासिल किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में निशा प्रथम, भाविका द्वितीय व कार्तिक तृतीय स्थान पर रहे। कविता पाठ प्रतियोगिता में इशिका प्रथम, हितेश द्वितीय व पलक नेगी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि जूनियर स्तर की प्रतियोगिता में सपनों की दौड़ में हिमानी, यामिनी व हर्षिता, सपनों के चित्र में आयुषी, शीला व मानव, फैंसी ड्रेस में यामिनी, शिफा व अंजलि, कविता पाठ में आयुषी, कुणाल व हर्षिता ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन लाखनमंडी के प्रभारी डिकर सिंह पडियार ने किया। प्रतियोगिता का संचालन करते हुए केंद्र की प्रभारी डिकर सिंह पडियार ने प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से इसमें बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का आह्वान करने के साथ ही इस प्रतियोगिता को छात्र हित में बताते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों में अंतर निहित क्षमताओं को बाहर निकलने का अवसर प्रदान करती है तथा बच्चों की अभिव्यक्ति क्षमता का भी विकास होता है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित होती रहनी चाहिए ताकि सभी बच्चों को अवसर प्रदान हो और छात्र अपने अंदर की प्रतिभा को प्रदर्शित कर अपने अंदर जीवन कौशलों का विकास कर सके। अंत में सभी विजयी प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। न्याय पंचायत स्तर पर जो बच्चे प्रथम स्थान प्राप्त किए है वे ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान सपना महतोलिया, हेमपुरी गोस्वामी, कमल रावत, दीप लता भट्ट, गणेश दत्त सती, सविता टम्टा, गजाल आरा, ममता आर्य, सुमन बिष्ट, निषाद शाहीन, ममता आर्य, चंदन पडियार, रमा उनियाल, कंचन वर्मा, केशव दत्त, ओम प्रकाश, कनक रावत, सविता देवी आदि मौजूद रहे।



### दिवंगत आरक्षी देवेंद्र भंडारी के आश्रित को 1 करोड़ की दुर्घटना बीमा राशि सौंपीं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र डा. योगेंद्र सिंह रावत ने गुरूवार को कैंप कार्यालय हल्द्वानी में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के सौजन्य से दिवंगत आरक्षी देवेंद्र भंडारी के आश्रित को एक करोड़ रुपये की दुर्घटना बीमा राशि सौंपी। आरक्षी देवेंद्र भंडारी जनपद अल्मोड़ा के थाना भतरौजखान में नियुक्त थे और 8 मई 2024 को ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में उनका आकस्मिक निधन हो गया था। बीमा राशि सौंपने के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा, पीएनबी सर्किल हल्द्वानी के डिप्टी सर्किल हेड संजीव पुरोहित, चीफ मैनेजर (मार्केटिंग) साहिल सेठ और मार्केटिंग मैनेजर संजय सिंह खत्री मौजूद रहे।




### पुल की मरम्मत के लिए बीडीओ को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** छतौला गांव में आपदा से क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत की मांग को लेकर गुरूवार को सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चंद्र (जीतू) के नेतृत्व में दर्जनों क्षेत्रवासियों ने खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी को ज्ञापन सौंपा। खंड विकास अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष आई आपदा में छतौला गांव का यह पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा हाल ही में सतौली गांव के पूरन राम की इस क्षतिग्रस्त पुल से गिरकर मौत हो गई। ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र ही पुल की मरम्मत कराने और दिवंगत पूरन राम के परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश चंद्र (जीतू), नीरज आर्या, कपिल देव, राहुल, नवीन, विनीत आर्य, प्रमोद कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## लिटिल फ्लावर स्कूल में हस्तकला प्रदर्शनी

**हल्द्वानी।** लिटिल फ्लावर स्कूल में सभी विषयों पर आधारित हस्तकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं को साकार करते हुए शिक्षकों के निर्देशन और अभिभावकों के सहयोग से शिक्षाप्रद, सुंदर एवं विषय-वस्तु आधारित मॉडल, चित्र एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में ज्वालामुखी, माइक्रोस्कोप, भूकंप अलार्म, चंद्रयान-3, विद्युत सर्किट, राम मंदिर, हृदय, किडनी, सिंचाई उपकरण, ऋतुएं, राष्ट्रीय चिन्ह, जीवन-चक्र, वॉटर सर्कल, एटीएम मशीन, कंप्यूटर, शरीर-तंत्र और वर्णमाला जैसे विषयों पर वेस्ट मैटेरियल से निर्मित रचनात्मक कृतियों का प्रदर्शन किया गया। यह आयोजन कक्षावार प्रतियोगिता के रूप में संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किए। प्रतियोगिता में नर्सरी के आरूष प्रथम, आयुष द्वितीय और वंश ने तृतीय, एलकेजी के आयुष ने प्रथम, धृति ने द्वितीय और इंद्रदेव तृतीय, यूकेजी के गर्वित प्रथम, काव्या द्वितीय और जतिन तृतीय, कक्षा 1 के कार्तिकेय पाठक प्रथम, मयंक द्वितीय और प्रतीक तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह से कक्षा 2 की प्रिया प्रथम, रिया द्वितीय, और खुशाल तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 3 की माही पलड़िया प्रथम, निहारिका द्वितीय, और चार्वी तृतीय, कक्षा 4 की माही महतोलिया प्रथम, महिमा जोशी द्वितीय और काव्या तृतीय, कक्षा 5 की जीविका प्रथम, आदित्य द्वितीय और कार्तिक तृतीय, कक्षा 6 के कुनाल ने प्रथम, मानव द्वितीय और अंकिता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com
UJVNL

पत्रांक-132 **निविदा सूचना** दिनांक- 20/02/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद-प्रथम), यूजेवीएन लिमिटेड, श्रीकोट-श्रीनगर, गढ़वाल इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदाये आमन्त्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः-

**निविदा सं0 : 13/अ.अ(जानपद-प्रथम)/श्रीकोट/सी.एस.आर./2024-25**
**कार्य का नामः** जनपद-रूद्रप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत 15 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विधालयों में प्रोजेक्टर उपलब्ध एवं स्थापन कराने का कार्य।
**अनुमानित लागत** : रू0 5.60 लाख (जीएसटी सहित)
**बेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता तिथि** : 20.02.2025 को 17:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** : 17.03.2025 को 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया निगम की बेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-प्रथम)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# चैंपियंस ट्रॉफी: भारत का जीत से आगाज



## बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया, गिल का शतक, रोहित शर्मा ने वनडे करियर में 11 हजार रन पूरे किए, शमी को 5 विकेट मिले

**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत भारत ने जीत के साथ की है। दुबई में गुरुवार को टीम ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 228 रन बनाए। भारत ने 46.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत के लिए शुभमन गिल ने सेंचुरी लगाई। आईसीसी टूर्नामेंट में यह उनका पहला ही शतक है। रोहित शर्मा ने 41, केएल राहुल ने 38 और विराट कोहली ने 22 रन बनाए। मोहम्मद शमी ने 5, हर्षित राणा ने 3 और अक्षर पटेल ने 2 विकेट लिए। बांग्लादेश से तौहीद हृदोय ने शतक लगाया। 46वें ओवर की दूसरी गेंद पर शुभमन गिल ने सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने 8वीं वनडे सेंचुरी भी पूरी कर ली।

शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले वनडे में भी शतक लगाया था। वे पिछले 4 वनडे में 4 फिफ्टी प्लस स्कोर बना चुके हैं। शुभमन अपना दूसरा ही आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे हैं। उन्होंने इनमें पहला ही शतक लगाया। इससे पहले 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में वे सेंचुरी नहीं लगा सके थे। 43वें ओवर में भारत ने अपनी डबल सेंचुरी पूरी कर ली। शुभमन गिल ने तंजिम हसन साकिब के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचा दिया। शुभमन के साथ केएल राहुल भी पिच पर मौजूद रहे। दूसरे पावरप्ले में भारत ने महज 120 रन बनाए और 3 विकेट भी गंवा दिए। हालांकि, ये रन टीम को जीत के करीब पहुंचाने के लिए काफी रहे। मिडिल ओवर्स में विराट कोहली 22, अक्षर पटेल 8 और श्रेयस अय्यर 15 रन बनाकर आउट हुए। 37वें ओवर में केएल राहुल को जीवनदान मिला। तस्कीन अहमद के इस ओवर में जाकिर अली से राहुल का कैच ड्रॉप हो गया। राहुल लेंथ बाल पर बड़ा शॉट खेलना चाहते थे। बाल स्क्वेयर लेग पर खड़े जाकिर अली के पास गई, लेकिन जाकिर कैच नहीं कर सके। 32वें ओवर में भारतीय टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया है।

तंजीम हसन साकिब की आखिरी बाल पर गिल ने एक रन लेकर टीम को 150 का आंकड़ा पार कराया। 31वें ओवर में भारत ने चौथा विकेट गंवाया। यहां अक्षर पटेल 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें रिशाद हुसैन ने काट एंड बोल्ड किया। 28वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां श्रेयस अय्यर 15 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मुस्तफिजुर रहमान ने नजमुल हसन शांतो के हाथों कैच कराया। शुभमन गिल ने फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने लगातार चौथे वनडे में अर्धशतक जमाया है। गिल ने 25वां ओवर डाल रहे रिशाद हुसैन के ओवर की आखिरी बाल पर एक रन लेकर हाफ सेंचुरी पूरी की। 23वें ओवर में भारत ने दूसरा विकेट गंवा दिया है।

# जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगी आरसीबी

## हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली मुंबई इंडियंस से होगा सामना





**बेंगलुरू।** स्मृति मंधाना की अगुआई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। गत चैंपियन आरसीबी ने अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने दोनों मुकाबले जीते हैं।

आरसीबी की नजरें अब मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने पर टिकी होगी। आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के मौजूदा सत्र के पहले मैच में गुजरात जॉएंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच

**■ गत चैंपियन आरसीबी ने अब तक इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन कर दोनों मैच जीते है**

नहीं जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है। इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। आरसीबी की तरफ से मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ;चा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबा.

जी विभाग क ा े ले कर थ ा े ड ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़

बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत

कौर की अगुम्ई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिब( होगी।

### -दोनों टीमें इस प्रकार हैं-

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्ख्र ति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनद. ीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसोदिया, क्लो ट्राइटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

खेल विशेष

## रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल 5वें दिन मुंबई को 323 रन चाहिए

**अहमदाबाद/नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन मुंबई के खिलाफ विदर्भ ने मजबूत पकड़ बना ली है। टीम ने 406 रन का टारगेट दिया। जिसके जवाब में मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। टीम को आखिरी दिन 323 रन की जरूरत है। दूसरा सेमीफाइनल केरल और गुजरात के बीच खेला जा रहा है। पहली पारी में केरल ने 457 रन बनाए। गुजरात ने 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए। टीम 28 रन पीछे हैं। मुंबई अे विदर्भ नागपुर के वीसीए स्टेडियम में विदर्भ ने बैटिंग चुनी। पहली पारी में विदर्भ ने 383 और मुंबई ने 270 रन बनाए। दूसरी पारी में विदर्भ ने 292 रन बनाए, पहली पारी की बढ़त के आधार पर उन्होंने 406 रन का टारगेट दिया। विदर्भ से यश राठौड़ ने 151 और अक्षय वाडकर ने 52 रन बनाए। मुंबई से शम्स मुलानी ने 6 और तनुष कोटियान ने 3 विकेट लिए। 1 विकेट शार्दूल ठाकुर को भी मिला। रहाणे 12 रन बनाकर आउट मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। आयुष म्हात्रे 18, सिद्धेश लाड 2 और कप्तान अजिंक्य रहाणे 12 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे 12 और आकाश आनंद 27 रन बनाकर नॉटआउट रहे। विदर्भ से हर्ष दुबे ने 2 और पार्थ रेखडे ने 1 विकेट लिया। सेमीफाइनल-2प्रतिशत गुजरात अे केरल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केरल ने बैटिंग चुनी। टीम ने 187 ओवर बैलटग की और 457 रन बना दिए। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 177 रन बनाए। सलमान निजार ने 52 और कप्तान सचिन बेबी ने 69 रन बनाए। गुजरात से अर्जन नागवा. सवाला ने 3 और चिंतन गाजा ने 2 विकेट लिए। गुजरात ने स्टंप्स तक 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए हैं। टीम से प्रियांक पांचाल ने 148 और आर्या देसाई ने 73 रन बनाए। मिडिल ऑर्डर में 3 बैटर्स ने 30 प्लस रन बनाए।

# भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे फखर



● न्यूजीलैंड के साथ हुए पहले मैच में हुए थे चोटिल इमाम-उल-हक टीम में शामिल हुए

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी ओपनर फखर जमान चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह इमाम उल हक को टीम में शामिल किया गया है। जमान को न्यूजीलैंड के खिलाफ कराची में खेले गए पहले लीग मैच में फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी।

न्यूजीलैंड की पारी के पहले ओवर में फखर जमान चोटिल हो गए थे। विल यंग ने शाहीन के ओवर की दूसरी बॉल को कवर्स की ओर खेला था। फखर चौका रोकने में कामयाब रहे, लेकिन डाइव लगाते समय अपने घुटने को चोटिल कर बैठे। उसके बाद वह लड़खड़ाते हुए खड़े हुए और मैदान से बाहर चले गए। उनकी जगह कामरान गुलाम ने फील्डिंग की। बैटिंग करने भी चौथे नंबर पर आए जमान फखर चोट की वजह से बैटिंग करने भी ओपनिंग की जगह 4 नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। उन्हें विकेटों के बीच दौड़ने में भी परेशानी हो रही थी। उन्होंने 41 गेंदों पर 24 रन बनाए। इस पारी के दौरान उन्हें दो बार चिकित्सा की आवश्यकता पड़ी। 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में खेले थे 114 रन की पारी फखर 2023 वर्ल्ड कप के बाद से कोई वनडे मैच नहीं खेला है। वह 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत के खिलाफ 114 रन की पारी खेल कर पाकिस्तान को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। सैम अयूब पहले ही हो चुके हैं चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर पाकिस्तान को फखर के बाहर होने से काफी नुकसान हो सकता है। पाकिस्तान को अपना दूसरा लीग मैच 23 फरवरी को भारत के खिलाफ दुबई में खेलना है।

## चोटिल पेनफोल्ड श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हुई बाहर

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की महिला टीम की तेज गें. दबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की चोट के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गई हैं। 23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में खेलते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद उनकी सर्जरी हुई थी। चिकित्सकों के अनुसार उनकी चोट को ठीक होने में 12 सप्ताह तक का समय लग सकता है।

# डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया : संजय मांजरेकर

**डिविलियर्स ने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ फाइनल खेला, पर दोनों हारे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरे. कर अपने विवादित बयानों के कारण चर्चओं में बने रहते हैं। अब उन्होंने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज रहे एबी डिविलियर्स ने आईपीएल में गलत टीम से खेला था।

एबीडी ने शुरुआत में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में तीन सत्र खेले थे। वहीं 2011 की आईपीएल मेगा ऑक्शन में वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में शामिल हुए और 2021 में अपने करियर को अलविदा कहने तक उसकी ओर से ही खेलते रहे। एबीडी ने 184 आईपीएल मैचों में 5162 रन बनाए लेकिन कभी टीम को आईपीएल खिताब नहीं जिता पाये। उन्होंने 2011 और 2016 में आरसीबी के साथ आईपीएल फाइनल खेला पर दोनों बार टीम हार गयी। 14 साल के अपने आईपीएल करियर में खिताब न जीतने के बावजूद एबीडी आईपीएल में खेलने वाले सबसे बड़े क्रिकेटरों में से एक हैं। मांजरेकर के अनुसार डिविलियर्स का आरसीबी ने सही तरीके से उपयोग नहीं किया। मांजरकेर का कहना है कि डिविलियर्स को टॉप आर्डर में आना चाहिए था और उन्होंने यह भी कहा कि एबी ने गलत फेंचाइजी के लिए खेला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु तीन बार ट्रॉफी के करीब पहुंची, 2009, 2011 और 2016 में, लेकिन वे फाइनल में हार गए। ट्रॉफी के सूखे के बावजूद,आरसीबी अतीत में कई महान बल्लेबाजों का घर रहा है जो मैच विनर से कम नहीं हैं। चाहे वह केएल राहुल हो, वॉटसन हो, क्रिस गेल हो, ब्रेंडन मैकुलम हो या एबीडी, आरसीबी ने हमेशा अपने रैंकों में आक्रामक बल्लेबाजों की विलासिता का आनंद लिया है।

# वनडे में लगातार 11वां टॉस हारा भारत

## ● नीदरलैंड के इस अनचाहे रिकॉर्ड की बराबरी की



**दुबई, वार्ता।** चैंपियंस ट्रॉफी में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मैच से भारत के अभियान की शुरुआत हो गई। ग्रुप-ए का यह मुकाबला दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है।

इस मैच में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शांतो ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। यह लगातार चौथी बार रहा जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस हारे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीनों मैचों में भी टॉस गंवाया था। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में यह क्रम जारी रहा। हालांकि, इंग्लैंज के खिलाफ टीम इंडिया सीरीज जीतने में कामयाब रही थी। भारत ने 3-0 से इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया था। भारतीय टीम ने वनडे में लगातार 11वां टॉस गंवाया है।

टीम 2023 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के मैच के बाद से कोई टॉस जीत नहीं सकी है। इस दौरान भारतीय टीम 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज, श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में टॉस गंवा चुकी है। इस दौरान भारत ने पिछले 10 वनडे मैचों में से पांच जीते हैं, जबकि चार में हार मिली है। एक मैच टाई रहा है। वनडे में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने के मामले में भारत ने नीदरलैंड की बराबरी की। भारत और नीदरलैंड अब संयुक्त रूप से सबसे आगे है। नीदरलैंड की टीम मार्च 2011 से लेकर अगस्त 2013 तक लगातार 11 वनडे में टॉस हारी थी। वहीं, आईसीसी के नियमित सदस्य देशों में भारत के आंकड़े सबसे ज्यादा हैं। भारतीय कप्तान रोहित ने प्लेइंग-11 में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से कुछ बदलाव किए। वरुण चक्रवर्ती और अर्शदीप सिंह को बाहर किया गया। मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की वापसी हुई है।

## ● मेरठ इन्वेडर्स को हराकर टूर्नामेंट से किया बाहर

**लखनऊ, वार्ता।** एलएलसी टेन 10 में आज से नॉकआउट राउंड की शुरुआत हो चुकी है। सुपर सिक्स के पहले मुकाबले में क्रिकेट का रोमांच चरम पर दिखा। सुपर स्ट्राइकर्स ने मेरठ इन्वेडर्स को डबल सुपर ओवर में हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों ने 10-10 ओवर के बाद 132 रन बनाए थे। इसके बाद पहले सुपर ओवर में भी दोनों टीमों ने एक जैसा स्कोर बनाया। फिर दूसरे सुपर में जाकर नतीजा निकला। सुपर सिक्स राउंड में तीन मैचों से टॉप-तीन टीमें तय होंगी और वे अगले राउंड में पहुंचेंगी। हारने वाली टीम का सफर यहीं समाप्त हो जाएगा।सुपर स्ट्राइकर्स की टीम ने सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ रन बनाए। जवाब में मेरठ की टीम भी आठ रन ही बना सकी और दो विकेट गंवा दिए। इस तरह स्कोर बराबर रहा और मैच दूसरे सुपर ओवर में गया। जिन खिलाड़ियों का पहले सुपर ओवर में इस्तेमाल किया जा चुका था, दूसरे सुपर ओवर में उनका इस्तेमाल नहीं हो सकता था।

## एलएसजी का रुख आईपीएल में आक्रामक रहेगा : जहीर

**नई दिल्ली, वार्ता।** लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) टीम के मेंटर जहीर खान ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपरजायंटस के पास बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं। पिछले साल की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ ने पांच बाएं हाथ के बल्लेबाजों को खरीदा है। इसमें से तीन को अंतिम ग्यारह में जगह मिल सकती है। ऋषभ पंत, निकोलस पूरन और डेविड मिलर शुरुआत में उतरेंगे। साथ ही कहा कि तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के होने से टीम का रुख आक्रामक रहेगा। जहीर के अनुसार इतने बांए हाथ के खिलाड़ी रखना टीम की रणनीति भी हो सकती है। एलएसजी ने इस सत्र के लिए ऋषभ को कप्तान बनाया है। 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स की कप्तानी करने वाले जहीर ने ;षभ को देखा है और उनके साथ काम किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज के अनुसार ऋषभ ऐसे व्यक्ति हैं जो पूरी टीम को प्रेरित कर सकते हैं और क्रिकेट का एक ऐसा ब्रांड स्थापित कर सकते हैं जिसे एलएसजी खेलना चाहता है।

# मोहम्मद शमी ने रचा इतिहास

## ● सबसे तेजी से 200 विकेट लेकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड ●



**दुबई, वार्ता।** वर्ल्ड कप 2023 में अपनी कहर बरपाती गेंदबाजी से विकेटों की झड़ी लगाकर रिकॉर्ड्स बनाने वाले दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है. वर्ल्ड कप के बाद पहला आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे शमी ने चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया के पहले ही मैच में 3 विकेट लेकर वनडे क्रिकेट में अपने 200 शिकार पूरे कर लिए हैं।

इसके साथ ही वो सबसे तेजी से ये उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के इस मुकाबले से पहले शमी को 200 विकेट पूरे करने के लिए 3 शिकार करने की जरूरत थी. अपने 12 साल लंबे करियर में पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी का मुकाबला खेल रहे शमी ने निराश नहीं किया और पहले ही ओवर में विकेट लेकर इस रिकॉर्ड की ओर कदम बढ़ाया। फिर अपने चौथे ओवर में भी शमी ने कमाल किया और बांग्लादेश का तीसरा, जबकि अपना दूसरा विकेट हासिल किया। फिर कुछ देर के इंतजार के बाद शमी ने जाकिर अली को आउट कर न सिर्फ 154 रन की बड़ी साझेदारी को तोड़ा, बल्कि अपने 200 विकेट भी पूरे कर लिए। 2013 में वनडे क्रिकेट में डेब्यू करने वाले शमी ने अपने 104वें मैच 200 विकेट पूरे कर लिए।

# रिजवान ने हार का जिम्मेदार बल्लेबाजों को बताया



**मुम्बई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के पहले ही मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली 60 रनों की करारी हार के लिए अपने बल्लेबाजों और गेंदबाजों को दोष दिया है। इस मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 320 रन बनाये और मेजबानों को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया था जिसका पीछा करते हुए पाक टीम 47.2 ओवर में 260 रन ही बना पायी।

रिजवान के अनुसार मैच में उनकी टीम ने दो बार लय खोई जिस वजह से न्यूजीलैंड को उन पर हावी होने का अवसर दिया। रिजवान ने मैच के बाद कहा कि उन्होंने अच्छा लक्ष्य दिया, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी।

हम 260 के आसपास के स्कोर की उम्मीद कर रहे थे। हमने अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया पर विरोधी टीम ने अच्छा खेला। हम पिच की स्थिति देखते हैं, पहले पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। वहीं जब विल यंग और लेथम ने साथ मिलकर बल्लेबाजी की तो यह आसान हो गया। अंत में हमने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल की तरह ही गलती की और उन्होंने अच्छा लक्ष्य बनाया। 321 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने धीमी शुरुआत दी, उन्होंने इस मैच में 90 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौकों और 1 छक्के की सहायता से केवल 64 रन बनाए। बाबर की इस धीमी पारी की वजह से दूसरे बल्लेबाजों पर दबाव पड़ा जिस वजह से टीम तेजी से बन बनाने के प्रयास में विकेट गंवाती रही। पाक कप्तान ने कहा कि हमें बल्ले से अच्छी शुरुआत नहीं मिली। हमने दो बार लय खोई, एक बार डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते समय और फिर पावरप्ले में बल्लेबाजी करते समय।

## ● विदर्भ ने मुंबई को दिया 407 रनों का लक्ष्य

**नागपुर, वार्ता।** यश राठौड़ (151) की जूझारू शतकीय पारी के दम पर रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के चौथे दिन गुरुवार को विदर्भ ने मुम्बई को जीत के लिए 407 रनों का लक्ष्य दिया। विदर्भ ने कल के चार विकेट पर 147 रन से आगे खेला शुरु किया। आज सुबह शम्स मुलानी ने विदर्भ के कप्तान अक्षय वड़कर (51) को बोल्ड कर मुम्बई को पांचवी सफलता दिलाई। इसके बाद हर्ष दुबे (एक) को तनुष कोटियान ने पगबाधा आउट किया। दर्शन नालकंडे (चार), पार्थ रेखड़े (30), नचिकेत भूटे (एक) रन बनाकर आउट हुए। तनुष कोटियान ने यश राठौड़ (151) को आउटकर विदर्भ की दूसरी पारी का 292 के स्कोर पर सिमट गयी। इसी के साथ विदर्भ की कुल बढ़त 206 रन हो गई। मुम्बई को यह मुकाबला जीतने के लिए 32 ओवर में 407 रन बनाने होंगे। जो नामुमकिन लगता है। मुम्बई की ओर से शम्स मुलानी ने छह विकेट लिए। तनुष कोटियान को तीन विकेट मिले। शार्दुल ठाकुर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले विदर्भ ने पहली पारी में 382 का स्कोर बनाया था।

# जमानत पर छूट कर आए युवक की चाकू से गोदकर हत्या

## बुधवार को घर से निकलने पर लापता था, कूड़े के ढेर में मिला लहू-लुहान शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के झबीरन गांव में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। बुधवार को दौड़ लगाने जाते वक्त लापता हुआ था मृतक कुछ दिन पहले ही हत्या के मामले में जेल से बेल पर आया था। गांव के पास ही कूड़े के ढेर में लहू लुहान हालत में शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पीएम के लिए भिजवाया सूचना पर आल्हा पुलिस अधिकारी भी मौका पर पहुंचे और गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार सुबह के समय कुछ युवक भर्ती की तैयारी को लेकर दौड़ लगाने के लिए श्मशान घाट वाले मार्ग परी दौड़ लगा रहे थे। इसी बीच एक खेत में उनको युवक का शव पड़ा हुआ मिला।

❖कुछ दिन पहले ही हत्या के मामले में जेल से बेल पर आया था मृतक युवक

इसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की पहचान अमित कुमार पुत्र सैंसरपाल उम्र 26 साल के रूप में हुई है। शाम से ही अमित कुमार कही गया हुआ था। उसका शव श्मशान घाट के कूडेदान में मिला है। मौके पर खून भी बिखरा पड़ा है। एसपी देहात शेखर सुयाल मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि हत्या की वजह पता की जा रही है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पहले अमित कुमार किसी ने सूचना दी थी कि उसकी हत्या की सुपारी किसी भैयाजी को दी गई है। अमित किसान है यह भी बताया गया की हत्या के प्रयास के मामले में ही मृतक कुछ दिन पहले जेल से बेल पर छुटकर आमा था। अधिकारियों ने एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है वहीं मामले की गंभीरता से जांच कर आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

# अवैध खनन व ओवरलोड के खिलाफ पुलिस की छापेमारी, तीन वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लक्सर पुलिस ने अवैध खनन एवं ओवरलोड के खिलाफ छापेमारी करते हुए तीन वाहन चालकों के विरुद्ध अवैध खनन ओवरलोड में कार्रवाई की गई उनके वाहनों को भी सीज कर दिया गया। कहा कि उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार अवैध खनन ओवरलोड पर हमारी कार्यवाही जारी है और आगे भी जारी रहेगी।

जानकारी के अनुसार लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अवैध खनन ओवरलोड चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था जिसमें कप्तान एव पुलिस उपाध्यक्ष के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए अलग-अलग जगह से अवैध खनन ओवरलोड में तीन वाहनों को पकड़ कर सीज कर दिया गया उनके चालको पर भी कार्रवाई की गई है।

उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह कांस्टेबल मोहित खन्तवाल अक्षय तोमर शामिल रहे। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार अवैध खनन ओवरलोड पर हमारी कार्यवाही जारी है और आगे भी जारी रहेगी।

# मैथोडिस्ट कॉलेज के एनसस शिविर में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शफीपुर गांव में मैथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज की और से सात दिवसीय एनसस शिविर लगाया गया है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर पायल अग्रवाल के नेतृत्व में शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योगा के साथ हुआ।

योगाचार्य राखी ने छात्राओं को योग के आसन सिखाए । जिसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना की थीम यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी एंड यूथ फॉर माय भारत पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के बढ़ चढ़ कर भाग लिया और सुंदर पोस्टर बनाएं। जिसके बाद बौद्धिक सत्र में आईआईटी रुड़की की आईपीआर चेयर की अधिकारियों द्वारा महिला उद्यमिता एवं नवाचार



पर एक व्याख्यान दिया गया। उन्होंने छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा की भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भारत का नवाचार की दुनिया में अपना स्थान मजबूत करना बहुत आवश्यक है। नवाचार के माध्यम से किए गए उद्यम हमारे देश को एक सशक्त आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित कर सकते हैं। महिलाएं नवाचार के नए-नए आयाम स्थापित कर सकती हैं। और उद्योग धंधों को कॉपी करना थोड़ा मुश्किल होता है इससे आपके बिजनेस को काफी फायदा हो सकता है। आज आवश्यकता है कि हम अपने दिमाग की सुनने एवं देखने की क्षमताएं बढ़ाए।

# भगवानपुर में समाज कल्याण विभाग ने लगाया दिव्यांग कैंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर के खंड विकास कार्यालय में समाज कल्याण विभाग द्वारा एक दिव्यांग कैंप का आयोजन किया गया जिसमें खराब मौसम के चलते भी बड़ी संख्या में दिव्यांग पहुंचे।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी आलोक गार्गी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग जिले के हर ब्लॉक में दिव्यांग शिविर लगा रहा है जिसका लाभ दिव्यागो को मिल रहा है पहले दिव्यागो को जिले के कार्यालय चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा अब समाज कल्याण विभाग के अधि कारी और स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर ब्लॉक कार्यालय।में कैंप लगाकर प्रमाण पत्र भी जारी कर रहे हैं दिव्यागों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा इस कैंप में समाज कल्याण विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी भी



प्रमुखता से दी जा रही है। इस मौके पर सहायक समाज कल्याण अधिकारी विनय सैनी,जितेंद्र शाह और बलकरण ने बताया कि शिविर का लाभ जनता को लगातार मिल रहा है।समाज कल्याण विभाग द्वारा विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन,दिव्यांग पेंशन और किसान पेंशन जैसी काफी योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका लाभ जनता को मिल रहा है आज भी दर्जनों दिव्यागों के प्रमाण पत्र बनवाए गए हैं।इस मौके पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की टीम और स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर्स की टीम भी इस कैंप में शामिल रही।इस मौके पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से प्रबंधक तनवीर आलम, अंजली सैनी,आसिफ,शकील और स्वास्थ्य विभाग से आर्थो डॉ सतीश,डॉ सुब्रत अरोड़ा,डॉ धीरेन्द्र नेगी,सुनील यादव,और विजय शर्मा आदि मुख्य रूप से शामिल रहे

# भूमि संरक्षण अधिकारी ने कर्मचारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** लंढौरा स्थित भूमि एवं कृषि संरक्षण अधिकारी मोहम्मद ताहिर ने अपने कार्यालय में तैनात सात कर्मचारियों से नोटिस देकर जवाब तलब किया है।यह नोटिस उन्हें बिना कारण बताए मंगलवार को अपने कार्यालय में कार्य बहिष्कार और प्रदर्शन करने पर दिया गया है। जिन कर्मचारियों से जवाब तलब किया गया है उनमें सहायक कृषि अधिकारी राजवीर सिंह,अवर सहायक अभियंता अश्वनी कुमार, अवर सहायक अभियंता नवनीत कुमार, प्रधान सहायक सचिन कुमार जोशी मानचित्रक, सहायक लेखाकार कुमारी वर्षा,अनुसेवक सोमप्रकाश, कनिष्ठ सहायक कुमार गौरव शामिल हैं। भूमि संरक्षण अधि



कारी मोहम्मद ताहिर ने बताया कि यह उनके खिलाफ कुछ कर्मचारी बड़ी साजिश रच रहे हैं जिससे विभाग की छवि धूमिल और खराब हो रही है। यह बड़ा षड्यंत्र है जिसकी जांच होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उन्होंने विभाग के आला अधिकारियों को इस बाबत अवगत करा दिया है।उन्होंने कहा कि जब से वह लंढौरा में आए हैं तभी से उनके खिलाफ कुछ कर्मचारी साजिश रच रहे हैं और उनपर झूठे आरोप लगा कर उन्हें बदनाम किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि किसी कर्मचारी को कोई परेशानी थी तो वह उनसे मिल सकता था लेकिन कार्यालय में धरना प्रदर्शन करना बेहद गलत था जिसकी कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी इसलिए सात कर्मचारियों से स्पष्टीकरण देकर जवाब मांगा गया है अगर स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिया तो उस कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल कृषि भूमि संरक्षण अधि कारी के कार्यालय में सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है जिसके चलते किसानों को भी भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है।लंढौरा स्थित कार्यालय के कुछ कर्मचारियो द्वारा मंगलवार को भूमि संरक्षण अधिकारी पर रिश्वत लेकर दबाव में काम करने के गंभीर आरोप लगाए थे सहायक कृषि भूमि संरक्षक अधिकारी राजवीर सिंह ने तो मोहम्मद ताहिर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों का कोई भी काम बिना सुविधा शुल्क के नहीं होता।आज भी भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों नेता मोहम्मद ताहिर से मिले और उन पर लग रहे आरोपों पर विस्तार से चर्चा की।इस दौरान सहायक कृषि भूमि संरक्षण अधिकारी राजवीर सिंह ने मोहम्मद ताहिर पर आरोप लगाया कि मोहम्मद ताहिर भ्रष्टाचार मे लिप्त हैं और विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं में बिना रिश्वत के कोई कार्य नहीं होपाते जिनकी जांच होना बेहद आवश्यक है।इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के बालेंद्र, भूपेंद्र सिंह नारसन खुर्द, राजवीर सिंह कुंवाहेड़ी, मदनपाल सिंह, अमरीश कुमार खेड़ा जट, भाजपा मंडल महामंत्री लंढौरा चरण सिंह शिकारपुर,गोविंद चौधरी आदि किसान मौजूद रहे।

# नर्सिंग विभाग ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** हरिद्वार यूनिवर्सिटी के नर्सिंग विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन और मेंस्टुअल हाइजीन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें सभी महिला फैकल्टी और विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया।

जानकारी के अनुसार इस अवसर पर प्रो-वाइस चांसलर डॉ. रमा भार्गव, वाइस चांसलर डॉ. धरमवीर सिंह और नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. सोनिया शर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गेस्ट लेक्चरर के रूप में डॉ. पूजा मित्तल एमबीबीएस एमडी श ओबीजी डिपार्टमेंट, मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम से विशेष रूप से आमंत्रित थीं। उन्होंने नॉर्मल मेंस्टुएशन की जांच की तकनीक, पीसीओडी और पीसीओएस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न सवाल पूछकर अपने संदेह दूर किए। यह सत्र छात्राओं के लिए अत्यंत सूचनाप्रद और उपयोगी रहा, जिससे उन्हें महिला स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त हुईं। हरिद्वार विश्वविद्यालय रुड़की छात्र-छात्राओं के लिए अनेक उपयोगी कार्यक्रम आगे भी ऐसे ही करता रहेगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से नर्सिंग विभाग के प्रिंसिपल प्रोफेसर सोनिया शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर विनीत पांडे व मानसी मौर्य, डॉ हिमाद्री, आकांक्षा मिश्रा, मिर्लानीनी सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग महिला को सम्मोहित कर लूटे कुंडल

**रुड़की।** एक बुजुर्ग महिला को सम्मोहित कर कुछ ठग उसके आभूषण लेकर फरार हो गए। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी खंगाले हैं और आरोपियों की तलाश में जुटी है। जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी 70 वर्षीय रामवती शर्मा को कुछ लोगों ने अपनी बातों में लगाया और उन्हें अपने झांसे में ले लिया बुजुर्ग का समय खराब होने की बात कही और उनके ऊपर आए संकट को खत्म करने के लिए कुंडल उतारने को कहा महिला ने कुंडल उतारकर दे दिए आरोपी मौके से चंपत हो गए उसके बाद महिला को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ उसके द्वारा सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी आदि खंगाले और आरोपियों की तलाश की। कोतवाली प्रभारी ऐश्वर्य पाल ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा होगा।

# छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध व नशे के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** एक इंस्टीट्यूट इमलीखेड़ा में एसपी देहात शेखर शुयाल और एसओ दिलवर सिंह नेगी ने छात्र छात्राओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा ,यातायात एवम नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साईबर अपराध जैसे अनजान व्यक्ति को अपने पर्सनल डाटा शेयर ना करने की सलाह दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एक इंस्टीट्यूट इमलीखेड़ा में एसपी देहात शेखर शुयाल और एसओ दिलवर सिंह नेगी ने छात्र छात्राओं को साइबर अपराध, के प्रति जागरूक किया। एसपी देहात शेखर सुयाल ,थाना प्रभारी कलियर दिलबर नेगी इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी उमेश कुमार और एसआई हेमदत भारद्वाज ने ब्रस्पतिवार को इमलीखेड़ा स्थित फोनिक्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में नशे के खिलाफ साईबर अपराध रोड सेफ्टी एवं छात्रो को जागरूक कर वर्तमान में बढ़ते हुए साईबर अपराध व नशा पर लगाम लगाने और नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही छात्र छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि साईबर अपराध जैसे अनजान व्यक्ति को अपने पर्सनल




डाटा शेयर ना करना, किसी लॉटरी आदि दिए जाने के झांसे में ना आना , ओएलएक्स पर पड़ी हुई गाड़ियों को बिना सत्यापन के पैसे इत्यादि ट्रांजैक्शन ना करना, किसी आपत्तिजनक पोस्ट/ वीडियो को शेयर ना करना।और अपने खाता संबंधी जानकारी जैसे पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एटीएम कोड आदि अन्य को साझा करने के सम्बंध में जागरूक किया गया।

जागरूकता अभियान में छात्र-छात्राएं स्टाफ शामिल हुए।उन्होंने आश्वासन दिया कि हम वह समाज मे नशे के दुष्प्रभाव व साईबर अपराध के बारे में युवाओं और लोगों को जागरूक करेंगे और प्रचार प्रसार करेंगे।

# पुलिस ने शान्ति भंग करने में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रूडकी पुलिस ने शान्ति भंग करने में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार किया है। दिनाँक 20.02.2025 को नीटु पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी नारसन कला कोतवाली मगलोर जनपद हरिद्वार द्वारा दिनांक 20. 2. 2025 को रात्रि में सड़क सरेआम बस अड्डा रुड़की में आने जाने वाले लोगों के साथ गाली गलौज कर रहा था जिसे समझने का प्रयास किया लेकिन नहीं माना जिसे अंतर्गत धारा 170 ठछै में गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा हैनाम पता अभियुक्त नीटू पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी नारसन कला कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार बताया गया है।

# कोतवाली पुलिस ने 50 किलो गौमांस व स्कूटर सहित किया गरफ्तार, दूसरा फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रूडकी पुलिस के द्वारा 01 अभियुक्त को 50 किलो गौमांस मय एक स्कूटर के साथ किया गिरफ्तार किया एक अभियुक्त फरार हो गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा गोकशी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के आदेश/ निर्देश दिए गए जिसके अनुपालन में कोतवाली रूडकी पुलिस के द्वारा दिनांक 19.02.2025 को मुखबिर की सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम जौरासी के रहने वाला सुलेमान पुत्र सिकन्दर अपने घर मे गौमांस बेच रहा है इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम के द्वारा सुलेमान के घर मे दबिश दी गयी तो सुलेमान उपरोक्त को 50 किलो गोमांस के साथ गिरफ्तार किया गया व गोमांस को स्कूटर से परिवहन किया जा रहा था उसे भी कब्जे पुलिस लिया गया । जिसमे सुलेमान की पत्नी मौके से फरार हो गयी गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उ0नि0 चन्द्रमोहन कोतवाली रूडकी कानि0 विकास त्यागी कोतवाली रूडकी कानि0 अनिल कोतवाली रूडकी कानि0 रंगमोहन कोतवाली रूडकी।

# गाधारोंणा: स्वास्थ्य जांच में 54 लोगों में पाए गए काला पीलिया के लक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गाधारोणा गांव में स्वाथ्य विभाग द्वारा हेपेटाइटिस-सी की जांच को लगाए गए दो दिवसीय शिविर में 75 लोगों की जांच में 54 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। गांव में हडकंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी डेरा डाला हुआ हे। वहीं पीडित लोगों की स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच कर रही है। स्वास्थ्स विभाग के अधिकारी भी लगातार मरीजों पर नजर रखे हुए हैं।

गाधारोणा गांव में काला पीलिया यानी हेपेटाइटिस-सी के 45 मरीजों के सामने आने के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने सीएमओ डाक्टर आर के सिंह के निर्देश पर मंगलवार व बुधवार को गांव में लगाए गए दो दिवसीय कैंप में 75 लोगों की जांच की गई थी। जिनमें पांच बच्चे भी शामिल थे। एसीएमओ डाक्टर अनिल वर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 75 संदिग्धों के ब्लड सैंपल लिए थे। हेपेटाइटिस के संदिग्ध मरीजों के ब्लड सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए थे। वीरवार को आई रिपोर्ट में 54 लोगों में काला पीलिया के लक्षण पाए गए हैं

# राउमावि नन्हेड़ा को मिली दो स्मार्ट क्लास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा को विभाग की ओर से दो स्मार्ट और वर्चुअल क्लास मिली आज दोनों डिजिटल बोर्ड को तकनीकी टीम ने इंस्टॉल किया। विद्यालय की ओर से टीम का स्वागत किया गया और मुख्य शिक्षा अधिकारी के के गुप्ता जी व खंड शिक्षा अधिकारी आकांक्षा राठौर जी का धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ताजीम अली ने कहा कि यह सरकार का स्कूलों को दिया गया सबसे कीमती तोहफा है इससे एक तरफ जहां शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट आएगी वही बच्चों में भी पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। शिक्षक जसमेंद्र कुमार ने बताया कि डिजिटल बोर्ड के माध्यम से हम इंटरनेट पर उपलब्ध ज्ञान को बच्चों के समक्ष पेश कर सकते हैं। जिनका बच्चे भरपूर लाभ उठाएंगे। शिक्षिका श्रीमती रुपाली वशिष्ठ ने स्मार्ट बोर्ड को शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। जो निकट से दूर का रास्ता बताता रहेगा। इस अवसर पर सभी बच्चे मौजूद थे जिनकी खुशी का ठिकाना नहीं था खुशियों की खुशबू




विद्यालय की फिजा में तैर रही थी। आज ही कक्षा 9 की गृह विज्ञान की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें छात्राओं ने कई लजीज पकवान बनाए जिनमे शाही टुकड़ा, शाही पनीर, पनीर पकोड़े, मटर पुलाव, चाट टिक्की, गोलगप्पे, चावल, गाजर का हलवा, सूजी का हलवा, कस्टर्ड, पूरी आदि।इन सब जायकेदार पकवानों का सभी ने खूब लुत्फ उठाया। स्टाफ के सदस्यों में ट्यूटर कंचन नौटियाल एवं वरिष्ठ सहायक अभिषेक राज चंदन भी मौजूद थे।

# कोऑपरेटिव सोसाइटी मुंडा खेड़ा कला में चुनाव अधिकारी पर लगाया धांधली का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र की मुंडा खेड़ा कला कोऑपरेटिव सोसायटी पर चुनाव कराने वाले कर्मचारियों पर चुनावी धांधली का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव सोसाइटी के कर्मचारियों के द्वारा कुछ जो व्यक्ति मौजूद जिंदा है उनको मृतक दिखा दिया गया है और कुछ फर्जी तरीके से वोट बना दिए गए हैं। कुछ किसानों के द्वारा कोऑपरेटिव सोसाइटी मुंडा खेड़ा कला से लेनदेन कर रहे हैं उनके वोट काट दिए गए हैं। उन्होंने कहा हमने यह शिकायत प्रबंधक निर्देशक बहुउद्देशीय किसान सेवा समिति मुंडा खेड़ा कला को पत्र देकर की थी उन्होंने भी मुंडा खेड़ा कला पर कर्मचारी की लापरवाही के लिए एसडीएम को पत्र लिखा है उस पत्र में उन्होंने कहा कि यह चुनाव निरस्त होने योग्य है। उन्होंने कहा कि हमने एक पत्र लक्सर उप जिलाधिकारी को दिया है हमारे पत्र पर लक्सर एसडीएम के द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और ना ही कोई संज्ञान लिया गया उन्होंने कहा अब हम उच्च अधिकारियों का दरवाजा खटखटाएंगे उसके लिए हमें चाहे किसी भी हद तक जाना पड़े जाएंगे

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

## दिल्ली: चुनौतियों का ताज

दिल्ली करीब 27 साल के बाद एक निर्णायक जनादेश के साथ बीजेपी की वापसी हुई है। रेखा गुप्ता की अगुवाई में नई सरकार ने शपथ ले ली है। इस नई बीजेपी सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा जिनमें अपने प्रमुख चुनावी वादों को पूरा करना, पिछली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना, शहर के प्रदूषण और बुनियादी ढांचे की समस्याओं को ठीक करना और यमुना की सफाई शामिल है। भाजपा सरकार को राष्ट्रीय राजधानी की वित्तीय सेहत पर नजर रखते हुए ये सारे काम करने होंगे। अपने गठन के बाद से पहली बार सत्ता से बाहर हुई आम आदमी पार्टी अब विपक्ष में होगी, और भाजपा पर दबाव बनाएगी। भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की शीर्ष प्राथमिकताओं में दिल्ली की महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक मानदेय प्रदान करने के अपने वादे को पूरा करना होगा। यह पार्टी के घोषणापत्र में एक प्रमुख प्रतिबद्धता थी और इसे आप के 2100 रुपये के वादे से आगे निकलने के लिए तैयार किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक फरवरी को द्वारका में एक रैली को संबोधित करते हुए आश्वासन दिया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो पहली कैबिनेट बैठक में राशि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया जाएगा। आप ने मानदेय का भुगतान करने की भाजपा की प्रतिबद्धता पर संदेह जताया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने इस शुक्रवार को कहा कि वह नई सरकार को जवाबदेह ठहराएंगी। भाजपा के लिए एक और बड़ी चुनौती आप सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखना होगा, जिसमें 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी का कनेक्शन और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा आदि शामिल हैं। जबकि भाजपा ने मतदाताओं को आश्वासन दिया है कि ये लाभ बंद नहीं किए जाएंगे, आप नेताओं ने पार्टी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर सवाल उठाए हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदाताओं को भरोसा दिलाया था कि मुफ्त योजनाएं जारी रहेंगी लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में 'भ्रष्टाचार' को खत्म किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में अपने प्रमुख कार्यक्रमों को भी लागू करना है। भाजपा ने दिल्ली में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करने का वादा किया था और यह चुनावी मुद्दा बन गया था। भाजपा ने दिल्ली के सभी 'मोहल्ला क्लीनिक' में सुधार करने का भी संकल्प लिया है और इनके कामकाज में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। राजौरी गार्डन से भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 'मोहल्ला क्लीनिक' को 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' के रूप में पुनः पेश किया जाएगा और इनमें बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। भाजपा के अभियान के दौरान यमुना की सफाई एक बड़ा मुद्दा था। भाजपा ने एक दशक लंबे शासन में नदी की सफाई में विफल रहने के लिए आप को घेरा, जबकि केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार नदी को 'जहरीले अमोनिया' से प्रदूषित कर रही है। दिल्ली में पांच फरवरी को हुए चुनाव में जीत के बाद भाजपा के विजय उत्सव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने नदी की सफाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रशासन ने दिल्ली में यमुना के 57 किलोमीटर लंबे हिस्से में सफाई अभियान के लिए कचरा निकालने वाली मशीनें, खरपतवार निकालने वाली मशीनें और ड्रेजर तैनात करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा, भाजपा सरकार पर दिल्ली की खराब होती सड़कों और सीवेज व्यवस्था को सुधारने का दबाव होगा। खराब बुनियादी ढांचा मतदाताओं की एक बड़ी चिंता थी और इन मुद्दों का समाधान करना सरकार की विश्वसनीयता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रदूषण दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंताओं में से एक है, क्योंकि यह वैश्विक स्तर पर सबसे प्रदूषित राजधानियों में से एक है। भाजपा सरकार पर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को अद्यतन करने सहित एक प्रभावी प्रदूषण नियंत्रण रणनीति को लागू करने का दबाव होगा, जिसे आप 2020 में लागू होने के बाद संशोधित करने में विफल रही।

## देश का हर दलित आंबेडकर



कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बृहस्पतिवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे जहां पर उन्होंने दलित छात्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि दलितों के साथ जो हजारों साल में अन्याय और भेदभाव हुआ है डॉ. आंबेडकर ने वो ध्यान में रखकर संविधान बनाया है। देश की हजारों साल की संस्कृति और महापुरुषों के विचार देश के संविधान में हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर के विचार समाज से आए हैं। देश का हर दलित आंबेडकर है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से दलितों को शक्ति दी है। उन्होंने कहा कि आज देश में संविधान की आवाज को दबाया जा रहा है। देश में दलितों की आबादी 15 प्रतिशत है लेकिन इसके अनुपात में देश की टॉप कंपनियों के मालिक और सीइओ दलित समाज से नहीं हैं।

**राहुल गांधी**
**लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# ओडिशा में नेपाली छात्रा की मौत

## भारत नेपाल संबंधों में खटास का एक और कारण न बन जाए...



यशोदा श्रीवास्तव


ओडिशा में मृत नेपाली छात्रा के शव के अंतिम संस्कार में उमड़े जनसैलाब और भारत के प्रति उसके गुस्से को देख ऐसी आशंका है कि नेपाल में भारत विरोधी बयार और तेज होगी। माना कि सभी नेपाली नागरिक और सभी राजनीतिक दल भारत से नफरत का भाव नहीं रखते लेकिन पहाड़ की बहुतायत जनसंख्या भारत के विरोध में रहती है। चूंकि नेपाल के मौजूदा पीएम केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोध की है, इसलिए उनके दल एमाले के समर्थकों को भारत विरोधी माना जाता है। भारत सीमा से सटे बुटवल और भैरहवा तक में ऐसी प्रतिक्रिया देखी गई। सत्तारूढ़ दल एमाले के युवा और छात्र संगठन इस मुद्दे को भारत विरोध का बड़ा मुद्दा बनाने के प्रयास में हैं। नेपाल की छात्रा के साथ ओडिशा में घटित घटना के आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है लेकिन शिक्षण संस्थान जिसमें वह छात्रा पढ़ रही थी, के प्रशासन द्वारा उसी संस्थान में पढ़ रहे करीब 500 नेपाली छात्रों के साथ किया गए बर्ताव से नेपाल सरकार भारत मे शिक्षा ले रहे अपने छात्रों के प्रति चिंतित है। भारत सरकार को भी इस बात की चिंता करनी चाहिए कि प्रतिक्रिया स्वरूप नेपाल के मेडिकल कालेजों में पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्र-छात्राओं के साथ कुछ ऐसा न हो।

बता दें की ओडिशा में कलिंगा इंस्टीटयूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली नेपाल के बुटवल की छात्रा प्रकृति लमसाल की बीते रविवार की हास्टल के उसके कमरे मे रहस्यमय मौत हो गई। इस संस्थान में नेपाल के तकरीबन 500 और छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। प्रकृति लमसाल बीटेक तीसरे वर्ष की छात्र थी। उसकी आक्समिक मौत की खबर से वहां पढ़ रहे नेपाली छात्र आक्रोशित हो गए और शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर घटना की निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। विश्वविद्यालय प्रशासन सूझबूझ से काम लेने के बजाय नेपाली छात्रों से हास्टल खाली कराकर उन्हें नेपाल वापस जाने के लिए भूवनेश्वर व कटक रेलवे स्टेशन पर पंहुचा दिया। विश्वविद्यालय के गार्डों ने नेपाली छात्रों के साथ मार पिटाई भी की।

प्राकृतिक लमसाल की मौत के पीछे विश्वविद्यालय प्रशासन ने 'रोमांटिक' कनेक्शन बताया है। आक्रोशित नेपाली छात्रों का कहना है कि प्राकृति को एक भारतीय छात्र लगातार परेशान कर रहा था। इसकी शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन से कई बार की गई लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस बीच प्राकृति और भारतीय छात्र के बीच वार्ता का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसे नेपाल में घर-घर देखा सुना जा रहा है। यह वीडियो नेपाल में भारतियों के प्रति नफरत की आग में घी का काम कर रहा है। ओडिशा के केआईआईटी के डायरेक्टर एक राजनेता हैं अच्युताय नंद सामंत। अच्युतानंद सामंत वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष हैं। उनके हिस्से में ढेर सारी उपाधियां, उपलब्धियां दर्ज है। 2019 से 2024 तक वे ओडिशा के कंधमाल से बीजू जनता दल के संसद सदस्य (लोकसभा) थे। उत्कल विश्व. विद्यालय से रसायन विज्ञान में एम.एस. सी. की डिग्रीधारी सामंत ने भुवनेश्वर के एक कॉलेज में रसायन विज्ञान के व्याख्याता के रूप में अपना करियर शुरू किया। सामंत को कई पुरस्कार मिले और उन्होंने सामा. जिक उद्यमिता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए। अमेरिकन एज फाउंडेशन ने उन्हें दुनिया के शीर्ष 15 सामाजिक उद्यमियों में शामिल किया। सामंत का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भारत के किसी भी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के चांसलर के रूप में दर्ज है। सामंत यूजीसी के दो बार सदस्य भी रहे। मात्र दो कमरे में केआईआईटी की शुरुआत करने वाले अच्युताय नंद सामंत का इतना बड़ा साम्राज्य रहस्यमयी संसार से कम नहीं। प्राकृति की मौत की घटना के बाद जब नेपाली छात्र आक्रोशित हुए तो इस विश्व. विद्यालय प्रशासन का कोई चिंटू दावा कर रहा था कि जितना नेपाल सरकार का बजट है उससे ज्यादा इस विश्वविद्यालय का बजट है। दावा है कि वर्तमान में इस संस्थान में 40 हजार छात्र हैं और 65 देशों का प्रतिनिधित्व है। नेपाल के बुटवल की रहने वाली प्राकृति भी इसी 65 देशों में से एक नेपाल का हिस्सा थी जो इस संस्थान के क्रूर और निर्दयी प्रशासन का शिकार हो गई। बहर हाल इस घटना के विरोध में नेपाल के राजनीतिक दल और छात्र संगठन लगातार आंदोलनरत हैं, यह और उग्र न हो इसे रोकने की जिम्मेदारी दोनों देशों के राजनयिक और उच्च प्रशासन की है। ताकि ऐसा न हो कि यह घटना भारत नेपाल संबंधों में खटास का एक और कारण बन जाए।



## हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ा सकती हैं आपकी ये आदतें



हार्ट हेल्थ

### इन बातों का रखें खास ख्याल...

**दुनियाभर** में हृदय रोग मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक रहे हैं। आंकड़ों की मानें, तो हर साल हार्ट अटैक की वजह से लाखों लोगों की मौत हो जाती है। कुछ दशकों पहले तक हृदय की समस्याओं को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी के रूप में देखा जाता था। हालांकि अब तो कम उम्र के लोग भी हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। वहीं हृदय की समस्याएं किन वजहों से होती है, इस पर नजर डालें तो पता चलता है कि लोगों की अनहेल्दी लाइफस्टाइल जैसे व्यायाम की कमी, दिनभर बैठे रहना, धूम्रपान की आदत और डाइट पर ध्यान न देना हार्ट अटैक का कारण बन सकती है।

दरअसल, जिन लोगों को शुगर, ब्लड प्रेशर या कोलेस्ट्रॉल लेवल अक्सर बढ़ा रहता है। इनमें हार्ट अटैक का जोखिम भी अधिक रहता है। लेकिन इसको लेकर व्यक्ति को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए बताने जा रहे हैं कि वह क्या कारण हैं, जो हार्ट अटैक के जोखिम को बढ़ाते हैं और इसको लेकर सावधानी भी बरतनी चाहिए।

### हार्ट अटैक...

बता दें कि दिल का दौरा तब पड़ता है, जब हृदय में रक्त प्रवाह कम या फिर पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है। आमतौर पर यह रुकावट हृदय की धमनियों में फैट, कोलेस्ट्रॉल और अन्य पदार्थों में जमाव के कारण होती है और इस जमाव को प्लाक भी कहा जाता है। अगर आपको सीने में दर्द, जकड़न या दबाव महसूस हो रहा हो। साथ ही यह दर्द पीठ, कंधे, हाथ, गर्दन और जबड़े तक फैल जाए, तो यह हार्ट अटैक के लक्षण हो सकते हैं।

### नींद तो नहीं है समस्या...

कई बार नींद न आने पर या नींद पूरी न होने की स्थिति शारीरिक और मान. सिक स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक माना जाता है। लेकिन अगर यह समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, तो हार्ट अटैक का कारण भी बन सकती है। आमतौर पर जो लोग रात में 6 घंटे से कम की नींद लेते हैं, उनमें दिल का दौरा पड़ने की आशंका अधिक रहती है, जोकि 6-8 घंटे की नींद लेते हैं। दरअसल, अनिद्रा या स्लीप एप्निया जैसी नींद संबंधी बीमारी शरीर में सूजन और रक्तचाप की समस्या बढ़ाने लगती हैं। वहीं इससे हार्मोन संतुलन बिगड़ने का भी खतरा रहता है। यह सभी बीमारियां दिल पर दबाव डालकर हार्ट अटैक को ट्रिगर करने वाली हो सकती है।

### ठंड के मौसम में बरतें सावधानी

ठंड का मौसम आपके हृदय स्वास्थ्य पर भी सीधा असर डालता है। इस मौसम में हृदय रोग के शिकार लोगों के लिए कई तरह की दिक्कतें बढ़ाने वाला हो सकता है। सर्दी की वजह से धमनियां संकरी हो सकती है। f

## समुद्री मकड़ियां खुद को रेत में क्यों दबाती है?

स्रोत फीसर्च

दक्षिणी अंटार्कटिक महासागर के ठंडे पानी में रहना कई जीवों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियों से परिपूर्ण होगा, लेकिन एक प्रकार की समुद्री मकड़ी (छलउचीवद नेजतंसम) के लिए यह जगह बहुत ही आरामदायक है।


लंबी टांग वाली इन समुद्री मकड़ियों की साइज करीब 4 से.मी. होती है। वास्तव में ये मकड़ी होती ही नहीं हैं किंतु उनके जैसी ही दिखती हैं। ये तो पाइनोगोनिडा नामक आर्थ्रोपोड समूह से सम्बंधित हैं। ऐसी ही एक समुद्री मकड़ी है छलउचीवद ने. जतंसम जिसके बारे में काफी बातें अनजानी हैं। इस अकेशरुकी जीव की जीवनशैली कैसी है, ये क्या खाती हैं और इन्हें कौन खाता है, इनका व्यवहार कैसा है वगैरह सवाल अभी भी अनुत्तरित हैं।

इनके बारे में जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से सेंट्रल मिशिगन युनिवर्सिटी के समुद्र जीवविज्ञानी एंड्रयू महोन और उनके साथियों ने इन्हें समुद्र से पकड़ा और प्रयोगशाला के एक छोटे से मछलीघर में रखा।

शोधकर्ताओं ने देखा कि इनमें से एक मकड़ी बहुत धीमे-धीमे रेत खोद रही थी, फिर उसने अपना धड़ रेत में दबा लिया और अपने आठ पैर बाहर ही रहने दिए जो लहरा रहे थे। देखा गया कि ये मकड़ियां ऐसा बार-बार ऐसा कर रहीं थीं। खुद को रेत में दफनातीं, फिर बाहर निकलतीं और वहां से दूसरी जगह चली जातीं।

लेकिन वे ऐसा करती क्यों हैं। एक बैठक में अपने अवलोकन प्रस्तुत करते समय शोधकर्ताओं के सामने इनके इस व्यवहार के कारण को लेकर कुछ अनुमान सामने आए। एक अनुमान था कि संभवतः वे अपने इन उपांगों के माध्यम से 'सांस' लेती होंगी, जैसा कि कुछ अन्य प्रजातियां करती हैं। एक अन्य अनुमान था कि वे रेत के नीचे दबे शिकार तलाशती होंगी, लेकिन इस अनुमान पर तर्क था कि ऐसा होने की संभावना इसलिए नहीं लगती क्योंकि अधिकांश मकड़ियां मांसाहारी होती हैं और वे अपने शिकार को हिलते-डुलते हुए महसूस करना चाहती हैं।

अब बारी थी इन अनुमानों को परखने की और उनके इस व्यवहार के कारण को समझने की। इसके लिए महोन और उनकी टीम ने समुद्री मकड़ियों की आंतों में सूक्ष्मजीवी डीएनए के नमूने लिए और उसे समुद्र के पेंदे के नीचे से लिए गए सूक्ष्मजीवों के नमूने से मिला कर देखा। पाया गया कि आंत के नमूने पेंदे में दफन नमूनों से मेल खा रहे थे। इससे लगता है कि ये जीव पेंदे के नीचे बैक्टीरिया और संभवतः अन्य सड़ने वाले कार्बनिक पदार्थों को खाते होंग



### भाषाओं के संरक्षण के लिए हो गंभीर वैश्विक प्रयास...

# विश्व की सभी भाषाओं का हो सम्मान






योगेश कुमार गोयल


मातृभाषा की मदद से न केवल क्षेत्रीय भाषाओं के बारे में जानने-समझने में सहायता मिलती है बल्कि एक-दूसरे से बातचीत करना भी आसान हो जाता है। यही वजह है कि भाषा की विविधता को विस्तार से जानने के लिए कई देशों ने इस विषय पर मिलकर काम करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत एक क्षेत्र का व्यक्ति किसी दूसरे क्षेत्र के व्यक्ति की मातृभाषा को न केवल जान पाएगा बल्कि उसे सीख भी सकेगा।

मानव जीवन में भाषा महत्व को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति व बौद्धिक विरासत की रक्षा करने, भाषायी तथा सांस्कृतिक विविधता एवं बहुभाषावाद का प्रचार करने और दुनियाभर की विभिन्न मातृभाषाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनके संरक्षण के लिए यूनेस्को द्वारा हर साल 21 फरवरी को वैश्विक स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाता जाता है। यह दिवस भाषाओं का जश्न मनाने का समय है, साथ ही यह भाषाओं की विविधता और बहुभाषिता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने का भी समय है। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाने का एक महत्वपूर्ण कारण बहुभाषिता को बढ़ावा देना भी है। बहुभाषिता एक से अधिक भाषा बोलने की क्षमता है, जो कई मायनों में फायदेमंद हो सकती है। यह लोगों को विभिन्न संस्कृतियों को समझने में मदद कर सकती है और उन्हें बेहतर संचारक भी बना सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस प्रतिवर्ष एक महत्वपूर्ण थीम के साथ मनाया जाता है और इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस के लिए इस वर्ष की थीम है 'भाषाएं मायने रखती हैं' अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का रजत जयंती समारोह'। 2024 में यह दिवस 'बहुभाषी शिक्षा अंतर पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है' विषय के साथ मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2023 की थीम 'बहुभाषी शिक्षा: शिक्षा को बदलने की आवश्यकता' थी। इससे पहले 2022 की थीम 'बहुभाषी शिक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग: चुनौतियां और अवसर' थी जबकि 2021 के मातृभाषा दिवस की थीम थी 'शिक्षा और समाज में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को प्रोत्साहन'। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था।

यूनेस्को द्वारा मातृभाषा दिवस मनाने की घोषणा 17 नवम्बर 1999 को की गई थी और पहली बार वर्ष 2000 में इस दिन को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया गया था। सही मायनों में इस दिवस को मनाए जाने की शुरुआत अपनी मातृभाषा के लिए बांग्ला भाषा बोलने वालों के प्यार के कारण ही हुई थी। 21 फरवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का सुझाव कनाडा में रहने वाले बांग्लादेशी रफीकुल इस्लाम द्वारा दिया गया था, जिन्होंने बांग्ला भाषा आन्दोलन के दौरान ढाका में 1952 में हुई नृशंस हत्याओं को स्मरण करने के लिए यह दिन प्रस्तावित किया था। भाषा के इस बड़े आन्दोलन में शहीद हुए युवाओं की स्मृति में ही यूनेस्को द्वारा वर्ष 1999 में निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष 21 फरवरी को दुनियाभर में मातृभाषा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। विश्वभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भाषा तथा संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और शिक्षा तथा साहित्य से जुड़े लोग विभिन्न भाषाओं को लेकर चर्चा करने के साथ-साथ किसी भी भाषा को सरल व सुगम बनाने के लिए परामर्श भी देते हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक दुनियाभर में बोली जाने वाली करीब सात हजार भाषाओं में से 90 फीसद भाषाएं बोलने वाले लोग एक लाख से भी कम हैं। चिंता की बात यह है कि दुनियाभर में बोली जाने वाली सभी भाषाओं में से अब 40 फीसद से अधिक भाषाएं लुप्तप्राय हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक केवल कुछ सौ भाषाओं को ही शिक्षा प्रणालियों और सार्वजनिक क्षेत्र में जगह मिली है और वैश्विक आबादी के करीब चालीस फीसदी लोगों ने ऐसी भाषा में शिक्षा प्राप्त नहीं की, जिसे वे बोलते अथवा समझते हैं। डिजिटल दुनिया में तो वैश्विक स्तर पर सौ से भी कम भाषाओं का उपयोग किया जाता है। वैश्वीकरण के इस दौर में बेहतर रोजगार के अवसरों के लिए विदेशी भाषा सीखने की होड़ मातृभाषाओं के लुप्त होने के पीछे एक प्रमुख कारण माना जाता है।

लुप्त हो रही भाषाओं के संरक्षण के लिए भारत में 'लुप्तप्राय भाषाओं की सुरक्षा और संरक्षण' योजना भी चलाई जा रही है। यूजीसी देश में उच्च शिक्षा पाठयक्रमों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने तथा 'लुप्तप्राय भाषाओं के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में केन्द्र की स्थापना' योजना के तहत कई केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को सहयोग करता है। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषाओं के विकास पर काफी ध्यान दिया गया है, जिसमें सुझाव दिया गया है कि जहां तक संभव हो, कम से कम पांचवीं कक्षा तक तो शिक्षा का माधयम मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा ही होना चाहिए। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के अनुसार भी शिक्षा का माध्यम, जहां तक व्यावहारिक हो, बच्चे की मातृभाषा ही होनी चाहिए। दरअसल प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने से यह छात्रों को उनकी पसंद के विषय तथा भाषा को सशक्त बनाने में मददगार साबित होगा और यह भारत में बहुभाषी समाज के निर्माण, नई भाषाओं को सीखने की क्षमता इत्यादि में भी मदद करेगा। प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधा के लिए संविधान के अनुच्छेद 350ए में स्पष्ट है कि देश के प्रत्येक राज्य और स्थानीय प्राधिकारी का प्रयास होगा कि वह भाषायी अल्पसंख्यक समूहों के बच्चों को शिक्षा के प्राथमिक चरण में मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करें। बहरहाल, हालांकि आज भारत सहित कई बड़े देशों में भाषा को सरल एवं सुगम बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं तैयार की जा रही हैं और छात्रों को विभिन्न भाषाओं की जानकारी मिल सके, इस उद्देश्य से कई विश्वविद्यालयों में भाषा को लेकर नए कोर्स भी तैयार किए जा रहे हैं लेकिन भाषाओं के संरक्षण के लिए गंभीर वैश्विक प्रयासों की सख्त दरकार है।

**(लेखक 35 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा कुछ चर्चित हिन्दी भाषी पुस्तकों के लेखक हैं)**




# दिल्ली की शहंशाह



देहरादून, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025





# मैं रेखा गुप्ता शपथ लेती हूं...

## रेखा गुप्ता ने दिल्ली की चौथी महिला सीएम के तौर पर ली शपथ

## पीएम मोदी सहित एनडीए के बड़े नेता रहे मौजूद

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ले ली है। वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने रामलीला मैदान में पद की शपथ ली। यह पार्टी के लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि बीजेपी 27 साल बाद राजधानी में सत्ता में वापस लौटी है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं।

### हरियाणा में जन्म

रेखा गुप्ता का जन्म 1974 में हरियाणा के जींद जिले के नंदगढ़ गांव में हुआ था। 1976 में उनका परिवार दिल्ली आ गया, जहां उनकी पूरी शिक्षा हुई। रेखा राजनीति में बचपन से ही रुचि रखने लगीं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र संगठन ABVP से जुड़ गईं।

### छात्रसंघ की अध्यक्ष रहीं

दिल्ली विश्वविद्यालय में वे छात्रसंघ की अध्यक्ष बनीं। इसके बाद उन्होंने भाजपा में विभिन्न पदों पर काम किया। रेखा 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई।

### 2007 में बनीं पार्षद

2007 में रेखा उत्तर पीतमपुरा से पार्षद बनीं। इसके बाद 2007-09 में एमसीडी में महिला कल्याण एवं बाल विकास समिति की 2 साल तक अध्यक्ष रहीं। वह 2009 में दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव रहीं। रेखा गुप्ता को 2010 में भाजपा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य की जिम्मेदारी दी।

### झटपट विधायक झटपट सीएम

रेखा गुप्ता भी केजरीवाल की तरह हरियाणा मूल की हैं और वह भजनलाल शर्मा की तरह पहली बार विधायक बनते ही सीएम बन गईं।

### मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा

दिल्ली की मनोनीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को Z कैटेगरी की सुरक्षा दी गई है। गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली पुलिस ने जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। इसके अलावा रेखा गुप्ता के घर की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। शपथ लेते ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जैड कैटेगरी सुरक्षा मिल जाएगी। इसमें 2 PSO राउंड द क्लॉक और 1 एस्कॉर्ट गाड़ी रहेगी। रेखा गुप्ता के घर पर फ्रंट पर 4 पुलिसकर्मी, बैंक साइड पर 4 पुलिसकर्मी और 2 कमांडो मौजूद रहेंगे।

### सीएम बनने पर कहा...

दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनी गईं रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बड़ी जिम्मेदारी है। पीएम मोदी व बीजेपी हाईकमान का मुझमें विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त करती हूं। मेरी प्राथमिकता उन सभी वादों को पूरा करने की होगी, जो वादे हमारी पार्टी ने किए हैं। दूसरा यह है कि 48 विधायक टीम मोदी की तरह काम करेंगे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री बनूंगी। पिछली आम आदमी पार्टी की भ्रष्ट सरकार को एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा।



**पवन कल्याण और पीएम के बीच मंच पर हुआ संवाद, पीएम मोदी- पवन क्या हिमालय जाने की तैयारी है? पवन कल्याण- नहीं पीएम सर अभी इसमें वक्त है।**



## मंत्रीमंडल में 6 नेताओं ने पाई जगह



प्रवेश वर्मा



आशीष सूद



मनजिंदर सिंह



रविंद्र इन्द्राज



कपिल मिश्रा



पंकज सिंह

# 25000 से अधिक सुरक्षाकर्मी रहे तैनात

**नई दिल्ली।** रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए राष्ट्रीय राजधानी में 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी और अर्द्धसैनिक बलों की 15 से अधिक कंपनियां तैनात की गई थी। पुलिस के मुताबिक, कमांडो, त्वरित प्रतिक्रिया दल, पीसीआर वैन और स्वाट टीमों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया है, जबकि स्नाइपर्स को पास की ऊंची इमारतों पर तैनात किया गया है।

**धीरेंद्र शास्त्री ने भेजीं शुभकामनाएं**

जिन्हें यह पद मिला है, उन्हें शुभकामनाएं। सबसे पहले यमुना नदी साफ होनी चाहिए। रिहायशी इलाकों का कूड़ा साफ होना चाहिए। दिल्ली का कूड़ा जमीन और मन से साफ होना चाहिए। हर दिन हम सुनते हैं कि दिल्ली असुरक्षित है। हम चाहते हैं कि वहां ऐसी सरकार चले कि दिल्ली में लोग डर के साथ नहीं बल्कि भावनाओं में जीएं।

**रेखा गुप्ता और प्रवेश वर्मा ने एक दूसरे को दी बधाई**

रामलीला मैदान में कुछ देर में दिल्ली की नई मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने जा रहा है। इससे पहले रेखा गुप्ता और प्रवेश वर्मा ने एक दूसरे को बधाई दी। प्रवेश वर्मा भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ लेंगे।

**राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने की शिरकत**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी से सांसद स्वाति मालीवाल ने भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की। उन्होंने रेखा गुप्ता को सीएम बनने की बधाई दी।



**कई राज्यों के डिप्टी सीएम पहुंचे रामलीला मैदान**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रज. ेश पाठक और केपी मौर्य, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा और अन्य नेता दिल्ली की मना. ेनीत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रामलीला मैदान पहुंचे।


साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुस्खा।
फोन न0- 9756686426